दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :37
प्रतापगढ़ | सोमवार , 9 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### शीतकाल में चारधाम यात्रा की नई पहल, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड के चार धामों के दर्शन अब श्रद्धालु अब शीतकाल में भी कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने तमामव्यवस्थाएं कर रखी हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकेदारों के गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारों धामों की शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन ही उखीमठ में श्रद्धालुओं की खासी संख्या देखने को मिली, जिससे यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन के साथ अब शीतकालीन यात्रा से श्रद्धालुओं को न केवल चारों धामों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान चारों धामों में दर्शन के लिए अवश्य आएं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार आदि उपस्थित थे।

# सीरिया में 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का खात्मा

**▶▶ असद शासन खत्म, राजधानी दमिश्क पर भी विद्रोहियों का कब्जा,विद्रोहियों ने की नये युग की घोषणा**

**▶▶ विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई**



**दमिश्क, (हि.स.)।** सीरिया में करीब 50 साल के बाथ शासन और 24 साल के बशर अल असद शासन का रविवार को अंत हो गया। विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई। इसके साथ ही 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का भी खात्मा हो गया। राजधानी दमिश्क की सड़कों पर लोग जश्न मना रहे हैं। अपने शासन का अंत करीब देख बशर अल असद पहले ही देश छोड़ कर भाग चुके हैं। सीरियाई सेना ने इसकी पुष्टि की।सीरिया के सार्वजनिक संस्थानों पर कब्जे के साथ विद्रोही गुट ने रविवार को सीरिया के आजाद होने की घोषणा की। जेलों से कैदियों को रिहा करने की घोषणा की गई। इस्लामी चरमपंथी गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएएस) और विद्रोही गठबंधन ने कहा है कि अब नया सीरिया बनेगा, जहां सब शांति से रहेंगे। विद्रोहियों की तरफ से कहा गया कि देश के सार्वजनिक संस्थान %पूर्व प्रधानमंत्री% की देखरेख में रहेंगे, जब तक नई सरकार सत्ता पर काबिज नहीं हो जाती।इससे पहले प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल जलाली ने भी एक रिकॉर्डेड बयान में विद्रोहियों से मिलकर नई सरकार के गठन की बात कही।बशर अल असद ने साल 2000 में अपने पिता हफीज अल-असद के बाद सीरिया की कमान संभाली थी। हफीज अल असद ने 1950-60 के गृहयुद्ध के बाद तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता संभाली थी। पिता हफीज अल असद ने 29 साल शासन किया।

इस तरह साल 1971 के बाद से 2024 तक असद परिवार का सीरिया पर शासन रहा।असद के पिता हफीज अल अस्साद ने बाथ पार्टी बनाई थी और इस पूरे शासनकाल में यही पार्टी सत्ता का प्रतिनिधित्व करती रही। इसलिए दमिश्क पर कब्जे के बाद विद्रोहियों ने बयान जारी कर कहा कि बाथ पार्टी के शासन के 50 सालों के उत्पीड़न और 13 सालों के अपराध, अत्याचार और विस्थापन का सामना कर आज, 8 दिसंबर, 2024 को उस कालयुग का अंत और सीरिया के नए युग की शुरुआत का हम ऐलान करते हैं।2011 में अरब स्प्रिंग के दौरान सीरिया में बशर अल असद शासन के खिलाफ व्यापक विद्रोह भड़का था। लेकिन उस समय सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने वाले असद को रूस और ईरान जैसे सहयोगियों के कारण विद्रोहियों से निबटने में सफलता मिली थी। इस बार विद्रोहियों के सामने उखड़े असद के पांव इस बार केवल 10 दिनों में असद का साम्राज्य ढह गया।

असद शासन की इस कमजोरी के पीछे मौजूदा वैश्विक परिदृश्य है जहां असद शासन का समर्थन करने वाला रूस खुद युक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। जबकि ईरान इजराइल के साथ सैन्य संघर्ष में उलझे होने के कारण असद शासन के समर्थन में मजबूती से खड़ा होने की स्थिति में नहीं था। ईरान के समर्थन वाले हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल के लगातार अभियानों ने उसकी कमर तोड़ कर रख दी है।बशर अल असद सरकार और विद्रोही गुटों के बीच जारी संघर्ष में अब तक पांच लाख से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, सीरिया में गृहयुद्ध के कारण अब तक कम से कम 3,70,000 लोग विस्थापित हुए हैं।असद शासन के अंत के बाद दुनिया भर की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में सीरिया की सत्ता की तस्वीर क्या होगी।

सीरिया में नई सरकार कैसे बनेगी क्योंकि जिन विद्रोही लड़ाकों ने असद शासन का अंत किया है, उनमें शामिल अलग-अलग गुट सत्ता में ज्यादा भागीदारी का दावा करेंगे। इनमें ज्यादातर कट्टरपंथी विचारधारा के हिमायती गुट हैं जो विचारधारा के हिसाब से देश चलाने पर जोर देंगे। इन सभी में शासन और नई सरकार की नीतियों को लेकर एकराय होगी, इसकी संभावना कम ही है।

## सीमाओं पर ड्रोन निरोधी यूनिट स्थापित करेगी मोदी सरकार-गृह मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान शाह ने परेड की समीक्षा की, सलामी ली और वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए। जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने घोषणा की कि मोदी सरकार देश की सीमाओं की सुरक्षा को और भी सशक्त बनाने के लिए जल्द ही सीमाओं पर ड्रोन निरोधी यूनिट स्थापित करेगी।शाह ने कहा, %आने वाले दिनों में ड्रोन का खतरा और भी गंभीर होने वाला है। हम इससे निपटने के लिए पूरे भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रक्षा तथा अनुसंधान संगठनों और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम आने वाले समय में देश के लिए एक बृहद् ड्रोन रोधी इकाई बनाने जा रहे हैं।बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा पर इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 110 ड्रोन का था। हथियार तथा मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए ड्रोन सबसे अधिक पंजाब और कुछ राजस्थान तथा जम्मू में मार गिए या बरामद गए।गृह मंत्री ने कहा, %साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर बीएसएफ ने देश के 'फर्स्ट लाइन ऑफ़ डिफेंस' को मजबूत बनाया है।% उन्होंने आगे कहा, %मोदी सरकार ने संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली बनाई है, इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमा पर लागू किया जाएगा।

## गांवों व किसानों को समृद्ध करना जरूरी - गडकरी



**चंडीगढ़,(हि.स.)।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश की तरक्की के लिए गांवों के किसान-मजदूरों को समृद्ध करना जरूरी है। हमारे देश की उन्नति में 12 से 14 प्रतिशत उन्नति खेतीबाड़ी व सहयोगी इंडस्ट्री से आती है।नितिन गडकरी पंजाब के अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि देशभर से आए हुए प्रतिनिधियों को रविवार संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 से 24 फीसदी ग्रोथ मैन्युफैक्चर और 52 से 54 प्रतिशत ग्रोथ सर्विस सेक्टर से आती थी। स्वाधीनता आंदोलन की शुरूआत में 90 फीसदी आबादी गांवों में रहती थी, लेकिन अब गांवों में लोग नहीं रह रहे हैं। 30 फीसदी आबादी गांवों से निकल कर बड़े शहरों में चली गई है।अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.उदय जोशी की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में नितिन गडकरी ने कहा कि बड़े शहरों में लोग झोपड़-पट्टी में रह रहे हैं। वह मजबूरी में शहरों में गए, क्योंकि वहां अच्छे घर व सुविधाएं नहीं थी। हमारे किसान व मजदूरों की हालत अच्छी नहीं है। अगर आज हमें आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है तो गांव, गरीब, किसान, मजदूर और को ग्रामीण व कृषि एवं जंगल के क्षेत्र को समृद्ध करना होगा।

## आदित्य ठाकरे ने समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई को बताया भाजपा की बी टीम



**मुंबई, एजेंसियॉ।** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने समाजवादी पार्टी के नेता अबू आज़मी पर निशाना साधा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर महाराष्ट्र में %भाजपा की बी टीम% के तौर पर व्यवहार करने का आरोप लगाया। बता दें, आदित्य की प्रतिक्रिया आजमी की एमवीए छोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद आयी है।आदित्य ठाकरे ने कहा, %मैं उन पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन यहां सपा (सपा की महाराष्ट्र इकाई) कभी-कभी भाजपा की बी टीम की तरह व्यवहार करती है। हमारा हिंदुत्व स्पष्ट है।

हमारा हिंदुत्व %हृदय में राम और हाथ को काम% के बारे में है। हमारा हिंदुत्व सभी को साथ लेकर चलता है। बी टीमों को हमें नहीं सिखाना चाहिए, महाराष्ट्र ने देखा है कि उद्धव ठाकरे ने सभी को एक साथ आगे बढ़ाया।आदित्य ठाकरे की टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ÷हमने दो सवाल उठाए हैं। पहला, क्या आप कट्टर हिंदुत्व विचारधारा की ओर बढ़ रहे हैं? दूसरा, हमने पूछा कि आपको वोट किसने दिए? इन बिंदुओं को स्पष्ट किए बिना आदित्य ने ऐसा आरोप लगाया है जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। यह गलत है और हम इस बारे में वरिष्ठ नेताओं से बात करेंगे।आजमी ने शनिवार को खुदको महविकास आघाड़ी से अलग करने की घोषणा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक ट्वीट में लिखा था कि समाजवादी पार्टी को महाराष्ट्र में अकेले चलना गवारा है, लेकिन माविकास अघाड़ी में रहते हुए शिवसेना क्ष्क्ष की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हरगिज़ गवारा नहीं।आज़मी ने पीटीआई को बताया, %शिवसेना (यूबीटी) द्वारा एक अख़बार में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त करने वालों को बधाई देने के लिए एक विज्ञापन दिया गया था। उनके (उद्धव ठाकरे) सहयोगी ने भी मस्जिद के विध्वंस की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया है। हम एमवीए छोड़ रहे हैं। मैं अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं।

# शंभू बार्डर से किसानों ने किया दिल्ली कूच, पुलिस ने रोका

**▶▶ एक दर्जन किसान घायल**
**▶▶ हरियाणा पुलिस ने फूल बरसाने के बाद दागे आंसू गैस के गोले**
**▶▶ एक किसान की हालत गंभीर, पीजीआई रैफर**



**अंबाला(हि.स.)।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने रविवार की दोपहर दिल्ली कूच का प्रयास किया। पुलिस व किसानों के बीच करीब चार घंटे तक जद्दोजहद चलती रही। इस बीच पुलिस द्वारा एयर गन से किसानों की तरफ फूल बरसाए गए। किसानों ने दावा किया कि पुलिस ने चकमा देने के लिए यह सब किया और कुछ ही पलों में फूल बरसाने वाली गन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए। कई घंटे के बाद किसानों ने कूच को टाल दिया और वापस लौट गए।शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने आज दूसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया। किसान जैसे ही आगे बढ़ने लगे तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। इस गफलत के बीच किसानों पर आंसू गैस के गोले बरसने शुरू हो गए। किसानों में भगदड़ मच गई।किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रैफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पंधेर ने कहा कि फूल बरसाकर गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस ने रबड़ की गोलियां चलाई। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अगले कूच का फैसला कल किया जाएगा।

## कोर्ट ने सुखबीर के हमलावर को तीन दिन के लिए फिर रिमांड पर दिया



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले नारायण सिंह चौड़ा को अमृतसर की कोर्ट ने फिर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। पुलिस आरोपित चौड़ा के कुछ हथियार की बरामदगी के लिए उसे उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी ले जाएगी।दरअसल, 4 दिसंबर को दरबार साहिब के गेट पर सेवादार का चोला पहनकर बैठे सुखबीर सिंह बादल पर नारायण सिंह चौड़ा ने फायरिंग कर दी थी। इसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। प्रथम रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद नारायण सिंह चौड़ा को रविवार को अमृतसर की कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट में पुलिस ने आरोपित को 10 दिन के रिमांड की मांगी। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि चौड़ा की तरफ से माना गया है कि कुछ हथियार उन्होंने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में रखे हैं। जिन्हें रिकवर करवाने की जरूरत है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपित को फिर तीन दिन का रिमांड दिया। इस मामले में पुलिस नारायण सिंह चौड़ा के दोनों बेटों जगजीत सिंह बाजवा और बलजिंदर सिंह बाजवा से भी घंटों पूछताछ कर चुकी है।नारायण सिंह चौड़ा के दोनों ही बेटे पेशे से वकील हैं और दोनों उनकी पैरवी कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में थम नहीं रहा ईवीएम विवाद

**▶▶ लोगों ने मतदान किया लेकिन अंत में परिणाम अप्रत्याशित- शरद पवार**



**मुंबई, एजेंसियॉ।** एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने रविवार को महाराष्ट्र में सोलापुर जिले के मारकडवाडी गांव का दौरा किया और ईवीएम विरोधी कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव के दौरे के दौरान उन्होंने जयंत पाटिल सहित अपनी पार्टी के कई नेताओं के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की। ईवीएम विरोधी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, %मैं ग्रामीणों को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि आपने पूरे देश को सही दिशा दिखाई है। आप (ग्रामीण) ही थे जिन्होंने मतपत्रों का उपयोग कर चुनाव कराने के बारे में सोचा था।पवार ने कहा, %हमने ईवीएम के बारे में कुछ आंकड़े एकत्र किये हैं। लोगों ने मतदान किया लेकिन अंत में परिणाम अप्रत्याशित थे। आपने इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाई और इस प्रक्रिया को बदलने की जरूरत है।एनसीपी-एससीपी प्रमुख ने मतपत्रों का उपयोग कर दोबारा चुनाव कराने की मांग करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की।

उन्होंने कहा, %पुलिस ग्रामीणों को उनके गांव में इकट्ठा होने से कैसे रोक सकती है? वे आपके (ग्रामीणों) खिलाफ शिकायत कैसे दर्ज कर सकते हैं? ऐसी सभी शिकायतें एकत्र करें और उन्हें मुझे दें। मैं इस मुद्दे को मुख्यमंत्री, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रधानमंत्री और यहां तक कि भारत के निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाऊंगा।शरद पवार ने सवाल पूछा कि अगर पूरी मतपत्रों पर चुनाव करा सकती है तो हम क्यों नहीं।

उन्होंने कहा, %अमेरिका, इंग्लैंड और कई यूरोपीय देश ईवीएम पर नहीं बल्कि मतपत्रों पर चुनाव करा रहे हैं, जब पूरी दुनिया मतपत्रों पर चुनाव करा रही है, तो हम क्यों नहीं?बता दें, मारकडवाडी वही गांव हैं, जहां के लोग महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों से खुश नहीं है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से दोबारा चुनाव कराने की मांग की थी। आयोग द्वारा मांग नहीं मानी जाने पर गांव ने खुद ही मतपत्रों से मॉक-चुनाव कराने का फैसला किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया था।

पुलिस ने ऐसा करने पर गांव और आस-पास के इलाकों के 200 से अधिक लोगों के खिलाफ अनधिकृत तरीके से मतपत्रों का उपयोग कर पुनर्मतदान कराने की कथित तौर पर कोशिश करने का मुकदमा भी दर्ज किया था। यह गांव मालशिरस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां राकांपा-शरदचंद्र पवार के उम्मीदवार उत्तम जानकर को भाजपा के राम सतपुते को 13,147 मतों से हराया था।

## बांग्लादेश में फिर एक इस्कॉन मंदिर में आगजनी, हिंदुओं पर हमले बढ़े



**ढाका/कोलकाता, (हि.स.)।** बांग्लादेश के ढाका जिले के धौर गांव में शनिवार तड़के अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के एक मंदिर को अज्ञात हमलावरों ने आग के हवाले कर दिया।इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने बताया कि मंदिर की टिन की छत को उठाकर उसमें आग लगाई गई। उन्होंने कहा, ÷आग को जल्दी बुझा दिया गया, लेकिन एक मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई और पर्दे जल गए।÷ वारदात शनिवार की है।वहीं, इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने इस घटना की कड़ी निंदा की और बताया कि धौर गांव में इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को पूरी तरह जला दिया गया। उन्होंने कहा, ÷मंदिर में स्थापित श्री राधा-कृष्ण और श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों सहित वहां रखी सभी चीजें जलकर खाक हो गई।÷दास ने जानकारी दी कि यह घटना सुबह दो से तीन बजे के बीच घटी।

उन्होंने बताया, ÷मंदिर के पीछे की ओर से टिन की छत उठाकर उसमें पेट्रोल या ऑक्टेन डालकर आग लगाई गई।बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद यह स्थिति और तनावपूर्ण हो गई है। चिन्मय कृष्ण दास, जो पहले इस्कॉन बांग्लादेश के सदस्य थे, अब बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोटे संगठन के प्रवक्ता हैं। उन्हें 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था।26 नवंबर को जब उनकी जमानत खारिज की गई, तो चटगांव में उनके समर्थकों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या हो गई।

# राजनाथ की रूस यात्रा में उठेगा एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा

**▶▶ कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत की उम्मीद**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह रूस में निर्मित दो गाइडेड-मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशील को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे।रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च, 2026 में और पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक मिलने की संभावना है। यह दो साल की देरी यूक्रेन से संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। भारत ने दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। तीसरी स्क्वाड्रन को पंजाब में इस तरह से तैनात किया गया है, ताकि पाकिस्तान की सीमा के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी कवर किया जा सके। यह सिस्टम 380 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन के बमवर्षकों, जेट विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकते हैं।रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह 09 दिसंबर को कलिनिनग्राद में भारत को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट %तुशील% सौंपेंगे, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित सेंसर और हथियारों से लैस है। इसके अलावा रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य-तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी, जिसकी सह अध्यक्षता सिंह और उनके समकक्ष एंड्री बेलौसोव 10 दिसंबर को मॉस्को में करेंगे।

बैठक में भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2025 की शुरुआत में भारत की यात्रा पर आने वाले हैं, इसलिए दोनों पक्ष पहले चल रही सैन्य तकनीकी परियोजनाओं के साथ-साथ रणनीतिक हित के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे। 2021 के बाद आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की भी बैठक नहीं होने के कारण भारत रूस पर एस-400 मिसाइल सिस्टम से लेकर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू जेट और टी-90एस मुख्य युद्धक टैंकों तक के हथियार प्रणालियों के लिए उचित रखरखाव सहायता और कलपुर्जों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालना चाहता है। इसलिए एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा।

# योगी सरकार का नई पहल, मरीजों की इंटेंसिव केयर में भी मददगार बनेगा एआई

## महाकुम्भ में तैयार हो रहे अस्पतालों के आईसीयू में पहली बार होगा हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम का उपयोग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार बेहद हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वस्थ महाकुम्भ और डिजिटल महाकुम्भ के सपने को साकार करने के लिए इस बार कई क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में मेला क्षेत्र में बन रहे अस्पतालों के आईसीयू में भी पहली बार हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह एआई मैसेजंग फ्लो सिस्टम देश या विदेश के किसी भी कोने से आने वाले रोगी की बात समझकर डॉक्टर को समझा सकता है। यही नहीं, इसके अलावा आईसीयू में भर्ती

**➪22 रीजनल व 19 इंटरनेशनल लैंग्वेज को समझकर डॉक्टर्स को मरीज की बात समझा सकेगा एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम**

किसी मरीज की हालत खराब होने की स्थिति में यह तत्काल डॉक्टर्स को अलर्ट भेजकर चिकित्सा इंतजाम सुनिश्चित करने की सुविधा प्रदान करेगा। महाकुम्भ में इस तरह की टेक्नोलॉजी का पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सीएम योगी के डिजिटल और स्वस्थ महाकुम्भ के विजन के अनुरूप है।
महाकुम्भ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं की आमद को लेकर मेला

**➪एआई की निगरानी करेंगे तीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, आपात परिस्थितियों में चंद सेकेंड्स में अलर्ट होंगे स्पेशलिस्ट**

क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं से लेकर साधु-संतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 100 बेड के केंद्रीय अस्पताल के साथ ही झूंसी और अरैल समेत पूरे मेला क्षेत्र में 10 और अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ के माध्यम से उत्तर प्रदेश की छवि को विश्व पटल पर आदर्श तरीके से प्रस्तुत करने के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी तमाम नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पहली बार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए एआई का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल के आईसीयू में इसका उपयोग महत्वपूर्ण होगा, जो मरीजों और डॉक्टरों के बीच मीडिएटर की तरह काम करेगा। नोडल चिकित्सा स्थापना, महाकुंभ मेला डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में सेंट्रल हॉस्पिटल के 10 बेड वाले आईसीयू में श्रद्धालुओं को यह सुविधा मिलेगी। यहां भर्ती मरीज के सिरहाने एक स्पेशल माइक लगाया जा रहा है, जो हाईटेक एआई टेक्नोलॉजी से लैस रहेगा। यह 22 रीजनल और 19 इंटरनेशनल लैंग्वेज को पलक झपकते ही हिंदी या अंग्रेजी में ट्रांसलेट कर देगा। इससे डॉक्टर्स और मरीज के बीच भाषाई गैप नहीं होगा और समुचित इलाज की सुविधा प्रदान की जा सकेगी।
उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त पूरे आईसीयू में एआई इनेबल्ड कैमरा भी इंस्टॉल किए जा रहे हैं। यह कैमरा मरीजों की स्थिति पर नजर रखेंगे। इनके माध्यम से तीन वरिष्ठ विशेषज्ञों की टीम आईसीयू की निगरानी कर पाएगी। यही नहीं, यह कैमरा किसी पेशेंट की स्थिति का आंकलन कर यदि उसे तुरंत डॉक्टर की मदद चाहिए, इसे भी रीड कर पाएगा। इस स्थिति को रीड करने के बाद वह तत्काल एक्टिव होगा और एक मैसेज जेनरेट करेगा, जो सीधे टीम लीडर तक पहुंचेगा। इसके बाद चंद सेकेंड्स में उस मरीज को चिकित्सीय मदद मिलने में सुविधा होगी।

# सोनिया गांधी के जन्मदिन पर आयोजित किए जाएंगे ब्लड डोनेशन कैंप

## महानगर कांग्रेस की बैठक में लिया गया फैसला



**प्रयागराज।** आज महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने कांग्रेस के चेयर पर्सन श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर बोलते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी सांसद के जन्मदिवस 9 दिसंबर को सभी जनपदों में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि हम सबकी की प्रेरणास्रोत विनम्र सहज और पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने का भाव रखने वाली सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर रक्तदान से अच्छा कोई दूसरा उपहार हम कांग्रेस जनों के लिए नहीं हो सकता। आज देश में जिस तरह से विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बन गया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। यह लोग इस देश की लोकतांत्रिक और सेकुलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन हम कांग्रेस के लोग प्रतिबद्ध है कि उनके नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे।
इसमें प्रमुख रूप से दिवाकर भारतीय, विनय पांडेय, मानस शुक्ला, इस्तियाक अहमद, श्वेता श्रीवास्तव, मोहम्मद इरफान, संतोषनंद महाराज, राम सुन्दर यादव, अरविन्द पांडेय, रमेश यादव, सौरभ चौधरी, अब्दुल कलाम आज़ाद, शुभम शुक्ला, विशाल सोनकर, राजेंद्र अग्रवाल, अब्दुल सकूर, सत्येंद्र बहादुर सिंह, श्याम जी शुक्ला उपस्थित रहे।

# काव्य कला प्रतियोगिता में कशिश ने मारी बाजी



**करछना(प्रयागराज)।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इण्टर कॉलेज में प्रति शनिवार आयोजित बालसभा कार्यक्रम में काव्यकला प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का हुनर दिखा। छात्रा कशिश पांडेय ने सस्वर हनुमान चालीसा पाठ करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आर्यन झा को दूसरा और सलोनी पांडेय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि चार ग्रुपों के बीच अलग-अलग होने वाली प्रतियोगितायों में एक दूसरे से आगे निकलने की बच्चों में आपसी स्पर्धा उन्हें विषयों की अच्छी तैयारी के लिए प्रेरित करती है।चित्रकला,काव्य कला,भाषण, रंगोली,प्रश्नोत्तरी,क्विज आदि प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में जागृति है।इस दौरान कई छात्र छात्राओं ने स्वरित काव्य भी प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। निर्णायक के रूप में प्रवक्ता मोहम्मद परवेज सिद्दीकी,जगतपाल और मालती शर्मा मौजूद रहे। संचालन शिक्षक डा.के के त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# प्रयागराज में बन रही विश्व की सबसे बड़ी रंगोली

## कराई जाएगी वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज, नगर निगम की तरफ से हो रहा आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में नगर निगम की तरफ से विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बनाने का कार्य शुरू हो गया। इसमें शहर की महिलाओं के साथ बच्चे और कलाकार भी प्रतिभाग करेंगे। विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बनाकर इसको वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन, यूके में दर्ज कराया जाएगा। इसके जरिए नगर निगम प्रयागराज लोगों को स्वच्छता का संदेश देगा। इसकी शुरुआत महापौर गणेश केसरवानी ने किया।
विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बनाकर उसको वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करने के कार्य में शहर की 50 हजार महिलाएं प्रतिभाग कर रही हैं। इसके लिए नगर निगम की तरफ से सभी



तैयारियां की गई हैं।
नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि पूरे विश्व को इसकी झलक दिखाने के लिए और स्वच्छता के मर्म से शहर के प्रत्येक नागरिक को जोड़ने के लिए प्रयागराज नगर निगम की ओर से विश्व की सबसे बड़ी रंगोली बनाई जा रही है।10 दिसम्बर तक इसको पूरा किया जाना है। यमुना क्रिश्चयन इंटर कालेज में हो रहे आयोजन में 55,000 फुट रंगोली का निर्माण कर प्रयागराज का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन, यूके) में दर्ज कराया जाएगा।
कार्यक्रम के दौरान प्रर्दशनी का आयोजन भी किया जा रहा है।स्वच्छ प्रयागराज, स्वच्छ महाकुम्भ के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम रंगोली में महाकुम्भ, स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने वाले संदेश, नगर निगम की तरफ से शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की तस्वीरें उकेरीं जाएंगी। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शुरू किए गए पोर्टल की तस्वीरें भी रंगोली में बनाई जाएंगी । रंगोली बनाने में बायोडिग्रेडेबल पाउडर, प्राकृतिक रंग, फूलों की पंखुड़ियां का उपयोग किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा ।

# सामाजिक सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है केन्द्र- डेज़ी ज़ैदी



**प्रयागराज।** जुबैदा वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर की ओनर डेज़ी ज़ैदी ने एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को कंबल वितरित किए और दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में मिसेज सबीर जो एक कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल रह चुकी हैं उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक कार्यकर्ता असरा नवाज़, फौज़िया और हिफ़्ज़ा जैसे गणमान्य व्यक्ति भी इस मौके पर उपस्थित थे।इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जरूरतमंदों को मदद पहुंचाना और सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।
डेज़ी ज़ैदी ने कहा कि हमारा केंद्र हमेशा से सामाजिक सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और इस पहल की सराहना की।

# रेल मंत्री ने किया झूंसी, फाफामऊ, प्रयाग और प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण

## बोले- बहुत अच्छा काम किया है, आप लोगों को बधाई

**प्रयागराज।** रेलवे के कार्यों का जायजा लेने के लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को प्रयागराज पहुंचे। करीब एक बजे वह झूंसी स्टेशन पहुंचे। यहां पर महाकुंभ के मद्देनजर चल रही तैयारियों के अलावा झूंसी-प्रयागराज शहर के बीच गंगा पर बनाए गए पुल का भी जायजा लिया। उनके साथ रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार सहित तमाम आला अधिकारी मौजूद हैं। रेल मंत्री वाराणसी के रास्ते सीआरबी सतीश कुमार के साथ झूंसी पहुंचे हैं। झूंसी रेलवे स्टेशन का काम देखकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों पीठ थपथपाई, बोले बहुत अच्छा कार्य हुआ है, आप लोगों को बधाई। झूंसी स्टेशन पर रेलमंत्री दोपहर करीब एक बजे पहुंचे। यहां करीब 20 मिनट तक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां पर रेल मंत्री को रेल विकास निगम लिमिटेड



(आरवीएनएल) के महाप्रबंधक ने गंगा पुल से संगम क्षेत्र दिखाने के साथ बताया कि यहीं पर लोग कल्पवास करते हैं। रेल मंत्री ने रेल पुल का जायजा लिया और कार्यों की प्रशंसा की। गंगा पुल के निरीक्षण के बाद रेलमंत्री फाफामऊ स्टेशन पहुंचे। महाकुंभ मेले के लिए रेलवे द्वारा की गई तैयारी का जायजा लेने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव विशेष ट्रेन से पूर्वोत्तर रेलवे के झूंसी रेलवे स्टेशन रविवार की दोपहर पहुंचे। चेयरमैन रेलवे बोर्ड सतीश कुमार के साथ उन्होंने झूंसी में महाकुंभ मेले की तैयारी का जायजा लिया। वहां से रेल मंत्री गंगा पर बने रेल पुल को देखने पहुंचे। गंगा पुल के निरीक्षण के बाद रेल मंत्री फाफामऊ रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। यहां भी महाकुंभ मेले को लेकर किए गए निर्माण कार्यों को देखने के बाद वह सीधे प्रयागराज जंक्शन पहुंच रहे हैं।

# पटरियों पर अतिक्रमण से आवागमन मुश्किल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के चलते लोगों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है । सड़क तक पटरी पर सजी दुकानें व वाहनों के जमावड़े से पैदल चलने वालों को बीच सड़क से आवागमन करना पड़ता है।इससे उन्हें दुर्घटना का शिकार भी होना पड़ता है।यह हाल लेड़ियारी बाजार और उससे जुड़ी प्रमुख सड़कों का है।अतिक्रमण के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है । यमुनानगर की प्रसिद्ध गल्ला मंडी लेडियारी बाजार और आसपास के गांव को जाने वाली सड़क व्यस्त सड़क है। इस सड़क से शुरू होते ही अतिक्रमण भी शुरू हो जाता है । सड़क की दोनों पटरियों पर या दुकानें सजी रहती है। इससे राजगीरों की चलना भी दुश्वार हो गया है। बेतरतीब अतिक्रमण दुर्घटना को भी दावत देता है।क्षेत्र के खीरी, लेड़ियारी , रतेवरा के आसपास के अन्य मुख्य बाजारों की सड़क भी अतिक्रमण की चपेट में है । यहां सड़क पटरी पर तो है।दोनों ओर दुकानें सजी रहती है।कही -कही ठेला भी लगे रहता हैं। इससे आसपास में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि लेड़ियारी बाजार सहित अन्य गांव व बाजार में बालू, गिट्टी व्यवसाई जगह-जगह सड़क तक बालू ,सरिया गिट्टी सड़क तक डंप किए जाने से राहगीरों तथा बाइक सवार अक्सर गिरकर या तो चोटहिल होने से गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। वहीं दूसरी ओर अधिकांश लोगों को मौत का शिकार होना पड़ता है।व्यवसाय करने वाले बीच सड़क के किनारे वाहनों खड़े कर दिए जाने पर आएं दिन दुघर्टनाएं होती रहती है। जिससे आवागमन गांव में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । शाम के समय तो यहां पैदल चलना ही दुश्वार हो जाता है । इसके बाद भी अतिक्रमण हटाने के प्रति प्रशासनिक और स्थानीय लोग गंभीर नहीं है ।

# श्रद्धालुओं की सुखद रेल यात्रा की तैयारियां पूरी- अश्वनी वैष्णव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यात्रियों की यात्रा सुखद हो इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाकुंभ में डेढ़ से दो करोड़ यात्रियों को रेलवे यात्रा कराएगा। यात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है। साथ ही नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। महाकुंभ में रेलवे की ओर से तीन हजार स्पेशल और दस हजार नियमित ट्रेनें चलाई जाएंगी। रविवार को प्रयागराज में रेल मंत्री झूंसी गंगा ब्रिज का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि महाकुंभ के मद्देनजर रेलवे की ओर से ढाई साल से कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें करीब पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। साथ ही निर्माण कार्यों पर तीन हजार सात सौ करोड़ रुपये सुविधाओं पर खर्च किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 554 टिकट काउंटर बनाए गए हैं, ताकि हर पैसेंजर को आसानी से टिकट मिल सके और किसी काउंटर पर ज्यादा भीड़ का दबाव न हो।
रेल मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में तीन रेलवे जोन का भी संगम है। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के कार्यों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए समन्यवय की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर सात से अधिक नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं को रुकने के लिए 23 से ज्यादा होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। स्टेशन के दोनों तरफ यात्रियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। रिंग सर्किट का निर्माण किया गया है। 21 रेलवे फ्लाई ओवर और रेल अंडर पास बनाए गए हैं। झूंसी में गंगा पर बनकर तैयार रेलवे पुल का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

# होलागढ़ के सेवानिवृत पांच होमगार्ड की हुई भावुक विदाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पांच वरिष्ठ होमगार्ड की रविवार को थाना परिसर में सेवा निवृत्ति के उपरांत साथियों ने भावुक विदाई की। कई साथियों ने उनके साथ बिताए पल को याद किया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर सविन तोमर और होमगार्ड के प्लाटून कमांडर शरद तिवारी ने सेवा निवृत होमगार्ड कृष्ण कुमार तिवारी, घनश्याम शुक्ल, श्याम शंकर सिंह, संगम लाल पटवा और सुरेश कुमार यादव को अंगवस्त्र, मिठाई और माला फूल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमला प्रसाद पांडेय, इन्द्र जीत सिंह, दीपक तिवारी सहित कई होमगार्ड मौजूद रहे।

# साहिब श्री गुरु नानक देव जी का 556वें प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा में भक्तों ने टेका माथा

## गुरु का अटूट लंगर पंक्तिबद्ध बैठकर श्रद्धालुओं ने छका

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** गुरुद्वारा नैनी संगत में सिखों के पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश उत्सव रविवार को श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया प्रकाश उत्सव की खुशियां चारों दिशा में छाई रही श्री अखंड पाठ साहिब के समापन के बाद गुरुद्वारा गुरबाणी से सराबोर हो रहा था साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे संगतो का मत्था टेककर आशीर्वाद लेने वालों का सिलसिला बराबर चलता रहाद्य नैनी गुरुद्वारा फूलों से आकर्षक दीवान सजाया गया संगत द्वारा श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव का कई दिनों से आयोजन किया जा रहा था रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया गुरुद्वारे में गुरु नाम की गूंज होती रही गुरु का आशीष सहेजने के लिए लोगों ने



जुड़कर माथा टेका गुरुद्वारे में हाजिरी लगाने व सेवा करने का प्रातः काल से देर रात तक संगत चलती रही साहिब श्री गुरु नानक देव जी के जीवन इतिहास से संगत को अवगत कराते हुए साहिब श्री गुरु नानक देव जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।सरदार पतविंदर सिंह ने संगत को कहा कि जल का संचय करें,जल स्वच्छ रखें,कन्या भ्रूण हत्या न करने,शिक्षा और चिकित्सा का विशेष लंगर लगाने का आह्वान किया जिससे गरीब,मजलूम एवं शोषित पीड़ित समाज का भला हो सके द्य कथा,कीर्तन इतिहास, व्याख्यान,आरती अरदास, हुकमनामा के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया जिसमें सभी संप्रदाय के लोगों ने बिना किसी भेदभाव के एक पंक्ति में बैठकर गुरु का लंगर छका दिन भर विभिन्न जाति व धर्म के लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेक का आशीर्वाद लियाद्य प्रकाश उत्सव में सुरेंद्र सिंह,परमिंदर सिंह बंटी,ज्ञानी जसपाल सिंह,सरदार पतविंदर सिंह,लखविंदर सिंह,राजू चढ़ा, कमल गुलाटी,हरप्रीत कौर, किरण रूपिंदर कौर,हरविंदर कौर,जसप्रीत कौर,लखबीर सिंह,हरजीत सिंह,अमृत कौर, हरलीन कौर,सतनाम सिंह सहित बड़े बच्चे,महिलाएं, बुजुर्ग सभी धर्म संप्रदाय के बड़ी संख्या में सेवादार मौजूद रहे।

# 2027 में उप्र में सपा सरकार बनाने की रणनीति को लेकर हुआ मंथन

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय चौक में समाजवादी पार्टी महानगर की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में हुई।



बैठक में बूथ सेक्टर व विधान सभा क्षेत्र के पदाधिकारियों ने भाग लिया। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को प्रचंड बहुमत हासिल करने के लिए अभी से लग जाने का आह्वान किया गया। वहीं भाजपा की विघटनकारी नीतियों व मन्दिर मस्जिद के नाम पर समाज में वैमनस्य फैलाने का मुंहतोड़ जवाब देने को सपा कार्यकर्ताओं को मूलमंत्र देते हुए सतर्क रहने के साथ आपस में भेद भाव व उंच नीच की खाई पाटने का भी आह्वान किया गया।
बैठक में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रवीन्द्र यादव रवि, सन्दीप यादव, हरी ओम साहू, राजेश कुमार गुप्ता, राम मूरत यादव, संतोष यादव, रवि गुप्ता, भोला पाल, मोहम्मद युसूफ अंसारी, मृत्युंजय पाण्डेय, प्रमोद यादव, मशहद अली खां, पंकज साहू, मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद इमरान यूनुस, मोहम्मद अरशद, जयशंकर (बब्लू रावत), अनुपम ,अंकित कुमार पटेल ताहिर उमर, शशि भूषण पाण्डेय, सैय्यद मोहम्मद हामिद आदि शामिल रहे।

# धान विक्रय में किसानों की समस्या पर भाकियू करेगा संघर्ष - संकल्प सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** किसानों की धान की खरीद में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही की जाती है। तो उसके खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (भानू) लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उक्त बातें किसान यूनियन भानु के जिला महासचिव संकल्प सिंह उर्फ शिब्बू ने एक क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान किसानों से वार्ता मे कही। उन्होंने कहा कि किसान अपनी हाड़ तोड़ कड़ी मेहनत करके जिस प्रकार से अनाज को तैयार करता है । वह अपने आप में चुनौती पूर्ण है। इसके बावजूद यदि किसी भी खरीद केंद्र पर किसानों के उपज को खरीदने



में किसी प्रकार की लापरवाही प्रकाश में आई तो यूनियन लड़ाई लड़कर उस भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने का काम करेगा। कृषि उत्पादन मंडी समिति , पीसीएफ , एफपीओ , हाट शाखा यूपीएसएस ,डीसीएफ , एग्रो, आदि चल रहे हैं।धान खरीद केंद्रों पर किसानों को अपनी धान की उपज ले जाकर क्रय करने को कहा है। यदि किसी अगर सुविधा शुल्क की मांग करता है तो इस संबंध में जानकारी दिया जाए । तथा औने पौने और बिचौलियों के बीच अपनी धान न बेचने को कहा है। इस दौरान ज्ञानचंद , अशोक कुमार , छोटेलाल , विवेक कुमार , शालिनी , गुजराती देवी , नाथूराम , विमलेश कुमार , अनिल कुमार , साहबलाल , सुनील कुमार कुशवाहा , सुशील सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# आशुतोष हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

## 500 मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** आज गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरॉव मे नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आशुतोष हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर प्रा. लि. प्रयागराज द्वारा आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
शिविर में डॉ सिद्धार्थ यादव (एम.एस. ऑर्थो) के नेतृत्व मे हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों के टीम द्वारा निशुल्क ब्लड और यूरिन, ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, एवं



किडनी कार्य जांच हड्डियों की मजबूती के लिए बीएमडी जांच व मुफ्त दवाओं का वितरण हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया.ओरिएंटल इंश्योरेंस व्यवसाय कार्यालय नैनी के वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियो से आग्रह किया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मे पहुंच कर अपनी जांच कराए व शिविर को पूर्ण सफल बनाएन। डॉ सिद्धार्थ यादव (एम.एस. ऑर्थो) जोड़ों के प्रत्यारोपण और घुटना सर्जरी के विशेषज्ञ है। ज्ञातव्य हो कि समय समय पर आशुतोष हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर प्रा. लि.नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर , स्वास्थ्य जागरूकता , हड्डी जांच आदि का आयोजन करता रहता है
इसे कार्यक्रम को सफल बनाने मे डॉ.सिद्धार्थ यादव, डॉ.संजय वर्मा,दयाशंकर पटेल , नीलेश आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मन्दिर परिसर के पेड़ काटने पर लगा जुर्माना

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** थाना मऊआइमा के ऊँचडीह स्थित शिव मन्दिर परिसर में लगे पाकड़ के एक और पीपल के दो छोटे पेड़ काटने की शिकायत पर वन विभाग ने मन्दिर के पुजारी पर 24 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।
ऊँचडीह और मन्दिर कमेटी के लोगों ने चन्दा लगाकर 3 दिसम्बर को क्षेत्रीय वन अधिकारी सोराँव के पास बतौर जुर्माना जमा कर दिया। यह धनराशि पुजारी नंद किशोर मिश्र के नाम से जमा की गयी है। ग्रामवासी राकेश द्विवेदी ने इसकी लिखित शिकायत वन विभाग से की थी।

# ज़ुल्म की जद पर है पैगम्बर की दुख्तर आज भी...

**मजालिसे फातमिया की आखिरी मजलिस इमामबारगाह शाहे वेलायत में हुई आयोजित**



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बे के चमनगंज मोहल्ला स्थित इमामबारगाह शाहे वेलायत में मजालिसे फातमिया की आखिरी मजलिस आयोजित हुई। मजलिस की शुरुआत तेलावत ए कुरआन से हुई। मौलाना ने मजलिस पढ़कर मसायब ए बीबी फातिमा जहरा पढ़ा तो हर आंख नम हो गई। कार्यक्रम आठ बजे शुरू हो कर देर रात तक चला। शनिवार की रात कस्बे के चमनगंज वार्ड स्थित इमामबारगाह शाहे वेलायत में मजालिसे फातमिया की आखिरी मजलिस आयोजित हुई। शुरुआत कुरआन की तेलावत से मोहम्मद जवाद ने की। सोजख्वावानी दानिश जैदी मुजफ्फरपुरी ने की। मजलिस को मौलाना सैयद हसनैन बाकरी लखनऊ ने खेताब करते हुए कहा कि बीबी फातिमा जहरा ने जब अपना हक मांगने दरबारे खेलाफ्त में गई थीं, तो वहां रसूल ए अकरम की बेटी को झुठलाया गया। जिस पर बीबी ने हाकिमे वक्त से अपनी नाराजगी दिखाई थी। बीबी का किरदार हमेशा दुनिया की महिलाओं के लिए एक आदर्श था। बीबी फातिमा जहरा ने अपने हक का मुतालबा करके दुनिया की महिलाओं को यह संदेश दिया है कि वह अपने हक का मुतालबा कर सकती हैं। हक मिले या न मिले। बीबी ने हमे एक बात साफ साफ समझाई है कि कभी भी किसी बातिल ताकतों के आगे झुकना नहीं। हमेशा सच्चाई के साथ डटकर खड़े रहना। मौलाना ने बीबी की शहादत बयान करते हुए कहा कि रसूले अकरम की इकलौती बेटी के ऊपर रसूल की वफात के बाद इतने जुल्म हुए कि बीबी फात्मा जहरा ने नौहा पढ़ा था- बाबा आप की वफात के बाद हम पर इतने मसायब पड़े कि अगर दिन में होते तो रात की तारीकी में बदल जाते। जालिमों ने बीबी के घर को जला दिया। जब बीबी फात्मा ने विरोध किया तो जलता हुआ दरवाजा उनके ऊपर गिरा दिया गया। जिस वजह से उनकी पसलियों में गहरी चोट लगी और कई हड्डियां टूट गई। इतना सुनते ही अजादारों की आखों से आंसू बहने लगे। मौलाना सैयद मोहम्मद जोहैर कैन रिजवी ने ज्यारत पढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन रौशन करारवी ने किया। इस मौके पर आयोजक महशर रिजवी ने आये हुए अजादारों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर एसएम महदी, मो. अकील, शकील रिजवी, मैन रिजवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में घर पर चढ़कर मारपीट, चार लोगों के खिलाफकेस दर्ज

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के पारा हसनपुर गांव में जमीनी विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक के घर पर चढ़कर जमकर मारपीट की। परिजन घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। करारी के पारा हसनपुर गांव की सीमा देवी पत्नी कल्पनाथ दिवाकर ने बताया कि पड़ोसी शिव बालक से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। इसी बात से शिव बालक का परिवार उनके परिवार से खुन्नस रखता है। शुक्रवार को शाम समय करीब नौ बजे सीमा का पति कल्प नाथ दिवाकर शौच क्रिया से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी शिव बालक, राम बालक, बलराम, सुग्गन पुत्रगण सोहन दिवाकर दरवाजे पर चढ करके मां बहन की गालिय देते हुए लाठी डण्डों से मारा पीटा। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

## संदिग्ध दशा में घर के पास अमरूद की बाग में युवक का मिला शव

**घर के लोगों ने रविवार की भोर शव का किया अंतिम संस्कार**

लोकमित्र ब्यूरो

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अंधावा का मजरा बाबा का पूरा गांव में शनिवार की रात एक युवक का संदिग्धदशा में अपने ही घर के पास अमरूद की बाग में शव बरामद हुआ है घटना के दूसरे दिन रविवार की भोर घर के लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना ही आनन फानन गांव में उसका अंतिम संस्कार कर दिया वहीं युवक की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता चौकी अंतर्गत ग्राम सभा अंधावा का मजरा बाबा का पूरा निवासी एक युवक की शनिवार की रात घर के पास अमरूद की बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो घटना के दूसरे दिन भोर में बिना पुलिस को सूचना दिए ही आनन फानन में युवक के शव का गांव में गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया वहीं युवक की मौत को लेकर परिवार जनों का कहना है कि उसकी मौत अचानक तबीयत खराब होने के वजह से हुई है

दूसरी तरफ घटना को लेकर पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं चर्चाओं पर गौर करें तो घटना के पहले युवक पूरी तरह से स्वस्थ दिख रहा था अचानक उसकी मौत कैसे हो गई और परिजनों द्वारा किसी को बिना सूचना दिए ही घटना के दूसरे दिन भोर में युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया बहरहाल युवक की मौत कैसे और किस तरह हुई यह चर्चा पूरे गांव में आम लोगों के बीच बनी हुई है।

## चोरी की बकरी व सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** वादी साबिर अली निवासी नेहरु नगर नया बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना कोखराज पर उपस्थित होकर सूचना दी गयी कि उन्होने 01 व्यक्ति को चोरी करते हुए पकड़ा है। सूचना पर थाना कोखराज पुलिस द्वारा आरोपी साहिल निवासी नेहरु नगर नया बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को चोरी की 01 अदद बकरी व 01 अदद लोहे का जंगला (खिड़की) के साथ हिरासत में लिया गया। बरामद बकरी को वादी की सुपुर्दगी में दिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत करविधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## तेज रफ्तार टैंकर ने वृद्धा को रौदा, हुई मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरछा के टीवीएस चौराहे से 100 मीटर पहले मंझनपुर की तरफसे तेज रफ्तार टैंकर चालक का टैंकर से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे पैदल जा रही है, वृद्धा को टक्कर मारकर रौंद डाला, घटना स्थल पर ही वृद्धा की मौत हो गई, सूचना पर पहुंचे परिजनों ने टैंकर को रुकवा लिया और सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी कोखराज थाना क्षेत्र के वॉर्ड 1 अंबेडकर नगर के रामपुरवा निवासी उर्मिला देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नि स्व छोटे लाल रविवार की शाम 4 बजे पैदल भरवारी दवा लेने जा रही थी, तभी टीवीएस चौराहे से 100 मीटर पहले पिछे से आ रहे टैंकर ने रौंद दिया जहां घटना स्थल पर ही उर्मिला देवी की मौत हो गई। मृतक के तीन लड़के और तीन लड़किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और टैंकर को थाने भिजवा कर मृतक के लड़के शुभम की तहरीर पर विधिक कार्यवाही में जुटी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन, सीएमओ ने किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 8 दिसम्बर 2024 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपरध्उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। डा0 संजय कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शमशाबाद, सेलरहा पश्चिम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पी0एन0यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शहजादपुर का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



गौसपुर का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एच. पी.मणि ने प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र, म्योहर का निरीक्षण किया। डा0 एच0पी0 मणि ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा ध्अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 चिकित्साधिकारी व 112 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1447) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (15) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल (58) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर के बूध का किया उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम पर जिलाधिकारी मधुसूदन हूल्गी द्वारा पोलियो बुध का उद्घाटन किया गया जहां पर उपस्थित पांच वर्ष तक पन्द्रह बच्चों पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशांबी डॉ॰ संजय कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही युनिसेफ डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी सहयोगी संस्थाएं के सदस्य भी उपस्थित रहें।

## कराटे कुमते में जज (बी) एग्जाम पास करने पर न्यायाधीश लोकेश वरुण एडिशनल अपर जिला जज ने किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** लखनऊ चौक स्टेडियम में 6 दिसंबर को रेफरी जज बी एग्जाम का आयोजन उत्तर प्रदेश कराते एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किया गया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से आए एग्जामिनर अनूप जी के द्वारा एग्जाम लिया गया एग्जाम में कौशाम्बी की जाह्नवी शर्मा द्वारा कुमते जज बी का एग्जाम उत्तीर्ण करने पर न्यायाधीश लोकेश वरुण एडिशनल अपर जिला जज ने जाह्नवी शर्मा को कुमते जज बी का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और जाह्नवी शर्मा की उज्जवल भविष्य की कामना की और जाह्नवी शर्मा के प्रशिक्षक अतुल सोनकर को बधाई दी।

उत्तर प्रदेश कराटे एसोसिएशन के सचिव जसपाल सिंह द्वारा आयोजन किया गया।

## सघन पल्स पोलियो अभियान के बूथो का सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ ने किया भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सघन पल्स पोलियो अभियान 08 दिसंबर 2024 को बच्चों को बूथो पर पिलाये जा रही पोलियो की खुराक की मॉनिटरिंग बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ के द्वारा अपने-अपने विकास खंडों में का भ्रमण कर किया गया। सीडीपीओ मंझनपुर द्वारा सैदनपुर, सीडीपीओ सिराथू द्वारा धमावा, थुलगुला, चक सैनी सुपरवाइजर गीता देवी द्वारा मूरतगंज के सरवाकाजी, बलकरनपुर, भीटी पनोई, कसिया, सुपरवाइजर चंपा देवी एवं राधा रानी द्वारा नेवादा ब्लॉक के असरावकला, जरैनी,फरीदपुर सुपरवाइजर छेददी व गैस रानी द्वारा सौरईखुर्द राघवपुर मधवामई, वरीपुर, शाखा रघुनाथपुर आदि का भ्रमण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि एक दिन पूर्व ही जनपद में तैनात सभी बल विकास परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि पोलियो बूथ दिवस पर ही जीरो से 5 वर्ष तक शत प्रतिशत को बच्चों को अभियान चला कर और प्रेरित करक्षपोलियो ड्राप पिलवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई बच्चा किसी कारण से छूट जाता है तो डोर टू डोर अभियान के अन्तर्गत छूते हुए बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोलियो ड्राप जरूर पिलाएं। डीपीओ द्वारा जन समुदाय से आग्रह किया गया कि पोलियो ड्रॉप राष्ट्रीय कार्यक्रम में सभी लोग अपना सहयोग करें तथा अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप जरूर पिलवाएं।

## कौशाम्बी ने ठाना है पोलियो ड्राप पिलाना है- डॉ0 राम नेवाज सिंह




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नेवादा विकासखंड के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक डॉ0 राम नेवाज सिंह की अगुवाई में बच्चों एवं अभिभावकों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूकता के लिए रैली निकाली गई बच्चे दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार पोलियो बूथ चलो पोलियो बूथ चलो हर बच्चे को पोलियो ड्राप पिलाओ अब हमने यह ठाना है पोलियो ड्राप पिलाना है आदि स्लोगनों से जागरूक किये राम नेवाज सिंह ने बताया कि यह अभियान 8 दिसंबर से लेकर 16 दिसंबर तक चलेगा जिसमें सभी जीरो से लेकर 5 वर्ष के बालक व बालिकाओं को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी आप सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि आज पोलियो दिवस के दिन प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में स्थित बूथ पर अपने 5 वर्ष से कम सभी बच्चों को ले जाकर के जिंदगी के दो बूंद ड्रॉप अवश्य पिलाएं पोलियो दिवस के शुभ अवसर पर सरोज देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुग्गी देवी आशा बहू सुशीला देवी शोभा देवी आज लोग पोलियो ड्राप पिलाने में सहयोग किया

## जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर सकिपा कार्यक्रताओं का देवखरपुर में प्रदर्शन

**जर्जर सड़क की जल्द मरम्मत न हुई तो होगा आंदोलन-सुरजीत वर्मा**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के कार्यक्रताओं ने रविवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर स्थित कालीमाता मंदिर के पास में जर्जर सड़क की समस्या को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की साथ ही जिम्मेदारों से जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग की। रविवार को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर कालीमता मंदिर के पास में पार्टी जिला उपधयक्ष सुरजीत वर्मा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन, नारेबाजी की। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए पार्टी नेता सुरजीत वर्मा ने कहा कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम अचाकापुर से देवखरपुर, पतेरिहा होकर ग्राम नौगिरा तक सड़क बेहद जर्जर है जिससे



लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत होती है। आगे कहा कि इस संबंध मे पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में क्षेत्रीय लोग कई बार जिला पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग में लिखित शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे क्षेत्रीय जनता खासी नाराज है। आगे कहा कि क्षेत्रीय लोगों की शिकायत है कि कई सालों से अचाकापुर नौगिरा मार्ग जर्जर है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में सुरजीत वर्मा ने कहा कि जल्द ही सिराथू ब्लॉक के ग्राम अचाकापुर से नौगिरा मार्ग का मरम्मत कार्य नहीं हुआ तो सैकड़ों की तादात में क्षेत्रीय लोग मंझनपुर में आंदोलन करेगे। इस अवसर पर बुधराम निर्मल, भैय्या लाल सरोज, दिनेश सरोज, अवधेश, गोवर्धन आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,मंझनपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कम्प्यूटर लैब को देखा तथा उन्होंने मजदूरों को निर्देशित करते हुए कहा कि लैब का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयानतर्गत सुनिश्चित कराया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली न बरती जाए। जिलाधिकारी ने छात्राओं से स्मार्ट टी0 वी0 को चलवा कर देखा तथा कम्प्यूटर पर होने वाले खान एकेडमी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 87 छात्राएं उपस्थित पाई गई। उन्होंने विद्यालय में बने हुए नाश्ते को देखा, जिसकी गुणवत्ता सही पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय में सभी अध्यापिकाएं उपस्थित पाई गई। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई को भी देखा, जो सही पाया गया।

## महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा महिलाओं व बालिकाओ को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत 8 दिसम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम हटवा में जाकर चौपाल लगाकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा में बस स्टैण्ड, दुकानों में जाकर, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर बाजार, चौराहे पर भ्रमण कर, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोर्रो में स्कूली बच्चों द्वारा



निकाली जा रही पोलियो मुक्त भारत रैली में जाकर, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा मोहब्बतपुर पइंसा बाजार में जाकर तथा थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बेरुआ में जाकर,

क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चिया, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## शार्ट सर्किट से लगी आग लाखो का सामान जल कर हुआ राख



लोकमित्र ब्यूरो

**विजिया चौराहा, कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र के बैगवां ग्राम पंचायत के कन्हई लाल पाल पुत्र रामलोचन पाल ने बताया कि ट्यूबल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमे ई रिक्शा की बैटरी चार्जर,केबल,पाइप सारा सामान जलकर राख हो गया और दो मवेशी जल कर झुलस गए जिसमें जान हानि नहीं हुई।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 13 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 03, थाना पश्चिम शरीरा से 04, थाना कौशाम्बी से 01, थाना पिपरी से 03, थाना चरवा से 02) कुल 13 आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## चोरी का बकरा समेत दो वांछित गिरफ्तार

**लीलापुर प्रतापगढ़।** चोरी के मुकदमे में वांछित दो आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। साथ ही चोरी किया गया बकरा व चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना लालगंज के प्र0नि0 नीरज कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 दीपक कुमार यादव ने मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वाँछित वारण्टी/विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मु0अ0सं0 499/24 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित मोटर साइकिल सवार दो अभियुक्त शाहिद अली पुत्र महबूब कय्यूम निवासी ग्राम दौलत का पुरवा अमाँवा थाना लालगंज व मो0 कलीम पुत्र मो0 लल्लू निवासी ग्राम दौलत का पुरवा अमाँवा थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी किया गया बकरा व चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। मुकदमा उपरोक्त में 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

## कांग्रेसियों का बुद्धि-शुद्धि हवन आज

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कल 09 दिसंबर को सायं 03ः00 बजे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, उनकी हत्याएं व हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने की घटनाओं के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी के विरोध में कांग्रेस जन निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में स्थानीय ट्रेजरी चौराहा स्थित ÷हनुमान मंदिर÷ पर ÷बुद्धि- शुद्धि÷ हवन का कार्यक्रम आयोजित करेंगे।यह जानकारी निवर्तमान उपाध्यक्ष डा0वी0के0 सिंह ने दी है।

## पद एवं धन प्राप्त होने पर व्यक्ति में जन्म लेता है अभिमान का भाव- अरूणेश महराज

**दिलीपपुर-प्रतापगढ़।** क्षेत्र के ग्रामसभा कोठियाही में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा अमृतवर्षा पं.अरूणेश जी महाराज के मुखारविंद से हो रही है। कथा के मुख्य यजमान रमन कुमार दूबे जी हैं। कथा के आखिरी दिन कथा व्यास अरुणेश जी महराज ने सुदामा कृष्ण के मिलन की मार्मिक कथा का चित्रण किया। व्यास जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि संसार में मानव स्वाभाव है कि उसे अगर उच्च पद या धन् प्राप्त हो जाता है तो उसमें अहंकार का भाव आ जाता है। इसीलिए भगवान के सच्चे भक्त होने के कारण सुदामा जी धन् से वंचित रहे। जिन्हें बाद में भगवत कृपा से सभी सुख प्राप्त हुए। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से जीवन में किए गए सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव इस भवसागर से पार हो जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों भक्त-गण कथा श्रवण करके आनन्दित हो रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की इलाज के दौरान मौत, मचा कोहराम

**पट्टी प्रतापगढ़।** क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी के पेट में दर्द होने पर परिजन इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज लेकर गए थे। जहां पर इलाज के दौरान किशोरी की देर रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। कंधई थाना क्षेत्र के उवारी कला गांव के रहने वाले अकरम अली की बेटी गुलशन बानो 17 वर्ष की शनिवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां पर इलाज चल रहा था, रविवार को देर रात्रि उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। बता दे कि मृतक किशोरी पांच बहनों में तीसरे नंबर की थी। दो बहनों की शादी हो गई है, अभी दो बहन की शादी होनी है। एक भाई अफसर अली, मां शहीदुल निशा, बेटी की मौत की खबर सुनते ही रोने पीटने लगी, और परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में कंधई थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आज

**प्रतापगढ़।** युवा सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा 09 दिसंबर दिन सोमवार को जरियारी दिलीपपुर में सुबह 10ः00बजे से 2ः00 बजे तक निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी युवा सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव आलोक शुक्ला जी ने दी।

## शव दफनाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, पुलिस कर रही जांच

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर आधारगंज गांव के रहने वाले बाबू शाह ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नातिन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह कब्रिस्तान में शव को दफन करने के लिए कब्र खोदने के लिए गया हुआ था। इस दौरान गांव के ही कुछ लोग कब्रिस्तान आए और मना करते हुए वहां से भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर शव दफनाये जाने की मांग की है। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## आपसी विवाद में किशोरी समेत दो को लाठी डंडों से पीटा

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव में आपसी विवाद को लेकर किशोरी समेत दो को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया गया।कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव के रहने वाले अमरनाथ पाल ने रविवार की दोपहर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से आपसी विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने सुबह लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। इसमें संदीप पाल, व पूजा पाल, मार-पीट के दौरान घायल हो गए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायलों का मेडिकल कराते हुए जांच-पड़ताल कर रही है।

## पक्का निर्माण करके रास्ता बंद करने की शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह निवासी जमुना प्रसाद पुत्र शिवबरन का आरोप है कि पड़ोसी गण आबादी के बगल नवीन परती पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जिसका विरोध करने पर अमादा फौजदारी हो जाते हैं। जिस नवीन परती पर जबरन निर्माण किया जा रहा है, उसी नवीन परती से होकर पीड़ित ने अपना पुश्तैनी मार्ग होने की बात करते हुए पट्टी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

## चिकित्सक के घर चोरी की वारदात में लाखों की नकदी समेत उड़ाए आभूषण, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरों ने चिकित्सक के घर में आलमारी तथा बाक्स का लॉक तोड़ कर ढाई लाख की नकदी समेत लाखों के गहने उड़ा लिये। जिला अस्पताल में तैनात जूनियर रेजिडेंट के यहां चोरी की बड़ी वारदात को लेकर इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना पर रानीगंज कैथौला चैकी पुलिस व फोरेंशिक टीम पहुंची। लालगंज कोतवाली की रानीगंज कैथौला चैकी के कौशिल्यापुर गांव में बीती शनिवार की रात चोरों ने गंभीर वारदात अंजाम दिया। गांव के सुकुरू के पुत्र राजेश कुमार के घर परिवार के सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। इस बीच चोरों ने घर के अन्दर पहुंचकर कमरों में बाहर से सिटकनी लगा ली। चोरों ने कमरे के भीतर आलमारी का लॉक तोड़ दिया। आलमारी में रखे ढाई लाख रूपये नकद उड़ा लिया। चोरों ने आलमारी के साथ बाक्स का भी लॉक तोड़ डाला। इनमें रखे महिलाओं के लाखों के आभूषण भी चोरों ने उड़ा लिए। पीड़ित के मुताबिक नकदी के अलावा घर से करीब अट्ठारह लाख के जेवरात चोरी हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

# प्रत्येक समाधान का केंद्र बिंदु है आरएसएस की शाखा- अशोक

### ▶▶ जय मां काली शाखा का वार्षिकोत्सव आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** नगर के रूपापुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लगने वाली जय मां काली शाखा का रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आसन,योग,संचलन,सूर्य नमस्कार तथा समता का प्रदर्शन समाज के सम्मानित बंधुओ के समक्ष किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक अशोक,जिला कार्यवाह हेमंत, कार्यक्रम की अध्यक्षता जूबाए पुरातन के नवनिर्वाचित महामंत्री विवेक त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक अशोक ने कहा कि वर्ष भर संघ की शाखा पर नित्य चलने वाले कार्यक्रम का प्रकटीकरण समाज के मध्य शाखा के वार्षिकोत्सव द्वारा स्वयंसेवक करते है। जिसमें समाज के बंधुओ को भी आमंत्रित किया जाता है। वैसे तो संघ वर्ष भर में छह उत्सव मनाता है, लेकिन शाखा शारीरिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के प्रकटीकरण को दृष्टि से वार्षिकोत्सव शाखा के स्वयंसेवकों के द्वारा मनाया जाता है। अशोक ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ को समझना है तो शाखा में आएं। संघ पर आज समाज का विश्वास बढ़ा है और प्रत्येक समाधान का केंद्र बिंदु आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा है।समाज के लोग जानते है कि शाखा में किसी प्रकार का भेद भाव नहीं किया जाता।सब एक पंक्ति में एक सह संपत की आज्ञा पर खड़े हो जाते है।संघ का शताब्दी वर्ष गतिमान है और इसमें संघ ने समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच विषयों पर कार्य करने का प्रण लिया है जिसे पंच प्रण कहते है। यह कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वभाव का जागरण और नागरिक कर्तव्य है। इन पंच प्रणों पर चलने पर राष्ट्र अपनी उन्नति को प्राप्त करेगा। संचालन शाखा कार्यवाह सुमित ने किया। कार्यक्रम में नगर प्रचारक विवेकानंद,बस्ती प्रमुख धीरज, मुख्य शिक्षक आशीष, विभाग अभिलेख प्रमुख बिपिन, सेवा कार्यकर्ता धर्मेंद्र,प्रांजल, गट नायक कुंवर,वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत उपाध्यक्ष बृज लाल दुबे,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख अजीत ,विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष रजनीश,क्रीडा भारती जिलाध्यक्ष ध्रुव,क्रीडा भारती के जिला उपाध्यक्ष विक्रम,आकाशवाणी के आशीष मिश्रा,लोक भारती के मंत्री दिनेश शर्मा,क्रीडा भारती संरक्षक अखिलेश शर्मा, अवनीश, आरव,विहान ,संतोष शर्मा,हर्ष, विनय विद्रोही,भाजपा के विनोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने की सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

### बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रवि श्रीवास्तव के नर्सिंग होम पर लगाया कैंप



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष ने आशीर्वाद नर्सिंग होम को गोद लेकर वहां पर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। नर्सिंग होम के डायरेक्टर एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रवि श्रीवास्तव ने फीता काटकर कैंप का उद्घाटन करके शुरुआत की। डॉ रवि ने बताया कि हमारे पड़ोसी देशो में पोलियो फिर से पैर प्रसार रहा है। इसलिए एहतियातन हमें कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई। साथ ही जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इस पर चिंता जताई जा रही है। इसलिए उनका नारा एक भी बच्चा छूटा,सुरक्षा चक्र टूटा को चरितार्थ किया जा रहा है और हर बच्चे तक इस अभियान को पहुंचाया जा रहा है है।

कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आर बी सिंह,उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी,संरक्षक रामेश्वर पांडे,राजेश पाल उपाध्यक्ष,अरविंद सिंह पूर्व अध्यक्ष,पवन भगवन एवं अस्पताल के स्टाफ ने भी पोलियो ड्राप पिलाई।

## भागवत में ही भगवत का निवास - आचार्य गिरीश जी महाराज



लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर प्रतापगढ़।** क्षेत्र के पूरे नंदू का पुरवा मिश्रपुर गांव में रामकुमार तिवारी के संयोजन में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य गिरीश चन्द्र मिश्र जी महाराज ने कहा कि श्री मद् भागवत ही एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें भगवत भगवान श्री कृष्ण का निवास होता है। श्री मद् भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से ही मनुष्य अर्थात जीव आत्मा के जीवन के सारे पाप नष्ट हो जाते है और दुर्लभ मोक्ष की प्राप्ति होती है। आगे श्री महाराज ने बताया कि सतयुग द्वापर त्रेता में मोक्ष की प्राप्ति के लिए बहुत ही तपस्या करनी पड़ती थी किन्तु कलयुग में श्री नारायण का नाम स्मरण करने मात्र से ही जीवन के सारे पाप नष्ट हो कर दुर्लभ मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। महाराज जी ने माता सती राजा दक्ष, नारद व भृगु की कथा का विस्तार से वर्णन किया। अंत में महिलाओं ने मंगल गीत व कीर्तन गाया।

इस मौके पर ज्ञानेंद्र प्रसाद तिवारी, शिवकुमार तिवारी, संजय तिवारी,अवधेष ओझा एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र एडवोकेट, पूर्व महामंत्री आशीष तिवारी,सन्तोष तिवारी एडवोकेट, दिलीप कुमार तिवारी आचार्य करुणेश जी, बृजेश नारायण तिवारी , प्रधानाचार्य बालेन्द्र ओझा, नरसिंह बहादुर सिंह, राजकुमार ओझा, यज्ञनारायण तिवारी, राघवेन्द्र तिवारी, विपिन तिवारी डब्बू तिवारी गोपाल पाण्डेय, प्रदीप कुमार यादव आदि भक्तों ने अमृत कथा का रसपान किया।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कम्पोजिट स्कूल बनवारपुर के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

लोकमित्र ब्यूरो

**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कम्पोजिट स्कूल बनवारपुर गौरा के छात्र छात्राओं ने जिले में आयोजित भिन्न भिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में जनपद के सुदूर ब्लाकों से आये प्रतिद्वंद्वियों से स्पर्धा करते हुए अलग अलग इवेंट्स में स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ में मो0 इमरान प्रथम,100 मीटर में मो0साबिर प्रथम,200 मीटर में मो जैद प्रथम, 600 मीटर में मो साबिर प्रथम, लम्बी कूद में मो सादान प्रथम, ऊंची कूद में सादान प्रथम, गोला फेंक में सुफियान तृतीय, चक्का फेंक में आकृति गौतम तृतीय स्थान,800 मीटर और रिले रेस में मो साबिर प्रथम प्रथम, हैड्रल में सादान प्रथम स्थान प्राप्त कर



विद्यालय और ब्लाक का नाम रोशन किया।

छात्र छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर खंड शिक्षा अधिकारी गौरा अमित दुबे और ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय, गौरा के सभी कर्मठ खेल अनुदेशकों तथा शिक्षक शिक्षिका टीम कोच कपिल देवगिरी प्रधानाध्यापक अमशाद अली और विमल कुमार आदि ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## लंगर सेवा ट्रस्ट का एक वर्ष पूर्ण होने पर सेवादारों ने वृद्ध-आश्रमो में की सेवा



लोक मित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** धन श्री गुरू नानक देव जी लंगर सेवा ट्रस्ट के 15 नवंबर को एक वर्ष पूरे होने पर सुल्तानपुर एवम प्रतापगढ़ के सेवादारो के संयुक्त प्रयास से वृद्धाश्रम महुली में 51बेड सीट , सुल्तानपुर में 71बेड सीट, सीतापुर में 30 बेड सीट एवं अन्य सामग्री की सेवा ट्रस्ट द्वारा की गई। सुल्तानपुर से आए सरदार गुर दीप सिंह, गगनदीप सिंह महेश दत्त जी, सरदार सतपाल सिंह प्रतापगढ़ से सरदार मंजीत सिंह गोबिंद, दीपेश जैन, जीत लाल उमर वैश्य, श्यामसुंदर ताऊ जी, रवि गुप्ता जी, आदि बहुत से सेवादारो ने सेवा की। सेवा पाते ही सभी से चेहरे पर मुस्कान देखी गई। ट्रस्ट की अन्य सेवाएं, लंगर, दवा , पुस्तके बच्चों की फीस, वस्त्र, आदि विभिन्न सेवाएं सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, मुसाफिर खाना, रायबरेली, लखनऊ, सीतापुर,में भी सेवा का विस्तार किया गया है।

सेवादारज्ञका लक्ष्य हर जरूरत मंद की सेवा करना है। सुल्तानपुर के सेवादार सरदार गगन दीप सिंह से सभी से आह्वान किया कि आप भी ट्रस्ट से जुड़े एवं सामाजिक कार्यों में शामिल होकर पुण्य के भागी दार बने।

## शिक्षा मनीषी भागवतदत्त मिश्र स्मृति दिवस में प्रमोद तिवारी ने विभूतियों को सौंपा सारस्वत सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अझारा स्थित भागवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुए स्मृति दिवस समारोह में विशिष्ट जनों के साथ मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मिलने पर मेधावियों के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गयी। शिक्षा मनीषी स्व. पं. भागवत दत्त मिश्र के एक सौ चैदहवें जन्मदिन पर पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल, मौलवी फरजन्दअली लॉ कालेज, तारादेवी इंस्टीट्यूट आफ एजूकेशन एण्ड टेक्नालॉजी तथा तारादेवी क्रिकेट अकेडमी एवं भागवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त शैक्षिक महोत्सव में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शिक्षा तथा विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों को अंगवस्त्रम् एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने प्रख्यात समाजसेविका साधना स्वरूप, वरिष्ठ अधिवक्ता पं. रामसेवक त्रिपाठी, पूर्व आइएएस राकेश ओझा, पूर्व




आइएएस अरविन्द मिश्र, सुश्री कुमकुमधर, रतनमनी लाल, सुश्री शिखालाल, अतुलचन्द्र, सुश्री रूपाली, प्राचार्या रचना मिश्रा, सुश्री सुशीला ओझा, विजय शर्मा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बीके बंसल, साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र, डॉ. शक्तिधर नाथ पाण्डेय, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, आचार्य रामअवधेश मिश्र, समाजसेवी केडी मिश्रा, धर्माचार्य विनय शुक्ल, रामलोचन त्रिपाठी, मुकेश सिंह, प्रेम मिश्र, मुकेश तिवारी, सुमित त्रिपाठी, लवलेश शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव, दिनेश सिंह को स्व. पं. भागवत दत्त मिश्र स्मृति सम्मान 2024 सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व आएएस रमेशचन्द्र मिश्र व संयोजन संस्थान के निदेशक प्रकाशचन्द्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संयोजन भागवत दत्त समग्र विकास समिति की सुश्री सीमा मिश्रा व रीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, डॉ. पूनम त्रिपाठी, गौरव मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, राहुल सिंह ने किया। संचालन शिक्षक प्रदीप शुक्ल व प्रकाश तिवारी छात्र पीयूष व छात्रा समृद्धि ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन संस्थान की ओर से केडी मिश्र ने किया।

## रास्ते के विवाद में महिला की पिटाई, चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद में आरोपियों ने दलित महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट वधमकी समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के कोठार मंगोल निवासी रामहरख सरोज के पुत्र जगदेव सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस नवम्बर को शाम करीब छह बजे रंजिश को लेकर पड़ोसी श्रीपाल यादव के पुत्र हरी लाल तथा भजन यादव के पुत्र ज्ञानचन्द्र व मुन्ना यादव के पुत्र सहबू एवं रामसुख के पुत्र मुन्ना ने दरवाजे पर मौजूद उसकी बहू को लाठी डंडे से मारापीटा। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी ने जातिसूचक गालियां देते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ

### ▶▶ 09 से 16 दिसम्बर तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की ड्रॉप



लोक मित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने जिला महिला चिकित्सालय में बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये, कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप की खुराक से वंचित न रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में 2296 पोलियो बूथों पर कुल 440326 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जानी है। इसके उपरान्त 09 से 16 दिसम्बर तक पोलियो ड्राप से छूटे बच्चों को 1022 टीमों के द्वारा घर घर जाकर बच्चों पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर चोरी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मुरली अमावां निवासी बसंत लाल की पत्नी अनारकली ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती छह दिसम्बर की रात दो आरोपी उसके दरवाजे पर बंधी बकरी चोरी कर ले गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रविवार को केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। शीघ्र ही इन्हें हिरासत में लेकर जेल भेजा जाएगा।

## पोलियो प्रतिरक्षा अभियान का हुआ शुभारम्भ



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पल्स पोलियो प्रतिरक्षा अभियान के तहत रविवार को स्थानीय सीएचसी में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को विशेष बूथ पर खुराक पिलाई गयी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने विशेष बूथ पर नौनिहालों को खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि एहतियातन यह अभियान नौनिहालों के जीवन को सुरक्षित बनाए रखने में कारगर होगा। अधीक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि सोमवार से शुक्रवार तक यह अभियान डोर टू डोर चलाया जाएगा। इस मौके पर डॉ. सुधाकर, एसपी चैबे, अर्चना चैबे, अनसुइया, मानसिंह, राधेश्याम यादव, रवि गुप्ता आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

## लावारिस घूम रहे किशोर को पीआरवी ने किया परिजनों के सुपुर्द



**अजुहा, कौशाम्बी।** फ़तेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक किशोर लावारिस रूप से घूम रहा था, गश्त पर रही पीआरवी ने देखा तो किशोर से पूछताछ के बाद अजुहा चौकी ले गए और परिजनों को खबर कर किशोर को उनके सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि फ़तेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के भादर निवासी गोलू पुत्र छत्रपाल परिजनों से बिछड़कर लावारिस घूम रहा था, शनिवार को गश्त के दौरान पीआरवी 1211 के सिपाहियों ने किशोर को सैनी कोतवाली के लोहदा मोड़ के नजदीक देखा तो पूछताछ के बाद किशोर को अजुहा चौकी ले गए जहां पुलिस ने किशोर के परिजनों को खबर दी जिसके बाद पहुंचे परिजन को उपनिरीक्षक अंकित तिवारी, आरक्षी चालक मो अहमद व कांस्टेबल देवेंद्र सिंह ने लिखापढ़ी के बाद किशोर को उनके सुपुर्द कर दिया।

## बेकाबू पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सिंहपुर गांव में शनिवार की रात बेकाबू पिकअप ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चालक समेत दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस की सहयोग से इलाज के लिए चायल सीएचसी में भर्ती कराया। चरवा क्षेत्र के चौराडीह गांव निवासी धीरेंद्र कुमार जायसवाल पुत्र महावीर प्रसाद जायसवाल गांव के अपने साथी सुमित यादव पुत्र मनोज यादव को लेकर बाइक से चायल के लिए निकले थे। जैसे ही वह पिपरी क्षेत्र के सिंहपुर गांव के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से गुजर रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। पिकअप को रोकने का प्रयास किया लेकिन पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए चायल सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## दबंग ने गाली-गलौच का विरोध करने पर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के आलमपुर मजरा तिलगोड़ी गांव की शकुना देवी पत्नी पप्पू के मुताबिक शनिवार की शाम वह घर पर बैठी थी। इसी दौरान गांव का रामधन पुत्र मुन्नूलाल वहां पहुंचा और अनायास उसके साथ गाली- गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। चीख पुकार सुन लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को मेडिकल कराने के लिए अस्पताल भेज दिया।

## महिला ने पट्टीदारों पर लगाया मारपीट का आरोप

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पट्टीदारों पर मारपीट व धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के बरीपुर निवासी राधिका पत्नी चौधरी ने अजुहा चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार की दोपहर वह घर में खाना बना रही थी, राधिका का आरोप है कि इस दौरान उसकी भाभी आधा दर्जन के करीब परिवारजनों के साथ मिलकर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे जिसका विरोध करने पर धमकी देने लगे। पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## पुरानी रंजिश को लेकर बारात में गए दबंगों ने पड़ोसी को पीटा

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बारात में आए युवक के साथ पड़ोस के रहने वाले कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर धमकी देते हुए फरार हो गए, पीड़ित ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव के रहने वाले कलीम उल्ला पुत्र सलीम उल्ला ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह शनिवार को गांव के खालिक हसन के पुत्र के बारात में गोरियों गांव आया था, कलीम उल्ला का आरोप है कि बारात में आए गांव के कुछ दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने लगे, आसपास मौजूद लोगो के बीच बचाव के बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है।

## पीड़िता ने पति पर उत्पीड़न एवं पिता व भाभी पर लगाया मारपीट का आरोप

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बताया कि पति के कान भरने पर रविवार को उसके पिता व भाभी ने उसके व उसकी मां के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई निवासी मनोरमा देवी पुत्री छेदीलाल ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी आठ माह पहले फ़तेहपुर जनपद के राधानगर थाना क्षेत्र के सैदाबाद निवासी चंद्रशेखर के साथ हुई थी, मनोरमा का आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद उसका पति उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित कर चोरी का झूठा इल्जाम लगाकर छोड़ देने की धमकी देता है। मनोरमा देवी ने बताया कि जिससे आजिज आकर अपने मायके कानेमई में थी, पीड़िता के मुताबिक पति के कान भरने पर रविवार को उसके पिता व दोनों भाभियों ने मिलकर उसको व उसकी मां चंदा देवी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## जनसेवा केंद्र संचालक पर धोखाधडी कर ठगी करने का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जनसेवा केंद्र संचालक पर धोखाधडी कर ठगी करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत अधिकारियों से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर म्योहरा निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद पुत्र भैरो ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि स्थानीय कस्बे में स्थित जनसेवा केंद्र का उसका खाता है, बिंदेश्वरी प्रसाद का आरोप है कि जनसेवा केंद्र संचालक द्वारा फिंगर लगवाकर सर्वर डाउन का बहाना बनाकर कई किश्तों में डेढ़ लाख के करीब धोखाधडी कर निकाल लिया, बिंदेश्वरी के मुताबिक उसके पत्नी के खाते से भी संचालक द्वारा चालीस हजार की ठगी की गई है। पीड़ित का आरोप है पूछताछ करने पर संचालक द्वारा गाली गलौज व धमकी दी जाती है। मामले में एसडीएम ने कड़ा धाम पुलिस को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।

▶▶ सघन पल्स पोलियो अभियान

# प्राथमिक विद्यालय मीठेपुर सयारा से निकली रैली, बूथ का हुआ शुभारंभ



▶▶ रैली को बीडिओ व अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखा, किया रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु रविवार को विकास खंड कड़ा के प्राथमिक विद्यालय मीठेपुर सयारा में खंड विकास अधिकारी कड़ा संजय कुमार गुप्ता व सीएचसी कड़ा अधीक्षक डॉ0 मो0 सऊद ने पोलियो जनजागरूकता रैली निकालकर बूथ का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान बीडीओ संजय गुप्ता व सीएचसी अधीक्षक डॉ मो0 सऊद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पोलियो जन जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। बीडीओ संजय गुप्ता ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र को पोलियो मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाय। साथ ही बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर शत-प्रतिशत प्रतिरक्षित करें। हमें शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक से आच्छादित करना है। अधीक्षक डॉ मो0 सऊद ने कहा कि बूथ पर सायं 4:00 बजे तक शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक देने का कार्य किया जायेगा। लक्ष्य है कि गत चरणों की अपेक्षा अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो बूथ पर ही खुराक पिला दी जाय। रैली में एचईओ प्रभाकर सिंह चंदेल, बीपीएम प्रदीप सिंह, बीसीपीएम रोहणी कुमार त्रिपाठी, डब्लूएचओ ब्लाक मानीटर के0एन0 दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक, शिक्षिकाँए, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया,

चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 133 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## अनियंत्रित बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव के समीप शनिवार की रात अनियंत्रित बाइक और साइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक एवं साइकिल सवार दोनों घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी अनूप सिंह पटेल पुत्र रामसिंह पटेल शनिवार को बाइक से चरवा किसी काम के सिलसिले में गया था। लौटते समय रात करीब साढ़े सात बजे वह जैसे ही चरवा क्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव के समीप पहुंचा। तभी उनकी बाइक काजू गांव के साइकिल सवार कल्लू से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास रहे लोगों ने घायलों की हालत गंभीर देख पुलिस और उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को डायल 108 एंबुलेंस सेवा की सहयोग से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने दिवंगत दरोगा के परिजनों से की मुलाकात, व्यक्त किया शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई का मजरा भरेठाबाग निवासी ध्यान सिंह यादव 39 वर्ष पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे, उपनिरीक्षक ध्यान सिंह लखनऊ पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। गुरुवार को दरोगा का शव संदिग्ध दशा में लखनऊ के अर्जुनगंज के नजदीक संदिग्ध दशा में रेलवे ट्रैक पर पाया गया था। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा कौशांबी के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव को दरोगा के निधन की खबर मिली तो रविवार को अखिल भारतवर्षीय महासभा की टीम के साथ भरेठाबाग स्थित उनके आवास पहुंचे जहां दिवंगत दरोगा के पिता इंदल सिंह से मुलाकात करते हुए हाल खबर लिया और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव ने पीड़ित परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

शोक प्रकट करने वालों में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव के साथ एडवोकेट राम करन सिंह, प्रधान वीरेंद्र सिंह उर्फ बबलू यादव, राम हर्ष यादव, धर्मराज यादव, कामता प्रसाद, फूलसिंह यादव, भीम सिंह आदि उपस्थित थे।

## सीएमओ ने सिराथू में नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

▶▶ पंजीकरण कागजात न दिखाए जाने पर की कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू कस्बे में संचालित नेत्र जांच चिकित्सालय का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में मौजूद कर्मी के द्वारा पंजीकरण के कागजात ना दिखा पाने पर सीएमओ ने चिकित्सालय का संचालन बंद कराया साथ ही हिदायत देते हुए संचालन करते पाये जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने सिराथू कस्बे के धाता रोड में संचालित एक नेत्र चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया की निरीक्षण के दौरान नेत्र चिकित्सालय में कोई डाक्टर नहीं मिला और मौजूद कर्मी प्रियंका से पंजीकरण के अभिलेख दिखाने के कहा गया जो वह नहीं दिखा सकी। इस पर चिकित्सालय का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है। वहीं संचालक को पंजीकरण के कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। सीएमओ की औचक छापेमारी से निजी अस्पताल संचालकों में खलबली मची रही।

## सिराथू में पोलियो बूथ का सीएमओ ने किया निरीक्षण, बच्चों को पिलाई ड्रॉप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ रविवार को सीएमओ डॉ संजय कुमार ने करते हुए सीएचसी सिराथू पहुंचे जहां सीएमओ ने पोलियो बूथ का निरीक्षण करते हुए बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाया। रविवार को जनपद में बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। सीएमओ डा. संजय कुमार ने सीएचसी सिराथू में पोलियो बूथ का निरीक्षण करते हुए खुद ही बच्चे को दवा पिलाते हुए कहा कि अभियान में कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा यूनिसेफ विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पोलियो कार्य देखेंगे। बूथ पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ करते हुए सीएमओ ने रिकार्ड चेक किए और वैक्सीन देखी। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ औचित्य सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में आयोजित एकल विज्ञान मेला में धर्मा देवी कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** प्रयागराज के केपी इंटर कालेज में पंच प्रण थीम पर आयोजित मंडलीय युवा उत्सव प्रतियोगिता के एकल विज्ञान मेला में धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्रों ने एक बार प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विकास खंड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रयागराज के केपी इंटर कॉलेज में पंच प्रण थीम पर आयोजित मंडलीय युवा उत्सव प्रतियोगिता एकल विज्ञान मेला में प्रतिभाग करते हुए धर्मा देवी कॉलेज के

आशुतोष विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में माही गुप्ता ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरन त्रिपाठी सहित छात्रों के कोच व शिक्षकों ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## कृष्ण चंद्र वैश्य बने यूपी उद्योग व्यापार मंडल के जिला कोषाध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित बाल गोविन्द स्कूल में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई, बैठक में कृष्ण चंद्र वैश्य उर्फ पप्पू को व्यापार मंडल का जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया, बैठक की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री व व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि ने कहा कि संगठन हमेशा जिले के व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ता रहा है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी ने व्यापारियों से उनकी समस्या को सुना और निस्तारण के लिए उच्चाधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया। बैठक में पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी (काले) राजेश अग्रहरि, जगदीश प्रसाद शिवहरे, राजीव गुलाटी, वीरेंद्र केसरी, जगदीश वैश्य, अशोक केशरवानी, कृष्ण, मनीष रस्तोगी, शिवम् केशरी, शिव प्रकाश, राज कुमार केशरवानी, गौरा, शानू कुशवाहा, सभासद मुकेश कुमार, गौरव वैश्य आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## उर्वरक, बीज, रसायन विक्रय करने वाले इनपुट डीलर्स को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद के उर्वरक, बीज, रसायन विक्रय करने वाले इनपुट डीलर्स को कृषि विभाग के माध्यम से किसान कल्याण भवन, मंझनपुर मे तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर द्वारा मुख्य रूप से इनपुट डीलर्स को कृषि विभाग की महत्वपूर्ण तकनीको को कृषको तक पहुंचाने की अपील की। इस कार्यक्रम मे जनपद के 80 इनपुट डीलर्स की टीम प्रति सप्ताह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमे कृषि की नवीनतम तकनीक, मृदा परीक्षण, जैविक खेती आदि विषयो को शामिल किया जाएगा। कृषि वैज्ञानिक डा0 मनोज कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र ने उपस्थित डीलर्स को कृषि तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि फसलो मे उच्च कोटि के बीजो का चयन एवं जलवायु के आधार पर करना चाहिए।

जिससे अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। यू पी डास्प के जिला परियोजना समन्वयक डा0 अखिलेश सिंह ने जैविक खेती के आयाम, एवं जैविक कीटनाशक के बारे मे जानकारी दी। इन्द्रजीत यादव, पी पी ओ ने प्रशिक्षण की रूपरेखा, उद्देश्य के साथ-साथ बीज शोधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डा0 संतराम ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि आप गुणवत्तायुक्त बीज, रसायन कृषको को उपलब्ध कराये। कार्यक्रम मे शिव नरायण ओझा, फेसिलिटेटर, अरूण मिश्रा, आर पी सिंह, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन के मौके पर रक्तदान करेंगे कांग्रेस के कार्यकर्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया, जिसमें मीडिया को जानकारी दी गई कि कल कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसी नेता एवं पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक सेंटर में रक्तदान करेंगे। मीडिया को संबोधित करते हुए कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने बताया कि हमारी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया जी की सोच पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का है जिसे आज के माहौल में बीजेपी कटोगे तो बांटोगे जैसे नारों से देश को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कल 9 दिसंबर को सोनिया जी के जन्मदिन के मौके पर सभी जातियों और धर्मों के लोग एकजुट होकर रक्तदान करेंगे और इस नफरती भाजपा को बताएंगे कि उनके बांटने से कोई नहीं बंटेगा, एक था एक है और एक रहेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राम बहादुर त्रिपाठी, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी, दीपक पांडे बाबूजी, सचिव श्याम सिंह, हेमंत रावत, संतोष पटेल, अनिल सेन आलोक त्रिपाठी, मनोज प्रजापति आदि कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# दंडित करने का मकसद

ट्रंप ने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। इससे दुनिया को संदेश दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। भारत और यूरोप इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे शायद ही बच पाएं।डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के 56 दिन पहले ही अपने तीन प्रमुख व्यापार सहयोगी देशों के खिलाफ आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। इसके तहत 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालते ही वे कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। चीन से होने वाले आयात पर पहले ही अलग-अलग, लेकिन ऊंची दरों से आयात शुल्क लगाया जा चुका है। कनाडा और मेक्सिको के साथ अमेरिका का मुक्त व्यापार समझौता है। जाहिर है, इस घोषणा के जरिए ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा।इस तरह उन्होंने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। भारत और यूरोपीय देश इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बच पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान दौरान ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ भी आयात शुल्क लगाने का इरादा जताया था। उसके मुताबिक भारत से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। ट्रंप की इस घोषणा ने अमेरिकी कारोबार जगत में उथल-पुथल मचा दी है। मंगलवार को यह एलान होते ही शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। उधर कारोबार से जुड़ी संस्थाओं ने दो-टूक कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ेगी, उद्योगों की लागत बढ़ जाएगी जिससे अमेरिकी निर्यात भी महंगे हो जाएंगे।उधर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यानी वे भी अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाएंगे। नतीजा होगा कि उन बड़े बाजारों में अमेरिकी निर्यात और महंगे हो जाएंगे, जिससे वहां अमेरिकी कंपनियों का हिस्सा घटना तय है। आम समझ है कि व्यापार चक्र को इस तरह पलटना किसी के फायदे में नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उपरोक्त तीनों देश मादक पदार्थ और अपराधियों को अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें दंडित करने के मकसद से उन्होंने ये कदम उठाया है। मगर ये बात शायद ही किसी के गले उतरेगी।




# बढ़ती ही जा रही है इंडिया गठबंधन में दरार , उभरी है नेतृत्व परिवर्तन की मांग



अशोक भाटिया

भाजपा का मुकाबला करने के लिए बने विपक्षी गठबंधन %इंडिया% में दरार बढ़ती ही जा रही है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी से सपा के अलग होने और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के गठबंधन के कामकाज से असंतुष्ट होने से साफ है कि गठबंधन का भविष्य सवालों में है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद कांग्रेस की स्थिति को लेकर है। गठबंधन अब भाजपा को छोड़कर आपस में ही उलझता नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन का गठन जून 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले %भाजपा हटाओ, देश बचाओ% के नारे के साथ किया गया था। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन बिखर सा गया है, बड़ी बात यह है इंडिया गठबंधन के ही कई नेता कांग्रेस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के लोकसभा चुनाव प्रदर्शन के बाद जो हैसियत बढ़ गई थी, एक बार फिर वो पतन की ओर दिखाई दे रही है।दैनिक नवभारत टाइम्स के अनुसार सपा की महाविकास अघाड़ी में यह फूट हिंदुत्व के मुद्दे पर पड़ी है ।टीएमसी ने तो उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर इंडिया अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, %कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।%तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, %वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।%

दरअसल ममता बनर्जी की छवि एक आंदोलनकारी के रूप में भी देखने को मिली है, जब पश्चिम बंगाल में लेफ्ट की सरकार थी, जब कई सालों तक टीएमसी को संघर्ष करना पड़ा था, तब ममता बनर्जी का अलग ही सियासी रूप सामने आया था। पैरों में चप्पल पहनकर उन्होंने कई



किलोमीटर का आंदोलन किया था। सिंगूर में उन्होंने जनता के लिए जिस तरह से लेफ्ट सरकार से टक्कर ली थी, उसने उनकी सियासी पहचान हमेशा के लिए बदल दी थी। उस एक आंदोलन ने बता दिया था कि ममता बनर्जी जमीन से जुड़ी नेता हैं, उनकी भी कॉमन मैन वाली छवि है। उनका यह अंदाज राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के सियासी कद को चुनौती दे सकता है।जब भी राहुल गांधी से ममता बनर्जी की तुलना की जाती है, अनुभव के मामले में नेता प्रतिपक्ष हमेशा पीछे छूटते हैं। जिस नेता को लगातार तीन बार सरकार बनाने का मौका मिला, जिसने पिछले 15 सालों से किसी राज्य की कमान संभाल रखी हो, उसका अनुभव सियासी तौर पर अप्रत्याशित होता है, प्रशस्तिक जिम्मेदारी निभाने में भी वो काफी निपुण माना जाता है। ऐसे में यह सियासी अनुभव भी ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन के लिए मुफीद बना सकता है।शुक्रवार को एक समाचार चैनल से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व करने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणी को लेकर गठबंधन के सहयोगियों की ओर समर्थन की किया गया है। पहले समाजवादी पार्टी और अब शरद पवार। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर शरद पवार ने कहा कि हां, निश्चित रूप से (वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं), वह इस देश की एक प्रमुख नेता हैं। उनमें वह क्षमता है।

संसद में उनके द्वारा चुने गए नेता जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक लोग हैं। इसलिए उन्हें ऐसा कहने का अधिकार है।ममता के बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता सौम्य राय आइच ने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां पूरे भारत में भाजपा के खिलाफ लड़ रही हैं, जबकि ममता का भाजपा विरोध सीजनल पालिटिक्स की तरह है। वह कभी इंडिया गठबंधन में हैं तो कभी नहीं। उनकी पार्टी संसद में अदाणी के खिलाफ कुछ नहीं बोल रही।ममता भाजपा के खिलाफ चुप रहेंगी और गठबंधन का नेतृत्व भी करना चाहेंगी, ये दोनों चीजें एक साथ नहीं हो सकतीं।वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि 80 से ज्यादा बार रिलांच होने के बावजूद राहुल व प्रियंका गांधी वाड्रा को अगर उनके गठबंधन के नेता ही गंभीरता से नहीं लेते तो देश की जनता कैसे लेगी? जो लोग एक-दूसरे की राजनीतिक जमीन कमजोर करने में लगे हैं, वे जनता की सेवा नहीं कर सकते। पीएम मोदी हमेशा यही कहते रहे हैं कि यह गठबंधन अहंकारी है, जिसमें लोग एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। चुनाव के बाद गठबंधन टूट जाता है और इसके सदस्य आपस में ही लड़ने लगते हैं।महाराष्ट्र में वैसे ही चुनाव पूर्व से महाविकास अघाड़ी के साथ समाजवादी पार्टी की पटरी मेल नहीं खा रही थी ।अब समाजवादी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने की घोषणा की है। पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस ने टिकट बंटवारे पर हमसे कोई बात नहीं की। किसी तरह का कोई कॉर्डिनेशन नहीं रहा। ऐसे में गठबंधन में रहने का क्या मतलब है।

महाविकास अघाड़ी ने श्रद्धरू के मुद्दे पर विधानसभा में सदस्यता की शपथ लेने से मना कर दिया था। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे ने इसकी घोषणा की थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के दोनों विधायकों अबू आजमी और रईस शेख ने शपथ ली है।संभल के मुद्दे पर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में अनबन जारी है। उत्तर प्रदेश में दोनों पार्टियों का गठबंधन है, लेकिन संभल को लेकर दोनों में किसी तरह का कोई तालमेल नहीं है। संसद में जब इस पर बहस हुई तब कांग्रेस के सांसद बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल में हुई हिंसा के मामले को लोकसभा में जोर शोर से उठाया। मामला मुस्लिम वोट का है। इसीलिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अगले ही दिन संभल के लिए रवाना हो गए। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों नेताओं को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया। इस पर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि राहुल गांधी विरोध के नाम पर औपचारिकता कर रहे थे, उन्हें यह मुद्दा संसद में उठाना चाहिए था।

स्पष्ट है संसद के अंदर और बाहर भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के रिश्तों में दरार नज़र आने लगी है। समाजवादी पार्टी के सांसद संभल पर बहस चाहते थे, लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी का फोकस दूसरे मुद्दों पर था।हालांकि इस मुद्दे पर ममता बनर्जी भी अखिलेश यादव के साथ हैं।

दोनों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ दी थी, जबकि सब जानते हैं कि यूपी में ममता की पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। वैसे कुछ जानकार तो यहां तक मानते हैं कि ममता बनर्जी जो इस समय इंडिया गठबंधन को लीड करने की बात कर रही हैं, उनकी असल रणनीति तो पूरे विपक्ष अलग होने की है। उन्हें भी शायद इस बात का एहसास है कि कांग्रेस उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं करेगी, इस तरह से नाराजगी वाला कारण बताकर इंडिया गठबंधन से खुद को अलग कर सकती हैं और नए सिरे से अपनी राजनीति शुरू कर सकती हैं। वैसे ममता के अलावा नीतीश कुमार की राजनीति भी इस समय सुर्खियों में है, ऐसी खबर चल पड़ी है कि अगर बिहार में महाराष्ट्र फॉर्मूला लगाया गया, नीतीश की कुर्सी चली जाएगी।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत



डॉ 0 आर.के.सिन्हा

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है।महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है।

लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं ! तो फिर किया क्या जाये ! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं।हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है। हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।

यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर।जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा।आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे । यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा।

## समसामयिक

# संबंधों से संबंधित एक दृष्टिकोण यह भी

किसी भी संबंध का आधार आवश्यकता,प्रेम, सामाजिक या इनका मिलाजुला रूप कुछ भी हो सकता है। हमारे परिवार, दोस्त, रिश्तेदार, कार्यालय, स्कूल या व्यापार इत्यादि हर जगह आपसी संबंधों की समझबूझ से ही जीवन चलता है। रिलेशनशिप या संबंध किन्हीं दो व्यक्तियों या किसी एक समूह का दूसरे समूह के साथ भी हो सकता है। संबंध प्रायः वहीं बनते हैं जहां वैचारिक समानताएं हों, एक दूसरे के उद्देश्यों की पूर्ति हो। ये संबंध आजीवन चलें आवश्यक नहीं,ये उद्देश्य पूर्ति के साथ समाप्त भी हो सकते हैं। इन संबंधों को कोई नाम नहीं दिया जा सकता। लेकिन परिवार, रिश्तेदार या दोस्त से बने संबंधों को नाम दे सकते हैं। एक संबंध प्रेम का है जो स्त्री और पुरुष के बीच हो सकता है, और वह शारीरिक आकर्षण के कारण भी हो सकता है और आत्मिक स्तर पर भी हो सकता है। इस तरह के संबंधों को कोई विशेष नाम नहीं दे सकते।लेकिन फिर भी इसमें लोग एक दूसरे से जुड़ सकते हैं और निभा सकते हैं। शारीरिक आकर्षण से बना संबंध शरीर से शुरू होकर शरीर पर ही खत्म हो जाता है इसे प्रेम की पूर्णता नहीं कह सकते और न ऐसे संबंध ज्यादा समय तक टिकते हैं। आत्मिक स्तर पर बना संबंध स्थाई होता है, जो हृदय से बनता है,वैचारिक समानता, समर्पण से बनता है। ऐसे सम्बन्धों में कोई सामाजिक बंधन नहीं होता और निस्वार्थ संबंध बनता है।अपनी अपनी जिंदगी में ऐसे व्यक्ति स्वतंत्र हैं और उन्हें संबंध में बंधे होते हुए भी कोई बंधन महसूस नहीं होता। यह संबंध प्रेम की मजबूत नींव पर आधारित होता है, और आम संबंधों से बहुत ऊपर उठ जाता है, आत्मिक स्तर को छूता है। वहां शरीर प्राथमिक नहीं रहता, अपितु आत्मा प्राथमिक रहती है, एक जैसी विचारधारा और आत्मिक संबंध में प्रेम परिपक्व होता है और शारीरिक स्तर पर भी फलता फूलता है। प्रेम पूर्ण संबंध आजीवन चलता है जहां तर्क वितर्क तो हो सकते हैं, लेकिन कुतर्क के लिए कोई जगह नहीं। वैचारिक आदान प्रदान एक दूसरे की कमी को पूरा कर देते हैं,क्योंकि प्रेम एक दूसरे के प्रति समर्पण की भावना के बिना नहीं हो पाता।हालांकि कुछ लोगों का कहना यह भी है कि प्रेम में बंधन नहीं, मुक्ति होती है।किंतु ,वास्तव में देखा जाए तो प्रेम का बंधन तो होता ही है अन्यथा एक दूसरे से कोई कैसे जुड़ सकता है। लेकिन ये बंधन आत्मिक स्वीकृति के साथ होता है,समर्पण के साथ होता है ,एक दूसरे की भावनाओं को सम्मान देने से होता है तो आनंद की अनुभूति इतनी अधिक होती है कि वह बंधन का नहीं अपितु, मुक्ति का बोध कराता है।जिस जगह संबंध आत्मिक नहीं बनता,समर्पण नहीं रहता उसे प्रेम संबंध तो नहीं कह सकते। वैचारिक मतभेद हों और एक दूसरे से अपनी बात मनवाने पर ऊर्जा लग रही हो, तो अच्छे से अच्छे संबंध टूट जाते हैं। तब इस बंधन में किसी को लग सकता है कि उसकी आज़ादी छिन रही है, या उस पर अनावश्यक अधिकार जताया जा रहा है। ऐसे में यदि दोनों में से किसी एक को भी बाध्यता महसूस होती हो, तब ये सोच आपसी द्वेष को जन्म देती है। जबकि आत्मिक रूप से जुड़े रिश्तों में कुछ मांगा नहीं जाता बल्कि आत्मिक दृष्टि से विचार करके एक दूसरे की भावनाओं की कद्र की जाती है और उनको समझा जाता है। आत्मिक प्रेम संबंधों में असली आज़ादी उन विचारों से मुक्ति है जो आत्मिक रूप से रिलेशनशिप में जुड़े लोगों को अलग करने की क्षमता रखते हैं। एक दूसरे की भावना को समझना और एक दूसरे की आत्मा आहत न हो, उसका ध्यान रखना ही प्रेम है। ऐसे में आप स्वयं को कभी अकेला महसूस नहीं करते।आपको अपने ही समान किसी अन्य के ,जो आपको समझता है,आपके सुख दुःख का साथी है,हमेशा साथ होने का सुखद एहसास बना रहता है । ऐसे संबंध में वादे कसमें भले ही न खाई जाएं लेकिन उस रिलेशनशिप अथवा संबंध का क्या अर्थ है जिसमें ये एहसास भी न हो कि साथी के जज़्बात क्या हैं ,एक दूसरे से मन की बात खुल कर स्पष्ट तौर से न कि जा सके न समझी जा सके, तो फिर कौन सा ऐसा एहसास है जो दो लोगों को आपस में एक रिश्ते में जोड़े रखेगा? क्योंकि रिलेशनशिप में जुड़ाव होने पर दोनों व्यक्ति एक दूसरे से उम्मीद रखते ही हैं कि उनके प्रेम में ऐसा कोई नकारात्मक विचार उत्पन्न न हो जो उन्हें जुदा कर दे। शारीरिक रूप से साथ रहना जरूरी नहीं लेकिन आत्मिक और वैचारिक रूप से साथ रहना आवश्यक है। आज़ादी शब्द का अर्थ भी प्रत्येक व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। देखना यह है कि उसमें सकारात्मकता उभर के आए जिसमें ये एहसास खो जाए कि वे किसी विवशतावश जुड़े हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। ऑफिस में वो काम आपको आज मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत उत्सुक थे। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा। आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| सिंह | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जाएंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई जरूरी काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। |
| धनु | आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य वश आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। |
| मकर | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। |
| कुम्भ | आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। |
| मीन | आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा। पिछले कुछ समय से जिनसे आपकी अनबन चल रही है, वह आज दूर हो जाएगी। |

# प्रदेश सरकार ने निराश्रित/बेसहारा पशुओं को दिया है संरक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत वर्ष में प्राचीनकाल में पशुपालन और कृषि साथ-साथ होते रहे है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही पशुपालन की महत्ता बढ़ती रही। जिस व्यक्ति के पास जितने अधिक पशु होते थे, वह उतना ही आर्थिक रूप से सम्पन्न माना जाता था। पशु खेती, दुग्ध, सवारी, बोझ ढोने, खाद्य पदार्थो के उत्पादन आदि के लिए उपयोगी रहे हैं। कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। देश में 20वी सदी के सातवें दशक के अंत में 'हरित क्रांति' आने के बाद कृषि क्षेत्र के उपकरणों एवं उन्नतशील बीजों व रासायनिक उर्वरकों के आगमन से खेती के काम में आने वाले बैलों की कमी आने लगी। दुधारू पशुपालन लगातार होता रहा है। जो पशु उपयोगी नहीं रहें, उन्हें पशुपालकों द्वारा छोड़ दिया गया और ऐसे पशुओं को जंगल में छोड़ने पर उनका कुनबा बढ़ता गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पशुओं, गाय को संरक्षण देने के लिए विशेष योजना बनाई है। मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण-मिशन हेतु इच्छुक कृषकों/पशुपालकों के निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से अधिकतम 04 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालक की सुपुर्दगी में दिये जा रहे है।

प्रदेश में निराश्रित/बेसहारा पशुओं से फ़सलों के नुकसान से बचाने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गोसंरक्षण के लिये अस्थाई गोआश्रय स्थल-6621, गोवंश वन्य विहार/वृहद गोसंरक्षण केन्द्र-321, कांजी हाउस- 307, कान्हा गोशाला-286, अर्थात कुल 7535 गो-आश्रय स्थलों में 12 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित है, गो-पालन के लिए किसानों पशुपालकों को सुपुर्दगी में 1,43,160 गोवंश दिये जा चुके है।गोवंश के भरण-पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 1000.00 करोड तथा वर्ष 2024-25 में अद्यतन रू0 670.41 करोड़ जनपदों को निर्गत किया गया है। वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत 100 वृहद गो-सरंक्षण केन्द्रों के सापेक्ष 100 केन्द्रों हेतु निर्माण की द्वितीय किस्त रू0 4492.00 लाख अवमुक्त की गयी। वर्ष 2024-25 में 45 नये वृहद गोसरंक्षण केन्द्रों के निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 26 केन्द्रों की प्रथम किस्त की वित्तीय स्वीकृति धनराशि रू0 2080 लाख प्राप्त तथा कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि अवमुक्त व 182 वृहद गौ-संरक्षण केन्द्रों का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रदेश में विभाग द्वारा गोशालाओं का पंजीकरण ऑनलाइन किया जा रहा है।

अद्यतन 592 गोशालायें उ0प्र0 गौशाला अधिनियम 1964 के अन्तर्गत पंजीकृत हैं। गौ-संरक्षण केन्द्रों एवं सुपुर्दगी में दिये गये गौवंश के भरण पोषण हेतु रू0 50 प्रतिदिन प्रतिगौवंश की दर से डी0बी0टी0 के माध्यम से संबंधितों के खातों में धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। प्रदेश में अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (राज्य योजना) के अंतर्गत प्रदेश में उपलब्ध पशुधन हेतु समस्त 75 जनपदों में 4000 हे0 क्षेत्रफल में हरा चारा उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु प्रत्येक चयनित लाभार्थी को कम से कम 0.1 हे0 तथा अधिकतम 0.5 हे0 क्षेत्रफल हेतु रू0 500 प्रति ईकाई से (0.1 हे0 क्षेत्रफल) चारा बीज निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने के लिए कार्ययोजना बनी है। इस कार्ययोजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 की खरीफ/रबी/जायद सीजन में जई चारा बीज 6900 कु0 एवं बरसीम चारा बीज 112.82 कु0 पशुपालकों को वितरित किया गया। वर्ष 2024-25 में बरसीम चारा बीज 408.16 कु0 एवं जायद चारा बीज मिनीकिट 1142.82 कु0 योजनान्तर्गत कुल 40000 पशुपालकों को निःशुल्क वितरित किया जा रहा है।पशुपालन विभाग के प्रक्षेत्र पर उत्पादित चारा बीज का वर्ष 2020-21 में 10093.8 कु0 वर्ष 2021-22 में 10174.87 कु0 वर्ष 2022-23 में 8814.97 कु0 प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वितरित किया गया।

प्रदेश में हरे चारे एवं पशु आहार की कमी को दूर करने एवं वर्ष पर्यन्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित तथा सूखे चारे को संरक्षित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 चारा नीति (2024-2029) एवं उ0प्र0 पशु आहार नीति (2024-2029) प्रख्यापित की गयी है, जिससे प्रदेश में व्यापक हरे एवं सूखे चारे की कमी को कम कर पशुधन उत्पादकता में वृद्धि प्राप्त की जा सकेगी। चारा नीति संचालित करने की कार्यवाही क्रमित है।ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (यू0पी0जी0आई0एस0)-2023 निवेश के अन्तर्गत 3232 प्रोजक्ट के एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित कराये गये हैं, जिसके अन्तर्गत 585 इकाइयों के प्रोजेक्ट, जी0बी0सी0 से स्वीकृत हैं, जिनमें रू0 2222.38 करोड़ का निवेश होगा तथा लगभग 1,23,439 से अधिक व्यक्तियों को स्वरोजगार प्राप्त होगा। नस्ल सुधार हेतु राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आर0जी0एम0) के अन्तर्गत 200 गायों के ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म की स्थापना करायी जा रही है, जिसकी कुल लागत 04 करोड़ है, जिसमें 02 करोड की सब्सिडी भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। अब तक 8 मल्टीप्लिकेशन फार्म की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिससे 32 करोड का अतिरिक्त निवेश होगा।

## अजगर देख मचा हड़कम्प, नेशनल हाईवे पर अफरा तफरी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी पर लालगंज तहसील के समीप विशालकाय अजगर के निकलने से लोगों में हड़कम्प मच गया। अजगर को देखने के लिए राहगीरों समेत स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। करीब दस फिट लम्बाई वाले अजगर को लेकर घण्टों कौतूहल का माहौल दिखा। सूचना पर वन प्रभाग की टीम पहुंची। टीम ने मशक्कत कर अजगर को जंगल में छोड़ आया।

## एसपी की फटकार पर पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी की फटकार पर लीलापुर पुलिस ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ व घर में घुसकर उसे तथा परिवार के सदस्यों को गाली गलौज के साथ मारपीट की घटना में पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। महेशपुर गांव की पीड़िता ने एसपी को दिये गये प्रार्थनापत्र में कहा है कि बीती एक दिसम्बर को सुबह छह बजे वह शौंच से वापस आ रही थी। रास्ते में गांव के अनीश के पुत्र शहजाद ने उसे पकड़कर बगल में मौजूद बांस की कोठ की झांड में ले गये। आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसकी मां व चाची तथा पिता आदि परिजन दौड़ तो आरोपी ने उसे गाली देते हुए छोड़ दिया। इसी बीच शोर सुनकर आरोपी शहजाद की पत्नी शबनम, मां सरवरी तथा मुस्तकीम के पुत्र सलीम व कल्लू लाठी डंडे से लैस होकर आ गए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़िता के घर में घुसकर उसके पिता तथा परिजनों को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। एसपी डॉ अनिल की फटकार पर लीलापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ युवती के अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज के ताजपुर पूरे तिलकराम निवासी सीताराम के पुत्र बनवारी वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि तीन दिसम्बर की रात उसकी बेटी शौंच को गयी थी। तभी गांव के प्रकाश के पुत्र सचिन तथा पिता प्रकाश व उसकी पत्नी ने उसकी बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है केस दर्ज किया गया है। अपहता को शीघ्र बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# अग्निवीर बने सौरभ, गांव पहुंचने पर हुआ अभिनंदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** सपने जब सच होते हैं तो अपने भी खुश होते है और क्षेत्र के लोग खुशियों में सहभागी होकर उससे प्रेरणा भी लेते है और जीवन मे बेहतर करने के लिए उद्दत होते है। फिर जब बात देशसेवा से जुड़ा हो तो राष्ट्रप्रेम की भावना भी जागृत होने लगती है। पट्टी तहसील क्षेत्र के सिरनाथपुर छतेड़ी गांव के सौरभ वर्मा के 2024 बैच में अग्निवीर बनने के बाद ट्रेनिंग पूरी होने के पर गांव पहुंचे।

उस समय परिजनों सहित गांव के लोगों ने उनका फूल-माला पहनाकर तथा डीजे बजाकर जोरदार अभिनंदन किया और सौरभ की सफलता पर खुशी का इजहार किया। सामान्य परिवार के रहने वाले सौरभ वर्मा के सिर से पिता डॉ रामकुमार वर्मा का साया 3 वर्ष पहले ही उठ चुका था। घर की माली हालत ठीक न होने पर भी सौरभ ने कठिन परिश्रम का साथ नहीं छोड़ा और अग्निवीर बन गए। हैदराबाद में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वह शनिवार को अपने गांव सिरनाथपुर लौटे तो ग्रामीण उनकी इस सफलता पर फूले नहीं समाए और उनके सफलता पर डीजे की धुन पर राष्ट्रभक्ति गीतों पर जश्न मनाते हुए नजर आए और फूल मालाओं से लाद करके उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बाबा रामकृपाल वर्मा, भाई राम जनक वर्मा संजय वर्मा, सहित परिवार के सदस्य रामचंद्र वर्मा, फूलचंद वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, मास्टर संदीप वर्मा, हंसराज वर्मा, ग्राम प्रधान रंजीत यादव, अखिलेश वर्मा, राकेश यादव, मुन्ना सरोज, पूर्व प्रधान जीतलाल जायसवाल देवराज यादव, राजन वर्मा, महेंद्र प्रजापति, शिक्षक मुकेश यादव, जितेंद्र यादव, उमेश पाल सहित तमाम मित्र एवं गांव वाले मौजूद रहे।

## दलित पीड़िता के घर आगजनी, आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दलित पीड़िता के घर में आगजनी को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोठार मंगोलपुर निवासी राजेश सरोज की पत्नी सीमा ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पांच दिसम्बर को रात साढ़े नौ बजे रंजिशन हदिराही निवासी सीताराम वर्मा के पुत्र संजय ने पेट्रोल छिड़कर उसके मकान में आग लगा दी। शोर मचाने पर आरोपी जातिसूचक गालियां देते हुए भाग निकला। आगजनी की घटना में पीड़िता के मकान में रखी बाइक तथा चारपाई समेत गृहस्थी के सामान जलकर नष्ट हो गये। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तब आग पर काबू पाया जा सका। आरोपी ने पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगजनी व नुकसान का केस दर्ज किया है।

## नाले के समीप अधेड़ का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत में काम करने गये अधेड़ का नाले के समीप शव मिलने से रविवार को हड़कम्प मच गया। उदयपुर थाना के पूरे ब्रम्हा कुम्भीडीहा निवासी गंगाराम सरोज की पत्नी निशा सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसका पति गंगाराम (45) इधर तीन चार दिनों से बीमार चल रहा था। बीती सात दिसम्बर को वह घर से खेत पर काम करने गया था। देर रात घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो उठे। रविवार की सुबह गांव के लोगों ने रंजीत जायसवाल के खेत के बगल पैंगा नाले के पास गंगाराम को मृत देखा। सूचना मिलने पर वह पहुंची आवाक रह गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार दोपहर पीएम के लिए भेजवाया। थानाध्यक्ष राधेबाबू का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# दूसरी पत्नी पर नकदी-जेवर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी करने पर पत्नी ने नकदी, जेवर हड़प लिया। शिकायत करने पर वह दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देने लगी।पीड़ित ने एसपी से शिकायत के बाद दूसरी पत्नी पर पहले भी दो शादी करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।कुंडा थाना क्षेत्र के ऊगापुर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार पांडेय की पत्नी की 12 जनवरी 2023 को प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। एक बच्चा पहले से था। आरोप है कि गिरधरपुर गोड़वा होलागढ़ निवासी लक्ष्मीकांत पांडेय ने अपनी बेटी पूजा को अविवाहित बताकर 25 अप्रैल 2024 को कुंडा के एक मंदिर में शादी कर दी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पत्नी की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। आलमारी में रखे 70 हजार रुपये, करीब तीन लाख रुपये के जेवर गायब हो गए।पूछने पर पत्नी, उसके भाई और पिता ने दहेज उत्पीड़न का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। बाद में पता चला कि आरोपियों ने पहले भी उसकी दो शादियां की थी। कुछ दिन में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखाकर मोटी रकम वसूल की। आरोप है कि पूजा के कई नाम से आधार कार्ड है। वह नाम बदल कर नया शिकार बनाती है। एसपी से शिकायत के बाद सत्येन्द्र ने पूजा, उसके पिता लक्ष्मीकांत पांडेय, भाई शिवम पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पूर्व प्रधान के घर शोक संवेदना जताने पहुंचे जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष

**कुंडा प्रतापगढ़।**बाबागंज विधानसभा के राजापुर निवासी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के अति करीबी ,वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व ग्राम प्रधान सूर्य प्रताप तिवारी के छोटे भाई कृष्ण प्रताप तिवारी की पत्नी श्रीमती अमरावती देवी वर्षो से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। उन्होंने शुक्रवार को घर पर ही अंतिम सांस ले ली। जानकारी होने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ,जानकारी होने पर रविवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज के विधायक विनोद सरोज पूर्व प्रधान के घर पहुंच कर गहरा दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया कि पूरा जनसत्ता दल राजा भइया का परिवार आपके साथ खड़ा है। इस दौरान ढिंगवश ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी, राजापुर ग्राम प्रधान संरक्षक सुमित प्रताप सिंह, रवि सरोज, रूपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## पीड़िता के साथ मारपीट को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के खेमराजपुर निवासी उदयपुर राज कोरी के पुत्र हिमांशू ने तहरीर में कहा है कि उन्नतीस नवम्बर को शाम करीब पांच बजे वह अपनी बुआ के घर के पास खड़ा था। इसी समय गांव के ही आरोपी हरीलाल के पुत्र सचिन सरोज ने उसे गाली दिया। मना करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर लोग बचाव को दौड़े तब आरोपी पीड़ित को जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# लोकपाल की अध्यक्षता में पूरे गजई मे मजदूर चौपाल आयोजित

**▶▶ मजदूरों तथा मनरेगा की शिकायतों को सुना और निस्तारण को दिए आवश्यक निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ के ग्राम पंचायत पूरे गजई में लोकपाल समाज शेखर की अध्यक्षता में मनरेगा मजदूरों की चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में लोकपाल ने मजदूरों तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा स्थलीय भ्रमण व निरीक्षण कर समुचित समाधान के निर्देश सम्बन्धितों को दिए। चौपाल के बाद लोकपाल ने अति प्राचीन जल संरचना रामपुर बाबली का स्थलीय निरीक्षण किया तथा विकास खण्ड क्षेत्र में स्थित प्राचीन लोनी नदी की धारा का विभिन्न ग्रामों में अवलोकन किया। ग्राम पंचायत पूरे गजई के अशोक तिवारी तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए थे।



इसी सन्दर्भ में मनरेगा मजदूरों की चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान श्रीमती लक्ष्मीदेवी के संयोजन में पंचायत भवन के सामने किया गया। कुल पंजीकृत मजदूरों के सापेक्ष मात्र 17 मजदूरों ने चौपाल में सहभागिता की। जिस पर लोकपाल ने अनुपस्थित सभी मजदूरों का बेरीफिकेशन खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से कराकर ही उक्त मजदूरों द्वारा आगे कार्य कराए जाने का निर्देश पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को दिया। पंचायत भवन अधूरा मिला, कार्यालय में कोई अभिलेख नही मिला। पंचायत सचिव कोई भी अभिलेख उपलब्ध नही करा सके। बताया कि ब्लाक में अभिलेख रखते हैं। जिस पर लोकपाल ने पंचायत भवन से सम्बन्धित आवश्यक आख्या तथा वर्ष 2024-25 की पत्रावली के साथ 10 दिसम्बर को लोकपाल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। ग्रामवासियों तथा मजदूरों की मांग पर लोकपाल ने पंचायत भवन तथा अन्य सार्वजनिक स्थल पर साफ व स्पष्ट रूप से बैनर लगाकर मजदूरों की सूची जांब कार्ड नम्बर,पिता तथा पति के नाम के साथ एक सप्ताह के भीतर चस्पा करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों की मांग पर वहां हाल ही में बने पंचायत भवन तक आने वाले मार्ग का लोकपाल ने अवलोकन किया। प्रथमदृष्टया मार्ग की दशा अत्यन्त खतरनाक दिखी जिस पर अनावश्यक दुर्घटना सम्भावित है। उक्त सडक की तकनीकी आख्या तकनीकी सहायक से 10 दिसम्बर को उपस्थित होकर लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश पंचायत सचिव को दिया। ग्रामीणों ने नदी के किनारे शवदाह स्थल के निर्माण का मुददा उठाया, जिसपर ग्राम पंचायत को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिया गया।लोकपाल ने प्रधान व सभी उपस्थित ग्राम वासियों के परामर्श से ग्राम में मनरेगा कार्यो की निगरानी हेतु चार सदस्यीय मनरेगा निगरानी समूह का गठन किया। जिसमें अशोक तिवारी संयोजक,राम लखन पाल, प्रदीप कुमार मिश्र तथा राज कुमार तिवारी को सदस्य चुना गया। पंचायत भवन परिसर के बगल स्थित ग्राम के अति प्राचीन इटार बीर सेवई बाबा के प्राचीन टीले के संरक्षण के लिए ग्राम वासियों ने लोकपाल के समक्ष प्रस्ताव रखा। जिस पर लोकपाल ने जनसहयोग तथा ग्राम पंचायत के सम्मिलित सहभागिता से महत्व के इस स्थल का समुचित संरक्षण व प्रबन्धन किया जाने का निर्देश दिया। चौपाल के बाद लोकपाल समाज शेखर ने विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों में प्राचीन लोनी नदी तथा उसकी सहायक धाराओं का स्थलीय निरीक्षण व अवलोकन जनपदीय व स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ किया। तदोपरान्त लोकपाल समाज शेखर ने रामपुर बावली स्थित अति प्राचीन जल संरचना का स्थलीय भ्रमण व निरीक्षण किया। बावली की वर्तमान दशा देखकर लोकपाल समाज शेखर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह अद्भुत जल धारा जनपद का मान सदैव बढाती रही हैं, अभी इसकी दशा चिन्तनीय है। इसके संरक्षण के लिए यदि अविलम्ब प्रयास न हुआ तो यह सदैव के लिए नष्ट हो जायेगी। उन्होने उपस्थित क्षेत्रीय समूह व पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायत के साथ मिलकर इसके संरक्षण व प्रबन्धन में अपनी भूमिका निभाने का आवाहन किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्लोक मिश्र, सुन्दरम तिवारी व दुर्गेश तिवारी शामिल रहे। वहीं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक तथा पंचायत प्रतिनिधि तथा मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

# मवेशी को बचाने में पुलिस जीप पलटी, एसआई घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** रात में गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की जीप अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई। जीप क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार एक एसआई घायल हो गए। जबकि अन्य पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। बाघराय के एसआई प्रमोद कुमार, आरक्षी अतुल कुमार, विजय कुमार, पीआरडी गंगा प्रसाद शनिवार रात जीप से गश्त पर थे। रविवार को भोर में थाना लौटते समय गुड्डू तिराहे पर सामने से आ रहे मवेशी और ट्रक को बचाने के प्रयास में जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इससे सभी पुलिसकर्मी जीप में फंस गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो जीप सीधी करके सभी को बाहर निकाला। एसआई प्रमोद कुमार के सीने में चोटें आई। अन्य लोग बाल-बाल बच गए। खबर मिलते ही इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। सभी पुलिसकर्मियों का सीएचसी में इलाज कराया गया।

## मारपीट में महिला समेत दो घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के महाजन का पुरवा पंचपेड़ा जमेठी निवासी मूलचंद्र यादव के 17 वर्षीय बेटे धनराज यादव को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया। इसी प्रकार हथिगवां थाना क्षेत्र के भोला का पुरवा बरना निवासी शम्भू यादव की 45 वर्षीय पत्नी सीमा देवी को गांव के ही लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया

## मायके आयी महिला पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालीदीन का पुरवा जनवामऊ निवासी जयसिंह पटेल की पत्नी अनीता देवी संग्रामगढ़ के खनवारी में अपने मायके आई थी। आरोप है तीन दिसंबर की रात उसके चाचा अशोक कुमार ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में वह अचेत होकर गिर गई। पीड़िता अनीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार के खिलाफ रिपोर्ट

## वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आपराधिक मुकदमें में कोर्ट के वांछित को धर दबोचा। लालगंज के दरोगा दीपक यादव रविवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कस्बे में कोर्ट का वांछित लाल मोहम्मद का पुत्र मुख्तार अहमद पुलिस को दिख गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# 27 वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

**प्रतापगढ़।** एसपी प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाया गया अभियान। अभियान के तहत एएसपी(पूर्वीध्पश्चिमी) तथा समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा कुल 27 वारण्टी गिरफ्ता। थाना कोतवाली नगर से 01, थाना अंतू से 01, थाना कोहँडौर से 02, थाना रानीगंज से 01, थाना फत्तनपुर से 02, थाना मान्धाता से 01,थाना पट्टी से 01, थाना दिलीपपुर से 01,थाना कन्धई से 01, थाना आसपुर देवसरा से 03, थाना जेठवारा से 03, थाना बाघराय से 01, थाना महेशगंज से 03,थाना लालगंज से 01, थाना लीलापुर से 03, थाना संग्रामगढ़ से 01, थाना मानिकपुर से 01, अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के अहिरन का पुरवा राना पट्टी निवासी दिनेश कुमार मिश्र के घर में मोहल्ले के पंकज मौर्य ने वायरिंग का काम किया था।

आरोप है कि पंकज हिसाब करने आया तो घर के बाहर खड़े होकर विवाद करने लगा। कुछ देर बाद अपने साथ पवन मौर्य, अमन कुमार मौर्य, सत्यम के साथ पहुंचा और उसे मारने पीटने लगा। पुलिस ने पीड़ित दिनेश की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क हादसों में चार लोग घायल, महिला गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के सुजान पुर प्रीतमपुर गांव निवासी 35 वर्षीय अशोक कुमार यादव बाइक से जाते समय वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। अन्य हादसों में मानिकपुर कियावां के 55 वर्षीय अधिवक्ता सूबेदार पांडेय, बाघराय रामदास पटटी बिहार के 70 वर्षीय असलम खान, कुंडा बानेमऊ के भाईलाल मौर्या की 45 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी को चोटें आई। सभी को सीएचसी लाया गया। यहां से निर्मलादेवी को प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

# संसार में मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा की तरह- अनिलेश महाराज

**▶▶ भागवत कथा में सुदामा का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शहर के विकास भवन स्थित पूरे बेदुआ में पीबी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता पंडित प्रेम शंकर मिश्र के यहां आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के सातवें दिन रविवार को कथा व्यास पंडित अनिलेश शुक्ल महराज ने भगवान श्रीकृष्ण कृष्ण और सुदामा की मित्रता सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने सातवें दिन की कथा में भगवान कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस





देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित अनिलेश शुक्ल महराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वार पर मौजूद द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस प्रसंग को सुन और झांकी देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। इसके बाद भागवत भगवान की आरती के बाद मौजूद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञान लता मिश्रा, आशीष मिश्र, डॉ मनीष मिश्र, पूजा मिश्रा, ददन पांडेय, आरपी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# विकास से सम्बन्धित कार्यों की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** चारागाह, खेल मैदान, भूमि अधिग्रहण, सोलर पावर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने 800 अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क की समीक्षा की। यूपी नेडा ने बताया कि अब तक 3255.543 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस पर डीएम ने अवशेष जमीन का अधिग्रहण करते हुए बॉउंड्री का कार्य शीघ्र शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही मानिकपुर तहसील के ग्राम अगरहुड्डा व मदना में बन रहे 25 मेगा वॉट ऑन ग्रीड सोलर पावर प्लांट के कार्य को जल्द पूर्ण कराने सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति के लिए निर्देश दिए। गौशाला के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि



सभी उप जिलाधिकारी चारागाह के लिए जमीन गाटावार चिन्हित कर खाली कराए। मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर की संबंध में कहा कि जिन ग्राम में तालाब नहीं बना है, उन ग्रामों को चिन्हित करें। खेल मैदान के संबंध में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायत के पास खेल मैदान नहीं है, उन्हें चिन्हित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि जिन खेल मैदानों में बाउंड्री वॉल नहीं है, उनमें बाउंड्र वाल बनवाएं।

जिलाधिकारी ने तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि रुचि लेकर कार्य में प्रगति कराए नहीं तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने ग्राम रसिन, गोंडा, रौली कल्याणपुर में बनने वाले खेल मैदान के लिए निर्देशित किया कि गांव से दूर न रहे तथा इनमें हाई मास्क ब्रेच लाइट लगाकर वालीबाल, क्रिकेट व अन्य खेल के लिए पिच बनाएं। राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक में डीएम ने धारा 24, धारा 67, 116 के मुकदमे, वरासत, सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पैमाइश के ज्यादा प्रकरण है, इसमें तहसीलदार निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि कानूनगो कम है, तो सीनियर लेखपाल की टीम बनाकर निस्तारण कराएं। दैवीय आपदा के सम्बन्ध में कहा कि रिपोर्ट त्वरित आनी चाहिए एवं लाभार्थियों को पैसा समय से मिल जाए, यह सुनिश्चित कराए। साथ ही ओलावृष्टि की भी रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजें। आइजीआरएस पोर्टल के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण शत-प्रतिशत होने चाहिए। जिससे जिले की रैंकिंग अच्छी बने।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार आदि मौजूद

# पल्स पोलियो अभियान शुरु, जीरो से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** सयुंक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में रविवार को माह दिसम्बर के अंतर्गत पल्स पोलियो एनआईडी अभियान की शुरुआत जिला चिकित्सालय के बूथ संख्या 21 का शुभारम्भ कर किया गया। पोलियो बूथ का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुमार ने रिबन काटकर व नवजात बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाकर किया गया।शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील की कि जीरो से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयो में आठ से 16 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे पोलियो अभियान के तहत पोलियो की दवा पिलवाएं। बताया कि इस अभियान में पोलियो बूथ में एवं घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाई जाएगी। बताया कि इस अभियान में 1,75,760 बच्चों को



पोलियो की खुरॉक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जीआर रतमेले एंव डीपीएम आरके करवरिया ने पल्स पोलियो एनआईडी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।पोलियो बूथ के शुभारम्भ अवसर पर एएनएम रीता रैकवार ने 28 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान रीतू देवी, सत्तार अली ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। पोलियो बूथ के शुभारम्भ की व्यवस्था एवं संचालन में चीफ फार्मासिस्ट एवं उनके स्टाफ ने सहयोग दिया।इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतराया, उपमुख्यचिकित्साधिकारी/प्रभारी शहरी पीएचसी कर्वी डॉ अरूण पटेल, एलएमओ डॉ तनुश्री अप्पा, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ आरबी लाल, डॉ आशुतोष, ज्ञानचन्द्र शुक्ला, रूपनरायण यादव, नरोत्तमसिंह, अभिलाष खरे, राहुल रॉव, अजय कुमार, रतन धुरिया, दिलीप द्विवेदी, रामजी मौर्या, डॉ श्याम जाटव, कुसुम श्रीवास्तव, अभिनंदन सिंह, रामनारायण कुशवाहा, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना



**पहाड़ी, चित्रकूट-** ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित हुए विद्यार्थियों को रविवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रयागराज रवाना किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि बताया कि बीती 28 अक्टूबर को हुई राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया था।

जिसमें पुरस्कृत बच्चों को शैक्षिक उन्नयन के लिए शैक्षिक भ्रमण टूर को प्रयागराज भेजा गया है। जिससे बच्चे वहां की ऐतिहासिक जानकरी प्राप्त कर सकेगें। बताया कि शैक्षिक भमण के लिए ओरा, इटौरा, अर्जुनपुर, तौरा, लमियारी, गडौली, बक्टा खुर्द, खोपा, भदेदू, कलवारा खुर्द, बालापुर खालसा सहित दर्जनों विद्यालय से कुल 90 बच्चों का एक दिवसीय टूर पहाड़ी से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया है। जिसमें बच्चें वैज्ञानिक, ऐतिहासिक धरोहरों, संग्रहालयों, तारा मण्डल, आनन्द भवन आदि का भ्रमण करेंगे। बच्चों की सुरक्षा एवं टूर को सही ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एक नोडल शिक्षक सहित सात सदस्य शिक्षकों का दल भी रवाना किया गया है। प्रयागराज की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में बच्चों के भ्रमण करने के बाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरुस्कार व प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया जायेगा। खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने बताया की शैक्षिक भ्रमण में अभिभावकों की सहमति से छात्रों को भेजा गया है।

साथ ही सभी बच्चों को शर्ट, पेन, बैग, कॉपी, कैप आदि सामग्री दी गयी हैं। जिससे बच्चे अपने अनुभव एवं ज्ञान की बातों को भ्रमण के दौरान नोट कर सके।शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम नोडल शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, दीपिका सिंह, उमेश सिंह, पुष्पराज सिंह, रामनारायण साहू, नेहा द्विवेदी, दीपमाला की देखरेख मे संचालित होगा।

# परिक्रमा मार्ग में चलाया स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट ब्यूरो-** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा कामतानाथ परिक्रमा स्थित बरहा के हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर की सफाई की गई। इस दौरान सफाई के साथ श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा न फैलाने की अपील की गई। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष व नगर पालिका चित्रकूट धाम कर्वी के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि समिति का मूल उद्देश्य धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए चित्रकूट पर्वत को साफ और स्वच्छ बनाना है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। सफाई अभियान में शिवशंकर स्वरूप महराज, जितेंद्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, राम सिया आदि ने सहयोग दिया।

# महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर प्रसन्नता का माहौल



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग प्रदान करने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के साथ ग्रामोदय के शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी, विद्यार्थी ने कामदगिरि की परिक्रमा कर भगवान कामतानाथ के दर्शन किए और संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया।

नैक द्वारा ए डबल प्लस की ग्रेडिंग दिए जाने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कामदगिरि की परिक्रमा व दर्शन करने के बाद ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति एवं भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के आवास सियाराम कुटीर जाकर नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महर्षि वाल्मीकि सभागार में हुए कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित नैक के ए डबल प्लस ग्रेड के लिए दूरभाष पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के विश्वविद्यालय आगमन और सतत मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा को आत्मसात कर ग्रामोदय परिवार निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्रामोदय लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सहयोग से मिली परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की अर्जित समस्त उपलब्धियों का श्रेय ग्रामोदय परिवार के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, विद्यार्थी और पेड़-पौधों आदि को भी जाता है। उन्होंने ग्रामोदय परिवार के सभी लोगों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, संकायाध्यक्ष गण प्रो अमरजीत सिंह, प्रो एस के चतुर्वेदी, प्रो शशि कांत त्रिपाठी, डॉ आञ्जनेय पांडेय, डॉ सुधाकर मिश्रा आदि ने अपने विचार रखें। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा फेसबुक पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात की। साथ ही परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी ने इस मामले में कर्वी कोतवाली में रिपार्ट दर्ज कराई है।

अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में रविवार को जिला महासचिव शिवप्रकाश, गणेश मिश्र, रंजय मिश्र, अभेष कुमार मिश्रा, पंकज शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, कुलदीप उपाध्याय, शैलेन्द्र पाण्डेय, विशाल उपाध्याय, नरेन्द्र पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, अनुभव द्विवेदी, बादल मिश्रा, धनंजय मिश्रा, विशाल भाई, आदि ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से मुलाकात कर बताया कि बीती छह दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने अपनी सोशल मीडिया फेसबुक पर ब्राम्हण समुदाय की बहन-बेटियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए सामाजिक सौहार्द को तनावपूर्ण बना दिया है। जिससे ब्राम्हण, क्षत्रिय तथा अन्य समाज के लोग इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे है। इसके बाद कर्वी कोतवाली में जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के विरुद्ध परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 299 और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 के तहत धारा 66 में अभियोग पंजीकृत

# ग्लोबल इंटर कॉलेज में स्काउट ध्गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** ग्लोबल इंटर कॉलेज चौराडीह चायल कौशाम्बी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के तत्वावधान में स्काउट ध्गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक नागेंद्र त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य चंद्रकेतु मणि त्रिपाठी रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को विद्यालय के स्काउट मास्टर जय जी यादव ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड साहस और लगन देखकर अतिथियों ने बहुत सराहना किया साथ ही साथ विद्यालय के



प्रबंधन नागेंद्र त्रिपाठी ने स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है साथ ही साथ बताया कि किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और किसी भी प्रकार के आपदाओं में स्काउट गाइड सेवा और सहयोग के भावना से हमेशा तैयार रहते हैं। और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते हैं इस कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह, सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। अंत में ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक गण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने किया।

# ठंड में मिले गर्म कपड़े, खिल उठे गरीबों के चेहरे

**बांदा।** ठंड का मौसम आते ही गरीबों का जीवन यापन मुश्किल हो जाता है। गरीबों की मदद के लिए रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को गुरेह गांव में कपड़ा वितरण कैंप का आयोजन किया। कपड़े, जूते, चप्पल, किताबें और खिलौने पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई।

रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को ग्राम प्रधान गुरेह अजय सिंह उर्फ लाला भाई समेत भगवानदीन शाखा प्रमुख गुरेह के नेतृत्व में और शेख सादी जमा के संरक्षण व रिजवान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद इदरीश सचिव रोटी बैंक के नेतृत्व में शहर के ज़िम्मेदार जागरूक लोगों के सहयोग से ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को प्रत्येक रविवार की तरह जनपद के अन्य क्षेत्रों की तरह इस रविवार को भी कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें,खिलौने आदि का वितरण ग्राम गुरेह में किया। साथ ही तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष रोटी बैंक सोसाइटी के द्वारा ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों समेत जल बचाने के प्रति जागरूक किया। इरफान खान कोषाध्यक्ष बांदा रोटी बैंक के द्वारा ग्रामीणों को संगठन के बारे में बताया।

अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दननाका और मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी रोटी बैंक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों और शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग व सेवा प्रदान की। सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अज़हर महामंत्री, नसीर खान, अलीमुददीन, शाहान अली, फरज़ाना बेग़म, शहाना खान, विजयकरन आदि मौजूद रहे।

# दो बूंद हर बार, ताकि जीत रहे बरकरार

## पीपीसी सेंटर में डीएम ने नवजात बच्चों को पिलाई पल्स-पोलियो की खुराक

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम नगेंद्र प्रताप ने पीपीसी बूथ में नवजात शिशुओं को पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाकर की। पल्स पोलियो अभियान के तहत सभी बच्चों को दवा पिलाने के लिए जनपद में 1024 बूथ बनाए गए हैं। जबकि 633 टीमें घर-घर भ्रमण करते हुए छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग और स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी और पर्यवेक्षकों को लगाया गया है।

सीएमओ डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बूथ दिवस और सोमवार से 13 दिसंबर तक.घर-घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जायेगा। 16 दिसंबर को बूथ एवं घर-घर कार्य के दौरान पोलियो



ड्राप से छूटे हुये बच्चों को बी-टीम द्वारा पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी। इसके लिए पूरे जनपद में 1024 बूथ बनाये गये हैं और घर-घर भ्रमण के लिए 633 टीमें बनायी गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी व शिक्षा विभाग तथा स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक लगाये गये हैं। जिले में रविवार को शून्य से पांच वर्ष के नौनिहालों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। माता-पिता से अपील की गयी की वह 0-5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं।

पोलियो की बीमारी से भारत मुक्त हो चुका है लेकिन पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतियात के तौर पर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विजयशंकर केसरवानी ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 287282 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जाना है। आप सभी जनपद वासियों से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपील करता है कि हमारी पोलियो टीम को सहयोग दें और अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दया पिलाने का कष्ट करें, ताकि हम अपने देश को पोलियो मुक्त रख सकें। इस मौके पर डॉ. सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डॉ. अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, स्वंयसेवी संस्था से सुनील सक्सेना, गणेश पाण्डेय आरसी यूनीसेफ, कुशल यादव डीपीएम एनएचएम, राधा शर्मा एआरओ (आरआई), रोहित कुमार सिंह वीसीसीएम यूएनडीपी, डब्लूएचओ प्रतिनिधि और अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नागरिकों को सूचना का कानूनी अधिकारी प्रदान करता है आरटीआई अधिनियम

**चित्रकूट ब्यूरो-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा रविवार को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और इसका मानवाधिकार एवं सामाजिक कार्यो से संबंध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही आरटीआई से सम्बन्धित प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।व्याख्यान में उत्तर प्रदेश के सूचना का अधिकार आयोग के उप सचिव ज्योतिषाचार्य तेजस्कर पांडेय ने आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं, इसके सामाजिक महत्व और इसके माध्यम से पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

बताया कि यह अधिनियम न केवल लोकतांत्रिक शासन की मजबूती के लिए एक सशक्त साधन है, बल्कि यह मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक कार्यो को प्रभावी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। आरटीआई अधिनियम ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को उनकी समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान किया है।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आरटीआई के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाया जा सकता है और इसे मानवाधिकारों के लिए एक सशक्त उपकरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

**शिवकुमारी महाविद्यालय आशापुर, रानीगंज, प्रतापगढ़**

(संबद्धः प्रो राजेंद्र सिंह 'रज्जू भैया' महाविद्यालय, प्रयागराज)

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रवक्ता पद की आवश्यकता है। प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर राजनीति शास्त्र में 01 पद, योग्यता पी0एच0डी0/नेट वेतन एवं शर्तें उत्तर प्रदेश शासन यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के नियमानुसार। योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर सभी अंक पत्र एवं फोटो सहित दो प्रतियों में आवेदन करें।

प्राचार्य/प्रबंधक

मो0–7081171167,7881105201

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# विकास से सम्बन्धित कार्यों की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट-** चारागाह, खेल मैदान, भूमि अधिग्रहण, सोलर पावर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने 800 अल्ट्रा मेगा सोलर पावर पार्क की समीक्षा की। यूपी नेडा ने बताया कि अब तक 3255.543 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस पर डीएम ने अवशेष जमीन का अधिग्रहण करते हुए बॉउंड्री का कार्य शीघ्र शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही मानिकपुर तहसील के ग्राम अगरहुड्डा व मदना में बन रहे 25 मेगा वॉट ऑन ग्रीड सोलर पावर प्लांट के कार्य को जल्द पूर्ण कराने सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति के लिए निर्देश दिए। गौशाला के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी चारागाह के लिए जमीन गाटावार चिन्हित कर खाली कराए। मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर की संबंध में कहा कि जिन ग्राम में तालाब नहीं बना है, उन ग्रामों को चिन्हित करें। खेल मैदान के संबंध में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायत के पास खेल मैदान नहीं है, उन्हें चिन्हित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि जिन खेल मैदानों में बाउंड्री वॉल नहीं है, उनमें बाउंड्र वाल बनवाएं।

जिलाधिकारी ने तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि रुचि लेकर कार्य में प्रगति कराए नहीं तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने ग्राम रसिन, गोंडा, रौली कल्याणपुर में बनने वाले खेल मैदान के लिए निर्देशित किया कि गांव से दूर न रहे तथा इनमें हाई मास्क ब्रेच लाइट लगाकर वालीबाल, क्रिकेट व अन्य खेल के लिए पिच बनाएं। राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक में डीएम ने धारा 24, धारा 67, 116 के मुकदमे, वरासत, सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पैमाइश के ज्यादा प्रकरण है, इसमें तहसीलदार निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि कानूनगो कम है, तो सीनियर लेखपाल की टीम बनाकर निस्तारण कराएं। दैवीय आपदा के सम्बन्ध में कहा कि रिपोर्ट त्वरित आनी चाहिए एवं लाभार्थियों को पैसा समय से मिल जाए, यह सुनिश्चित कराए। साथ ही ओलावृष्टि की भी रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजें। आइजीआरएस पोर्टल के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण शत-प्रतिशत होने चाहिए। जिससे जिले की रैंकिंग अच्छी बने।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान शुरू, जीरो से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट-** सयुंक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में रविवार को माह दिसम्बर के अंतर्गत पल्स पोलियो एनआईडी अभियान की शुरुआत जिला चिकित्सालय के बूथ संख्या 21 का शुभारम्भ कर किया गया। पोलियो बूथ का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी व मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ शैलेन्द्र कुमार ने रिबन काटकर व नवजात बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाकर किया गया।शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील की कि जीरो से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयो में आठ से 16 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे पोलियो अभियान के तहत पोलियो की दवा पिलवाएं। बताया कि इस अभियान में पोलियो बूथ में एवं घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाई जाएगी। बताया कि इस अभियान में 1,75,760 बच्चों को पोलियो की खुरॉक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जीआर रतमेले एंव डीपीएम आरके करवरिया ने पल्स पोलियो एनआईडी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।पोलियो बूथ के शुभारम्भ अवसर पर एएनएम रीता रैकवार ने 28 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान रीतू देवी, सत्तार अली ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। पोलियो बूथ के शुभारम्भ की व्यवस्था एवं संचालन में चीफ फार्मासिस्ट एवं उनके स्टाफ ने सहयोग दिया।इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारया, उपमुख्यचिकित्साधिकारी/प्रभारी शहरी पीएचसी कर्वी डॉ अरूण पटेल, एलएमओ डॉ तनुश्री अप्पा, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ आरबी लाल, डॉ आशुतोष, ज्ञानचन्द्र शुक्ला, रूपनरायण यादव, नरोत्तमसिंह, अभिलाष खरे, राहुल रॉव, अजय कुमार, रतन धुरिया, दिलीप द्विवेदी, रामजी मौर्या, डॉ श्याम जाटव, कुसुम श्रीवास्तव, अभिनंदन सिंह, रामनारायण कुशवाहा, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना



**पहाड़ी, चित्रकूट-** ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित हुए विद्यार्थियों को रविवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए प्रयागराज रवाना किया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि बताया कि बीती 28 अक्टूबर को हुई राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया था।

जिसमें पुरस्कृत बच्चों को शैक्षिक उन्नयन के लिए शैक्षिक भ्रमण टूर को प्रयागराज भेजा गया है। जिससे बच्चे वहां की ऐतिहासिक जानकरी प्राप्त कर सकेगें। बताया कि शैक्षिक भमण के लिए ओरा, इटौरा, अर्जुनपुर, तौरा, लमियारी, गडौली, बक्टा खुर्द, खोपा, भदेदू, कलवारा खुर्द, बालापुर खालसा सहित दर्जनों विद्यालय से कुल 90 बच्चों का एक दिवसीय टूर पहाड़ी से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया है। जिसमें बच्चें वैज्ञानिक, ऐतिहासिक धरोहरों, संग्रहालयों, तारा मण्डल, आनन्द भवन आदि का भ्रमण करेंगे। बच्चों की सुरक्षा एवं टूर को सही ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एक नोडल शिक्षक सहित सात सदस्य शिक्षकों का दल भी रवाना किया गया है। प्रयागराज की ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में बच्चों के भ्रमण करने के बाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरुस्कार व प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया जायेगा। खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने बताया की शैक्षिक भ्रमण में अभिभावकों की सहमति से छात्रों को भेजा गया है।

साथ ही सभी बच्चों को शर्ट, पेन, बैग, कॉपी, कैप आदि सामग्री दी गयी हैं। जिससे बच्चे अपने अनुभव एवं ज्ञान की बातों को भ्रमण के दौरान नोट कर सके।शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम नोडल शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, दीपिका सिंह, उमेश सिंह, पुष्पराज सिंह, रामनारायण साहू, नेहा द्विवेदी, दीपमाला की देखरेख मे संचालित होगा।

# परिक्रमा मार्ग में चलाया स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट ब्यूरो-** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा कामतानाथ परिक्रमा स्थित बरहा के हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाकर मंदिर परिसर की सफाई की गई। इस दौरान सफाई के साथ श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा न फैलाने की अपील की गई। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष व नगर पालिका चित्रकूट धाम कर्वी के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि समिति का मूल उद्देश्य धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालुओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए चित्रकूट पर्वत को साफ और स्वच्छ बनाना है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। सफाई अभियान में शिवशंकर स्वरूप महराज, जितेंद्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, राम सिया आदि ने सहयोग दिया।

# महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक से ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर प्रसन्नता का माहौल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग प्रदान करने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के साथ ग्रामोदय के शिक्षक, शोधार्थी, अधिकारी, विद्यार्थी ने कामदगिरि की परिक्रमा कर भगवान कामतानाथ के दर्शन किए और संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया।

नैक द्वारा ए डबल प्लस की ग्रेडिंग दिए जाने पर ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कामदगिरि की परिक्रमा व दर्शन करने के बाद ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति एवं भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के आवास सियाराम कुटीर जाकर नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महर्षि वाल्मीकि सभागार में हुए कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित नैक के ए डबल प्लस ग्रेड के लिए दूरभाष पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के विश्वविद्यालय आगमन और सतत मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा को आत्मसात कर ग्रामोदय परिवार निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्रामोदय लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सहयोग से मिली परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की अर्जित समस्त उपलब्धियों का श्रेय ग्रामोदय परिवार के प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, विद्यार्थी और पेड़-पौधों आदि को भी जाता है। उन्होंने ग्रामोदय परिवार के सभी लोगों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, संकायाध्यक्ष गण प्रो अमरजीत सिंह, प्रो एस के चतुर्वेदी, प्रो शशि कांत त्रिपाठी, डॉ आञ्जनेय पांडेय, डॉ सुधाकर मिश्रा आदि ने अपने विचार रखें। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी में धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा फेसबुक पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मुलाकात की। साथ ही परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी ने इस मामले में कर्वी कोतवाली में रिपार्ट दर्ज कराई है।

अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में रविवार को जिला महासचिव शिवप्रकाश, गणेश मिश्र, रंजय मिश्र, अभेष कुमार मिश्रा, पंकज शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, कुलदीप उपाध्याय, शैलेन्द्र पाण्डेय, विशाल उपाध्याय, नरेन्द्र पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, अनुभव द्विवेदी, बादल मिश्रा, धनंजय मिश्रा, विशाल भाई, आदि ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से मुलाकात कर बताया कि बीती छह दिसम्बर को जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने अपनी सोशल मीडिया फेसबुक पर ब्राम्हण समुदाय की बहन-बेटियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए सामाजिक सौहार्द को तनावपूर्ण बना दिया है। जिससे ब्राम्हण, क्षत्रिय तथा अन्य समाज के लोग इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे है। इसके बाद कर्वी कोतवाली में जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती के विरुद्ध परिषद के जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 299 और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 के तहत धारा 66 में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# ग्लोबल इंटर कॉलेज में स्काउट ध्गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कौशाम्बी।** ग्लोबल इंटर कॉलेज चौराडीह चायल कौशाम्बी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के तत्वावधान में स्काउट ध्गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक नागेंद्र त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य चंद्रकेतु मणि त्रिपाठी रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को विद्यालय के स्काउट मास्टर जय जी यादव ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड साहस और लगन देखकर अतिथियों ने बहुत सराहना किया साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंधन नागेंद्र त्रिपाठी ने स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है साथ ही साथ बताया कि किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और किसी भी प्रकार के आपदाओं में स्काउट गाइड सेवा और सहयोग के भावना से हमेशा तैयार रहते हैं। और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते हैं इस कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह, सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। अंत में ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक गण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने किया।

# ठंड में मिले गर्म कपड़े, खिल उठे गरीबों के चेहरे

**बांदा।** ठंड का मौसम आते ही गरीबों का जीवन यापन मुश्किल हो जाता है। गरीबों की मदद के लिए रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को गुरेह गांव में कपड़ा वितरण कैंप का आयोजन किया। कपड़े, जूते, चप्पल, किताबें और खिलौने पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई।

रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को ग्राम प्रधान गुरेह अजय सिंह उर्फ लाला भाई समेत भगवानदीन शाखा प्रमुख गुरेह के नेतृत्व में और शेख सादी जमा के संरक्षण व रिजवान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद इदरीश सचिव रोटी बैंक के नेतृत्व में शहर के ज़िम्मेदार जागरूक लोगों के सहयोग से ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को प्रत्येक रविवार की तरह जनपद के अन्य क्षेत्रों की तरह इस रविवार को भी कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें,खिलौने आदि का वितरण ग्राम गुरेह में किया। साथ ही तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष रोटी बैंक सोसाइटी के द्वारा ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों समेत जल बचाने के प्रति जागरूक किया। इरफान खान कोषाध्यक्ष बांदा रोटी बैंक के द्वारा ग्रामीणों को संगठन के बारे में बताया।

अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दननाका और मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी रोटी बैंक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों और शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग व सेवा प्रदान की। सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अज़हर महामंत्री, नसीर खान, अलीमुददीन, शाहान अली, फरज़ाना बेग़म, शहाना खान, विजयकरन आदि मौजूद रहे।

# दो बूंद हर बार, ताकि जीत रहे बरकरार

## पीपीसी सेंटर में डीएम ने नवजात बच्चों को पिलाई पल्स-पोलियो की खुराक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम नगेंद्र प्रताप ने पीपीसी बूथ में नवजात शिशुओं को पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाकर की। पल्स पोलियो अभियान के तहत सभी बच्चों को दवा पिलाने के लिए जनपद में 1024 बूथ बनाए गए हैं। जबकि 633 टीमें घर-घर भ्रमण करते हुए छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग और स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी और पर्यवेक्षकों को लगाया गया है।



सीएमओ डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बूथ दिवस और सोमवार से 13 दिसंबर तक.घर-घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जायेगा। 16 दिसंबर को बूथ एवं घर-घर कार्य के दौरान पोलियो ड्राप से छूटे हुये बच्चों को बी-टीम द्वारा पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी। इसके लिए पूरे जनपद में 1024 बूथ बनाये गये हैं और घर-घर भ्रमण के लिए 633 टीमें बनायी गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी व शिक्षा विभाग तथा स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक लगाये गये हैं। जिले में रविवार को शून्य से पांच वर्ष के नौनिहालों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। माता-पिता से अपील की गयी की वह 0-5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं।

पोलियो की बीमारी से भारत मुक्त हो चुका है लेकिन पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतियात के तौर पर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विजयशंकर केसरवानी ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 287282 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जाना है। आप सभी जनपद वासियों से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपील करता है कि हमारी पोलियो टीम को सहयोग दें और अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दया पिलाने का कष्ट करें, ताकि हम अपने देश को पोलियो मुक्त रख सकें। इस मौके पर डॉ. सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डॉ. अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, स्वंयसेवी संस्था से सुनील सक्सेना, गणेश पाण्डेय आरसी यूनीसेफ, कुशल यादव डीपीएम एनएचएम, राधा शर्मा एआरओ (आरआई), रोहित कुमार सिंह वीसीसीएम यूएनडीपी, डब्लूएचओ प्रतिनिधि और अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसए ने पिलाई पोलियो ड्राप

**चित्रकूट-** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने विकासखण्ड रामनगर के प्राथमिक विद्यालय रेरूवा में पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर ग्रामवासियों को पोलियो के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का उत्तरदायित्व है कि हम लोग अधिक से अधिक लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी प्रदान करें एवं पांच वर्ष से कम बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के लिये अवश्य जागरूक करें ताकि हमारा जनपद पोलियोमुक्त हो सके। इस अवसर पर खण्डशिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश पाण्डेय, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह, शिक्षक शिवभूषण त्रिपाठी, विराग शुक्ल, मयंक मिश्रा, राममिलन, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

# नागरिकों को सूचना का कानूनी अधिकारी प्रदान करता है आरटीआई अधिनियम

**चित्रकूट ब्यूरो-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा रविवार को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और इसका मानवाधिकार एवं सामाजिक कार्यों से संबंध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही आरटीआई से सम्बन्धित प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।व्याख्यान में उत्तर प्रदेश के सूचना का अधिकार आयोग के उप सचिव ज्योतिषाचार्य तेजस्कर पांडेय ने आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं, इसके सामाजिक महत्व और इसके माध्यम से पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि यह अधिनियम न केवल लोकतांत्रिक शासन की मजबूती के लिए एक सशक्त साधन है, बल्कि यह मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक कार्यों को प्रभावी बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। आरटीआई अधिनियम ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को उनकी समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान किया है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आरटीआई के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाया जा सकता है और इसे मानवाधिकारों के लिए एक सशक्त उपकरण के रूप में अपनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान तेजस्कर पांडेय ने सूचना का अधिकार अधिनियम का संस्कृत अनुवाद भी विश्वविद्यालय के आजीवन कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज को भेंट किया। इस पर कुलाधिपति ने कहा कि यह प्रयास छात्रों को न केवल सूचना के अधिकार के महत्व को समझने में मदद करेगा, बल्कि भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत के महत्व को भी उजागर करेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने सूचना का अधिकार अधिनियम के सही और गलत उपयोग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह अधिनियम पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने का एक प्रभावी उपकरण है, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचने की भी उतनी ही आवश्यकता है।इसके बाद उप सचिव ने विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र, पुस्तकालय और ब्रेल केंद्र का निरीक्षण किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# प्रदेश में व्याप्त है जंगलराज-सांसद नीरज मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल शैलेंद्र मौर्य एवं उनके छोटे भाई संदीप मौर्य निवासी ग्राम गोठिया, मजरे तिवारीपुर, थाना सलोन रायबरेली पहुँचा। जहाँ पर विगत 2 दिसम्बर, 2024 को अपनी रिस्तेदारी निमंत्रण में ग्राम अपराह्तन का पुरवा, मजरे डिडौली, थाना ऊँचाहार, जनपद रायबरेली गये शैलेन्द्र मौर्य व संदीप मौर्य पर दबंग प्रवत्ति के लोगों द्वारा उपरोक्त दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई इलाज के दौरान ही शैलेंद्र मौर्य की मृत्यु हो गई एवं संदीप मौर्य गम्भीर स्थिति में एम्स रायबरेली में भर्ती है। पीड़ित परिवार से मिलने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने व वस्तुस्थिति से अवगत होने हेतु नीरज मौर्य सांसद लोकसभा, आर.एस.कुशवाहा पूर्व मंत्री, इं0 विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा, इं0 वीरेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सपा रायबरेली, श्याम सुंदर विधायक, राहुल लोधी विधायक, राजेश मौर्य जिला उपाध्यक्ष, पुत्तन सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष के साथ पहुंचा जहां पर पीड़ित परिवार के पिता बद्री प्रसाद मौर्य, माता भगवन्ता एवं मृतक शैलेन्द्र की पत्नी श्रीमती सुनीता एवं बहन कु0 पूजा व परिवारीजनों एवं ग्रामवासियों से घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। उपस्थित मीडिया से वार्ता करते हुए प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य सांसद नीरज मौर्या नें कहा कि योगी सरकार में उ0प्र0 में अपराध चरम पर है जंगल राज कायम है पिछड़ों दलितों, अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार किये जा रहे है। पूर्व मंत्री आर0एस0 कुशवाहा नें कहा समाजवादी पार्टी इस निर्धन परिवार के दुःख की इस घडी में न्याय दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है, उ0प्र0 सरकार से मांग है कि परिवार को एक करोड़ रूपये की धनराशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की है। उसके उपरान्त संदीप मौर्य के स्वास्थ्य का हाल चाल लेने प्रतिनिधि मण्डल एम्स रायबरेली पहुंचा जहां पर चिकित्सकों से वार्ता कर बेहतर इलाज के निर्देश दिये। प्रतिनिधि मण्डल नें पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं अन्य पुलिस अधिकारियों से भी दोषियों को दण्डित करने एवं पीडित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महासचिव मो0 अरशद खान, आर0पी0 यादव, मुशीर अहमद, डा0 शशिकांत शर्मा, अखिलेश यादव, सुरेश पटेल, शुभम लोहिया, रेहान कजियाना, आकाश मौर्या, ओ0पी0 यादव, देशराज यादव, राम नरेश, आशीष यादव, राहुल मौर्य, विनय यादव, अरूण प्रताप, उमाशंकर चौधरी, विनायक सोनकर, संदीप शुक्ला, चन्द्र प्रकाश आजाद, मोहित यादव, राजेन्द्र यादव, धनीराम मौर्य, राम खेलावन प्रजापति, नरेन्द्र यादव, राकेश यादव, आशुतोष यादव, योगेश्वर पटेल, जितेन्द्र सिंह, घंश्याम यादव, शरफराज राइनी, अशरफ मेवाती, राम किशोर पुजारी, राजू कमाली, लवकुश मौर्य, विनय यादव, राकेश कुशवाहा, अमर यादव, अरविन्द यादव, अमरजीत, अभिषेक, विकास मौर्या, राजीव गौतम, आदि नेतागण उपस्थित रहे।

## "सामाजिक सद्भावना दिवस" के रुप में सोनिया गांधी का जन्मदिन मनायेगें कांग्रेसी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर यूपीए चेयरपर्सन,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सांसद सोनिया गाँधी के जन्म दिवस 9 दिसम्बर को ''सामाजिक सद्भावना दिवस'' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया की कांग्रेस पार्टी द्वारा इस अवसर पर ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया जायगा।कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से बताया कि देश में जिस तरह विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बन गया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।बटोंगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के सविधान की मूल भावना का अनादर करती है,यह लोग भारत के लोकतान्त्रिक और सैक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं।पंकज तिवारी ने अपील करते हुए कहा की हमारी नेता सोनिया गाँधी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी जातियों और धर्मो के लोग एक जुट होकर रक्तदान करें और इस नफरती भाजपा को बताएं कि ''यह उनके बाटने से नहीं बटेगा, एक था एक है और एक ही रहेगा''।

# अपनी ही सरकारी भूमि को मुक्त कराने में नाकाम हैं रायबरेली जिलाधिकारी!

**▸▸सरकारी खेवट खाते की भूमि के कूटरचित बैनामे पर क्यों नही हो रही कोई कार्रवाही?**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** एक तरफ प्रदेश भर में योगी सरकार द्वारा सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए अभियान चलाये जा रहे हैं,बुलडोजर की मदद से भूमि कब्जामुक्त करायी जा रही हैं,परन्तु रायबरेली जनपद में जिला प्रशासन की नाक के नीचे पिछले लम्बे अरसे से सरकारी खेवट खाते की भूमि पर कब्जा जमा कर उसमें प्लाटिंग काट कर बेची जा रही है,शहर के प्रगतिपुरम के सामने राजस्व ग्राम अख्तियारपुर नजूल में सरकारी खेवट खाते की भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के जरिये कराये गये बैनामें व दाखिल खारिज के मामले में समाचार पत्रों में लगातार छप रहीं तमाम खबरों व की गयी शिकायतों के बावजूद अधिकारियों द्वारा साधी जा रही चुप्पी हर किसी के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। मामला शहर के बीच प्रगतिपुरम के सामने स्थित राजस्व ग्राम अख्तियारपुर नजूल का है। गौरतलब है कि उपरोक्त भूमि बतौर खतौनी ''मिल्कियत हुकूमत सूबेजाती खंड खेवट खाता संख्या 01,कैसरहिंद बहादुर लम्बरदार जेरे इंतेजाम जिलाधीश'' दर्ज है,उपरोक्त भूमि नानजेडए,श्रेणी 6 बागदारी की भूमि दर्ज है। भू राजस्व के विधिक जानकारों के मुताबिक उपरोक्त भूमि राज्य सरकार की मिल्कियत वाली सरकारी खेवट खाते की ऐसी भूमि है जिसे बागदारों को आवंटित की गयी थी जिसका प्रबंध तंत्र जिलाधिकारी के हाथ में होता है,परन्तु जिले के एक चर्चित कारोबारी ने उपरोक्त भूमि को बागदारों से बाकायदा अपने परिजन के नाम बैनामा करवा कर तत्कालीन तहसील अधिकारियों से गठजोड़ कर के उसका दाखिल खारिज भी करवा लिया था।

### पिछले लम्बे अरसे से जिलाधिकारी की कार्रवाही की बाट जोह रहा मामला!

बताया जाता है कि इस कूटरचित बैनामा व दाखिल खारिज के बाद उपरोक्त सरकारी खेवट खाते की भूमि से हरी-भरी बाग को उजाड़ कर की गयी अवैध प्लाटिंग व लगातार होने वाली प्लाटों की बिक्री के मामले में पिछले लम्बे समय से समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो रहीं हैं वहीं लिखित में भी तमाम शिकायतें की जा चुकी हैं,परन्तु किसी भी सक्षम अधिकारी ने आज तक इस मामले में कार्रवाही करने की जरूरत महसूस नही की है।

### पूर्व डीएम की जाँच में सही पाया गया था मामला,लेकिन दबा दिया गया था मामला!

बताया जाता है कि पूर्व में तैनात रहीं जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को मामले में शिकायतीपत्र प्राप्त हुआ था जिस पर जाँच के लिए तत्कालीन डीएम ने तत्कालीन एसडीएम के नेतृत्व में एक जाँच कमेटी का गठन भी किया था,कहा जाता है कि जाँच कमेटी की जाँच में मामला सही पाया गया था,परन्तु बिना न्यायालय के आदेश के उपरोक्त सरकारी भूमि का बैनामा व दाखिल खारिज निरस्त नही हो सकता है, जिला प्रशासन के अधिकारी अगर न्यायालय में वाद दाखिल कर देते तो सम्भवतः अब तक कूटरचित बैनामा व दाखिल खारिज निरस्त हो चुकी होती और सरकारी खेवट खाते की भूमि पर पुनः सरकार का कब्जा हो गया होता।फिलहाल योगी सरकार की मंशा है कि भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाही हो,इसके लिए एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स का गठन भी हुआ है,लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स का डंडा सरकारी बागदारी की भूमि की खरीद-फरोख्त करने वालों पर कब चलेगा,यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## सीएचसी में पिलाई गई 05 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** सरकार की मंशा के अनुरूप हम सभी का यह दायित्व बनता है कि 5 साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाए जिससे कि पल्स पोलियो अभियान में नौनिहाल बच्चों को पोलियो से मुक्त करने के लिए दवा जरूर पिलाएं जिससे बच्चे स्वस्थ रहे। यह उद्गार आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में लगे पल्स पोलियो बूथ में पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अधीक्षक डॉक्टर प्रजेश कुमार श्रीवास्तव व्यक्त कर रहे थे। बताते चले कि सरकार की मंशा के अनुरूप 05 साल से कम के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत आज दिन रविवार को 97 बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई तो वही अभी 5 दिन तक चलने वाले इस अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू व एएनम घर-घर जाकर नौनिहाल बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का कार्य करेंगी जिससे बच्चे स्वस्थ व मस्त रहें और पोलियो मुक्त रहे।

## विद्या मंदिर के प्रबंधक रहे समाजसेवी प्रदीप मिश्रा के निधन पर फैली शोक की लहर

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और विद्या भारती से अनवरत जुड़े रहे क्षेत्र के समाजसेवी प्रदीप मिश्रा के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदीप मिश्रा कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे थे। काफी समय से उनका इलाज चल रहा था। शनिवार की रात उनका निधन होगया। उनके भतीजे कौशिक मिश्रा के द्वारा उनका अंतिम संस्कार गेगासो गंगा नदी के पावन तट पर किया गया। प्रदीप मिश्रा बराती लाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर के काफी समय तक प्रबंधक रहे। स्मृति शेष प्रदीप मिश्रा अपने पीछे पत्नी माया मिश्रा, पुत्र कार्तिकेय मिश्रा, पुत्री दिशा और दीक्षा को छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे , विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, रचनाकार अशोक त्रिवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता, सुशील शुक्ला, अनूप पांडे,अतुल त्रिपाठी, देवेश अग्निहोत्री, बीएमपीएस प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा,पूर्व अध्यक्ष अनूप बाजपेई, शंकर दयाल बाजपेई, कैलाश बाजपेई, सतीश त्रिवेदी, हरिद्वार सिंह, रवि शंकर बाजपेई, रमाशंकर बाजपेई, मनोज अवस्थी ,चंद्र प्रकाश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, बच्चा पांडे, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, श्रीमती मधु शर्मा, चंदन त्रिवेदी, उमेश सिंह, जेपी सिंह आदि ने गहरा शोक जताया है।

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियों मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं, शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 380205 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ0 प्रदीप अग्रवाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 पी0के0 बैसवार, डॉ0अरुण कुमार जिला प्रशिक्षण अधिकारी, डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 राकेश यादव, डॉ0 शरद कुमार, डी0एस0 अस्थाना, विनय पाण्डेय, वंदना त्रिपाठी, डॉ0 सी0एल0 पटेल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात किये चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के नरई मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कमरे का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात चोरी कर ले गए। रविवार की भोर घटना की जानकारी गृह स्वामी को हुई तो हड़कंप मच गया सूचना के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के नरई मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी विरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बिन्नु ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि घटना शनिवार की रात की है, घर के सभी लोग भोजन करने के पश्चात सो गए वह घर के बरामदे में सो रहा था तभी मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर के मेन दरवाजे से घर में दाखिल हो गए और कमरे और बख्शे का ताला तोड़कर बख्शे में रखे साढ़े उन्नीस हजार रुपए की नगदी छः पैर की बिछिया और एक मंगलसूत्र चोरी कर ले गए नगदी समेत करीब पच्चीस हजार रुपए की चोरी हुई है, उसने बताया कि रविवार की भोर तीन बजे के करीब नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई जिसके बाद इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी और कोतवाली में भी तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिजली बिल जमा करने के लिए एक मुश्त समाधान योजना को लेकर विभाग ने निकाली जागरूकता रैली




**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

15 दिसंबर से बिजली बिल के सर चार्ज में पूरी तरह से माफी योजना लागू कर दी है। सर चार्ज में शत प्रतिशत माफी योजना को लेकर विद्युत विभाग के द्वारा अधिशासी अभियंता दयाशंकर यादव के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जानकारी दी गई।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि सरकार के द्वारा एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर से लागू होगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि इस योजना का लाभ उठाकर अपना संपूर्ण बिल जमा कर दें। एक मुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू हुई है। एसडीओ शिवम वर्मा ने कहा कि योजना विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बड़ी ही लाभकारी है।

बिजली के बकाए के सरचार्ज में बड़ी छूट मिलेगी।इस अवसर पर बिजली विभाग के अवर अभियंता दीपक वर्मा, अवर अभियंता बृजेश मौर्य सहित विद्युत कर्मी मोहम्मद मजीद, राहुल ,आलोक उपस्थित रहें।

## हरी झंडी दिखाकर निःक्षय वाहन को किया गया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के चयनित 15 जिलों में इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ रायबरेली जनपद की जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर निःक्षय वाहन को रवाना किया। इस मौके पर डॉक्टर मनीष चौहान मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली जिला क्षयरोग अधिकारी रायबरेली अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर डॉक्टर मनीष चौहान ने 100 मरीजों को गोद लिया।

## राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दर्जन क्षय रोगी लिये गये गोद



**सलोन रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को लगभग एक दर्जन क्षय रोगियों को चिकित्सकों ने गोद लिया।सीएचसी अधीक्षक डा0 अमित सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लगभग छः चिकित्सकों ने क्रमशः दो-दो क्षय रोगियों को गोद लिया।जिसमें अधीक्षक डॉ अमित सिंह के साथ डा0 आशीष नायक, डा0 अशोक कुमार, डा0 रितेश पांडेय, डा0 अमित सचान, डा0 सत्येन्द्र त्रिपाठी एवं डा0 आरती त्रिपाठी ने दो-दो मरीजों को चना, गुड, प्रोटीन पाउडर, सोयाबीन एवं फल आदि देकर गोद लिया।उक्त खाद्य सामग्री का वितरण क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार कुशवाहा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डा0 शुभकरन व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में मरीजों को वितरित किया गया।

## एकमुश्त समाधान योजना का लाभ पहुंचाने के लिये किये गया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन रायबरेली।** रविवार को सलोन विद्युत उपखण्ड कर्मियों ने एकमुश्त समाधान योजना का लाभ पहुंचाने के लिये नगर में ढोल नगाड़े के साथ योजना के बारे में जागरूक किया।जिससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार एकमुश्त समाधान योजना का लाभ मिल सके।उपखण्ड अधिशाषी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं के बिलों में संशोधन व उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।जिसके लिए विभिन्न विद्युत उप केंद्रों पर कैंप भी लगाए जाएंगे।एक मुश्त समाधान योजना का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को मिल सके जिसके लिये विद्युत कर्मियों ने नगर में भृमण कर ढोल, नगाड़े के साथ लोगों को जागरूक किया है।जागरूकता रैली विद्युत उपखंड कार्यालय से तहसील चौराहे, ऊंचाहार तिराहा व मेंन रोड से वापस उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

इस मौके पर अधिशाषी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी, उपखंड अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, अवर अभियंता अजय कुमार, दिनेश कुमार, महिपाल सिह सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैसवारा डिग्री कॉलेज में कथा लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज मे शुक्रवार को कथा लेखन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। जिसके अंतर्गत छात्रों ने समकालीन समस्याओं पर अपने मौलिक विचारों को कहानी का रूप दिया।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के लेखन कार्यक्रम से छात्रों में अपने विचारों को एक सुव्यवस्थित रूप देने की क्षमता विकसित होगी और छात्र अपने समाज की समस्याओं को लेकर जागरूक बनेंगे स महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने इस तरह की कथा लेखन प्रतियोगिता पर महाविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हिन्दी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सूर्य कुमार मिश्र ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में मौलिक प्रतिभा का विकास करते हैं और इस तरह के कार्यक्रमों में बच्चों को अधिक से अधिक सहभागिता करनी चाहिए।डॉ दीक्षा मिश्रा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायता करती हैं और छात्रों की लेखन क्षमता को बढावा देती हैं।महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र नयन यादव , द्वितीय स्थान पर बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र अनुपम पांडेय, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से विकास यादव एवं अनुप्रिया सिंह रही। लक्ष्मी श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीपीसी सेंटर में डीएम ने नवजात बच्चों को पिलाई पल्स-पोलियो की खुराक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम नगेंद्र प्रताप ने पीपीसी बूथ में नवजात शिशुओं को पोलियो ड्राप की दो बूंद पिलाकर की। पल्स पोलियो अभियान के तहत सभी बच्चों को दवा पिलाने के लिए जनपद में 1024 बूथ बनाए गए हैं। जबकि 633 टीमें घर-घर भ्रमण करते हुए छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग और स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी और पर्यवेक्षकों को लगाया गया है।सीएमओ डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बूथ दिवस और सोमवार से 13 दिसंबर तक.घर-घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जायेगा। 16 दिसंबर को बूथ एवं घर-घर कार्य के दौरान पोलियो ड्राप से छूटे हुये बच्चों को बी-टीम द्वारा पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी। इसके लिए पूरे जनपद में 1024 बूथ बनाये गये हैं और घर-घर भ्रमण के लिए 633 टीमें बनायी गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी व शिक्षा विभाग तथा स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक लगाये गये हैं। जिले में रविवार को शून्य से पांच वर्ष के नौनिहालों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। माता-पिता से अपील की गयी की वह 0-5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। पोलियो की बीमारी से भारत मुक्त हो चुका है लेकिन पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतियात के तौर पर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. विजयशंकर केसरवानी ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 287282 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाया जाना है। आप सभी जनपद वासियों से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपील करता है कि हमारी पोलियो टीम को सहयोग दें और अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दया पिलाने का कष्ट करें, ताकि हम अपने देश को पोलियो मुक्त रख सकें। इस मौके पर डॉ. सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डॉ. अजय कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, स्वंयसेवी संस्था से सुनील सक्सेना, गणेश पाण्डेय आरसी यूनीसेफ, कुशल यादव डीपीएम एनएचएम, राधा शर्मा एआरओ (आरआई), उपस्थित रहे।

# ठंड में मिले गर्म कपड़े, खिल उठे गरीबों के चेहरे

## गुरेह गांव में रोटी बैंक सोसाइटी पदाधिकारियों ने किया कपड़ा वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** ठंड का मौसम आते ही गरीबों का जीवन यापन मुश्किल हो जाता है। गरीबों की मदद के लिए रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को गुरेह गांव में कपड़ा वितरण कैंप का आयोजन किया। कपड़े, जूते, चप्पल, किताबें और खिलौने पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई।रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को ग्राम प्रधान गुरेह अजय सिंह उर्फ लाला भाई समेत भगवानदीन शाखा प्रमुख गुरेह के नेतृत्व में और शेख सादी जमा के संरक्षण व रिजवान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद इदरीश सचिव रोटी बैंक के नेतृत्व में शहर के ज़िम्मेदार जागरूक लोगों के सहयोग से ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को प्रत्येक रविवार की तरह जनपद के अन्य क्षेत्रों की तरह इस रविवार को भी कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें,खिलौने आदि का वितरण ग्राम गुरेह में किया। साथ ही तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष रोटी बैंक सोसाइटी के द्वारा ग्राम गुरेह के ग्रामीणों को स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकारों समेत जल बचाने के प्रति जागरूक किया। इरफान खान कोषाध्यक्ष बांदा रोटी बैंक के द्वारा ग्रामीणों को संगठन के बारे में बताया। अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दननाका और मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी रोटी बैंक के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। उक्त कपड़ा वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों और शहर के ज़िम्मेदार लोगों ने सहयोग व सेवा प्रदान की। सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद अज़हर महामंत्री, नसीर खान, अलीमुददीन, शाहान अली, फरज़ाना बेग़म, शहाना खान, विजयकरन आदि मौजूद रहे।

# जज्बे व जुनून से मिलती है खेल में जीत-महीप सिंह

## जेबीएम कप क्रिकेट आयोजन का उद्घाटन कर खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के परानीपुर गांव के उत्तरी परेठ में रविवार को जय बबा महाराज (जे बी एम) कप 2024 का उद्घाटन समाजसेवी एवं युवा कॉन्ट्रैक्टर महीप सिंह ने फीता काटकर किया है। जेबीएम कप के 29 वें सीजन को लेकर क्षेत्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्साह है।श्री सिंह ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण खिलाड़ियों को मंच देने के साथ सामाजिक सरोकार को बढ़ाता है।श्री सिंह ने उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों से परिचय करते हुए कहा कि खेल को जीत हार के नजरिए से ना देखें बल्कि खेल भावना से इसका हिस्सा बने।खिलाड़ी की ऊर्जा और खेल के प्रति जुनून उन्हें जीत दिलाते हैं। मैं भाग लेने वाली सभी टीमों को



जीत के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। जेबीएम कप के आयोजन टीम को भी मैं बधाई दूंगा जिन्होंने बीते 29 वर्ष से यह खेल आयोजन जारी रखा है।जेबीएम कप सीजन 29 उद्घाटन मैच आकाश सोनी इलेवन हरगढ़ बाजार बनाम गौतम इलेवन सराय कला मेजा के बीच खेला गया। सराय कला की टीम ने टास जीतकर निर्धारित 10 ओवर के मैच में 134 रन का लक्ष्य दिया, जवाब में हरगढ़ बाजार की टीम 126 रन ही बना सकी। और इस तरह उद्घाटन मैच सराय कला की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया है। दूसरा मैच डॉक्टर पप्पू यादव एचएन हॉस्पिटल पचदेवरा करछना बनाम अमन द्विवेदी क्लब कौंधियारा के बीच खेला गया। कौंधियारा टास जीतकर आठ ओवर के मैच में 85 रन बनाए जवाब में डॉ पप्पू यादव एचएन हॉस्पिटल पचदेवरा ने 65 रन ही बना सकी। आयोजन में 16 टीम में भाग ले रही हैं।
मैच का आंखों देखा हाल संतोष यादव डबलू ने सुनाया और इस मौके पर निर्मल चंद्र शुक्ला, फूल चन्द्र मिश्रा, विकास यादव, सर्वेश शुक्ला, सुशील यादव मौजूद रहे। कमेटी के इंद्रेश यादव, राजेन्द्र यादव, सुशील यादव, फूलचंद मिश्र, निर्मल चंद शुक्ला, नीलेश तिवारी व्यवस्था में सक्रिय रहे।

# सप्ताह भर दिन में विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** विद्युत उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति एक सप्ताह के लिए सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक मरम्मत कार्य 33/11 केवीए विद्युत उपखंड लेड़ियारी में चल रहा है। 9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक दस बजे से शाम छह बजे तक विद्युत की सप्लाई बंद रहेगी। लोग अपने जरूरी कार्य को समय से कर ले। उक्त जानकारी एसडीओ चंद्रशेखर आजाद व अधिशाषी अभियंता मार्कण्ड यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि चार माह पूर्व इस लाइन का कार्य कराया गया था। कुछ कार्य शेष होने के कारण उसे अब एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे लोगों को निर्बाध विद्युत मिल सके।

# हर गरीब की मदद के लिए खड़ी है शिवसेनाः रुचि तिवारी

## पार्टी नेता अजय सिंह अज्जू के आवास पर गरीबों को वितरित किए गए कंबल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र के ओनौर गांव में शिवसेना नेता अजय सिंह उर्फ अज्जू के आवास पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी शामिल हुई। उन्होंने गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित करते हुए सामाजिक सरोकार का संदेश दिया है।
मुख्य अतिथि रुचि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, सर्दी के इस कठिन समय में समाज के जरूरतमंद वर्गों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। शिवसेना हमेशा से समाज के हर तबके की भलाई के लिए काम करती आई है और आगे भी करती रहेगी। यह हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद को मदद मिले और लोग सर्दी में महफूज रह सकें। आप सभी का सहयोग और समर्थन इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित लोगो में प्रभारी चौकी जेवनीया मनोज कुमार, सोनू सेठ (जिला प्रमुख शिव सेना), राजू पाण्डेय, प्रमोद तिवारी पिंटू, शिवकांत दुबे, शशिकांत भारतीया (जिला प्रमुख युवा सेना), रोहन तिवारी (जिला मंत्री), ओमशंकर तिवारी (बीडीसी) कल्लू (बीडीसी) रोहित शुक्ला, विनय तिवारी, आशीष तिवारी, बबलू सोनी, आर्यन सोनी, मनीष मिश्रा, दीपक गौड़, रंजय तिवारी, आशीष सेठ, विनोद गुप्ता, जय द्विवेदी, रतन कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, स्थानीय नागरिक, और शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विप्लव क्लब ने जीता अंडर-12 क्रिकेट का खिताब

## अमन, शिवांश, अबुबकर और ईशान चुने गये सर्वश्रेष्ठ



**प्रयागराज।** विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग क्लब को 64 रन से हराकर प्रथम हाफिज गजनफर उल्ला स्मृति अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया।
मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गये फाइनल मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 25 ओवर में 6 विकेट पर 141 रन (अमन गुप्ता 76, चंचल 2/14) बनाकर हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग क्लब 20 ओवर में 77 रन (प्रकेत 24, अमन गुप्ता 3/02, संस्कार सिंह 3/12) पर समेट दिया। मैच में अभिषेक मिश्र व मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।
समापन समारोह के मुख्य अतिथि मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के सदस्य व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जिबरान उल्ला, विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर एवं देवेश मिश्र ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरित किये। एनआईएस कोच परवेज आलम व हसबीन अहमद ने विशेष पुरस्कार दिये। शिवांश गुप्ता को बेस्ट बैटर, अमन गुप्ता को मैन ऑफ दि मैच एवं बेस्ट बॉलर, अबुबकर को बेस्ट विकेटकीपर और ईशान सिंह को मैन ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया। आरूष पाल को उदीयमान क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। एमआईसी के प्रधानाचार्य ख्वाजा तारिक अहमद ने अतिथियों का स्वागत, उप प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने धन्यवाद ज्ञापित एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर एलबी काला, शिशिर मेहरोत्रा, मोहम्मद राशिद, अजय कुशवाहा, कुतुबुद्दीन, जुल नूरैन, वजारत हुसैन, जावेद आदि मौजूद रहे।

# कश्मीरी युवाओं ने की विकास की चर्चा, देखी प्रयागराज की संस्कृति

**प्रयागराज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में भारत स्काउट एवं गाइड मंफोर्डगंज के परिसर में चल रहे 6 दिवसीय, आवासीय कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का दूसरा दिन कथक केंद्र की संस्थापिका उर्मिला श्रीवास्तव तथा संस्कृति विभाग के राकेश वर्मा के व्याख्यान से शुरू हुआ।
यूनाइटेड प्रबंधन संस्थान के प्राचार्य देवेंद्र तिवारी ने देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। मंच संचालन राज्य प्रशिक्षक महेश द्विवेदी द्वारा किया गया।बारामुला, पुलवामा, बडगाम, कुपवाड़ा, श्रीनगर, अनंतनाग के टीम लीडर ने कश्मीर में युवाओं के विकास पर पक्ष विपक्ष बनाते हुए चर्चा की। श्रीनगर के लीडर्स ने सरकार द्वारा कृत कार्यों और कश्मीर के विकास की प्रगति और विभिन्न राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और महिलाओं संबंधी मुद्दों पर, जिनपर कार्य किया जाना है उनपर प्रकाश डाला। खेल के क्षेत्र के कश्मीर में जिस प्रकार की प्रतिभाएँ मौजूद हैं



उन्हें सरकार के स्तर से स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता को जताया। वहीं बारामुला के खालिद अज़ीज़ ने कश्मीर में खेलो इंडिया और तमाम चल रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया। शबाना ने पुलवामा जिले का प्रतिनिधि करते हुए कश्मीरी युवाओं की जमीनी स्तर की परेशानियों और संवैधानिक अधिकारों पर जोर दिया।
कश्मीरी युवाओं की देश के विकास में भूमिका पर डा0 अरविंद कुमार मिश्रा, डॉ0 सुभाष कुमार तथा सच्चिदानंद त्रिपाठी ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के मध्य सत्र में प्रतिनिधिमंडल ने बैडमिंटन, क्रिकेट खेला। अंतिम सत्र में कश्मीरी प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई तथा रंग दे बसंती फिल्म दिखाने के साथ द्वितीय दिवस का समापन किया गया।
कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रबंधन में मिर्जापुर के जिला युवा अधिकारी प्रतीक साहू, महोबा के लेखाकार शुभम तथा युवा स्वयं सेवकों कुलदीप मिश्रा,रोहित मणि तिवारी, अमरेश दुबे और मऊआइमा के स्वयं सेवक सुरेश पटेल ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ 0 आनंद त्रिपाठी , सीएचसी धनुपुर और उनकी टीम ने कश्मीर के कुल 132 युवाओं के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं, एम्बुलेंस, इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध कराई।

# बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने सारी हदें की पार-नित्यानंद उपाध्याय

## हिंदुओं के उत्पीड़न से बढ़ रहा देश में आक्रोश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** विश्व हिंदू परिषद के जिला यमुनापार अध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय ने बांग्लादेश मे अल्प संख्यक हिंदुओं के साथ हो रही क्रूरता पर अफसोस जाहिर किया है।कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के वजूद मिटाने के लिए विदेशी ताकतों की शह पर जो षडयंत्र चल रहा है, वह मानवता को शर्मशार करने वाला है। अन्तर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद इस मामले में आवाज बुलंद कर चुका है। विहिप नेता उपाध्याय ने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों की हिन्दू विरोधी गतिविधियों से दोनों देश के सम्बंधों में खटास दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।इसके पीछे वैश्विक शक्तियां सक्रिय हैं।उनका मकसद है हिंदुओं के साथ बर्बरता कर और उनके धर्म स्थलों को मिटाने के साथ हिंदुओं की प्रत्येक गतिविधियों पर पहरा लगाकर उनके जीवन को नारकीय बना



दें,जिससे वह देश छोड़कर भाग जाँय। यह कट्टरपंथियों का इस्लामीकरण का एजेंडा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि उनका यह मंसूबा कभी पूरा नही होगा।
विहिप जिलाध्यक्ष ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बंग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा और सुरक्षा के लिए गम्भीर पहल करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा कि देश ही नही विश्व के बहुतायत देश मोदी पर भरोसा करते हैं। उनकी पहल से कट्टर पंथियों पर लगाम लगना तय है।

# मकान खाली कराने पहुंचे मां, बेटे पर हमला , दोनों घायल

## गंभीर बेटे को सीएचसी से जिला अस्पताल हेतु किया गया रिफर

**कोरांव(प्रयागराज)।** नगर पंचायत कोरांव के शास्त्री नगर मोहल्ले में रविवार को दोपहर बाद एक मकान को खाली कराने पहुँचे मां बेटे पर कब्जाधारी पक्ष ने हमला कर दोनों को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को अपनी हिरासत में लेकर घायलों को उपचार हेतु सीएचसी कोरांव भेज दिया। ऊषा सिंह पत्नी नागेश्वर सिंह की बातों को सच माने तो नगर पंचायत कोरांव के लेड़ियारी रोड स्थित शास्त्री नगर मोहल्ले में उनका मकान बना है। ऊषा अपने बेटे रौनक सिंह के साथ नैनी स्थित मकान में रहा करती है। आरोपों के मुताबिक एक व्यक्ति ने मौके का फायदा उठाकर ऊषा सिंह के मकान को अपने कब्जे में ले लिया। रविवार को जब ऊषा अपने बेटे रौनक के साथ मकान को खाली कराने पहुंची तो आरोपी पति पत्नी ने मां और बेटे पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति पत्नी को हिरासत में लेकर घायल ऊषा सिंह व उनके बेटे रौनक सिंह को उपचार हेतु सीएचसी कोरांव भेजवाया। सीएचसी में डाक्टरों द्वारा उपचार किए जाने के बाद गंभीर घायल रौनक सिंह को जिला अस्पताल हेतु रिफर कर दिया। मामले में पुलिस से वार्ता किए जाने पर उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार हेतु भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षा को आगे बढ़ाने में अभिभावक भी आगे आएं- होरी लाल दिवाकर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेडियारी(प्रयागराज)।** नई पीढ़ी और शिक्षा को आगे बढ़ाने में अभिभावकों को भी आगे आना चाहिए।जिससे घर-घर में बच्चों को शिक्षा मिल सके। उक्त बातें प्रधानाध्यापक होरी लाल दिवाकर ने कही। विकास खंड कोरांव रहे प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय पवांरी, खौरिया में कार्य कर चुके हैं, शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। शिक्षक का नाम है कौशल विकास मिशन के तहत गांव - गांव में शिक्षा का अलख निःशुल्क जगा रहे हैं। चाहे व्यक्तिगत शिक्षण हो, या विद्यालय पर या फिर डायट या सीमैट में हो।हर जगह अपनी पहचान बनायी है। इनके द्वारा गरीब बच्चों को निन्शुल्क कक्षा 2019से अनवरत संचालित की



जाती है। उनका एक एक उद्देश्य रहा है। कि हर घर में लोग शिक्षित हो जिसमें उन्होंने मानवता का संदेश दिया है। साथ में अध्यापिकाओं ने वंदना प्रस्तुत इस प्रकार है -ज्योति से ज्योति जगाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो के तहत गीत को सामूहिक रूप से गाया गया है। गाने वालों में सभी नवाचारी अध्यापक गण हैं जिनमें प्रकाश , श्वेता जायसवाल, अमृता सिंह गरिमा त्रिपाठी, अफरोज जी नीलकमल सहाय हैं। सभी पुरस्कार प्राप्त सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक हैं। जिले स्तर पर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया है।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई सात दिवसीय भागवत कथा

## सात दिनों तक बघोल मंदिर पर बहेगी भक्ति की बयार- मनोज कृष्ण शास्त्री

**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी (प्रयागराज)।** ग्राम सभा बहरैचा के बघोल स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के प्रारंभ हुई। भागवत कथा शुरू होने से पहले कलश यात्रा में गाजे बाजे एवं डीजे के साथ बड़ी संख्या में महिला, बालिका, एवं पुरुष सम्मिलित हुए। जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं के सिर पर कलश लेकर उपस्थित रही कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर संपूर्ण ग्राम सभा होते हुए मां काली के प्राचीन मंदिर से होते हुए पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। जहां कथा वाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री द्वारा विधिवत देव



पूजन उपरांत कथा मंगलाचरण शुरू किया गया।महाराज श्री द्वारा कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का भी उदय होता है ।कथा श्रवण के माध्यम से मनुष्य अपने जीवन को सुखमय एवं खुशहाल कर सकता है।

# यात्रियों के ठहरने के लिए व्यवस्था बेहतर- अश्विनी वैष्णव रेलमंत्री



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** महाकुंभ की तैयारी को देखने पहुंचे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार दोपहर वाराणसी होते हुए झूंसी स्टेशन पहुंचे पहुंचने पर रेलवे के आलाधिकारी वहा पर उनकी सुरक्षा व स्वागत करने के लिए वह उपस्थित रहे। जहां महाकुंभ के लिए लगभग तीन वर्ष से किए गए सुंदरी कारण व रेलवे लाइनों को दोहरी कारण कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर किए गए सुंदरीकरण, दीवार पर ऋषि मुनियों चित्र को देखा। वही गंगा नदी पर बनाए गए नए पुल का निरीक्षण किया। और बताया कि महाकुंभ मेले में 45 दिनों के लिए अतिरिक्त 13 हजार ट्रेनों का संचालन होगा ।ताकि तीर्थयात्रियों को महाकुंभ तक पहुंचने में कठिनाई न हो। यात्रियों के लिए 3000 स्पेशल ट्रेन चलाए गए हैं और 10000 रेगुलर ट्रेन चलती रहेगी कुल मिलाकर 13 000 ट्रेनिंग महाकुंभ के लिए चलाये जाएंगे और बताया कि रिंग सर्किट्स बनाए गए हैं 21 से ज्यादा फ्लावर और अंडर पास बने हैं कई नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं 20 से ज्यादा परमानेंट होल्डिंग एरियाज बनाए गए हैं 554 टिकट घर बनाए गए हैं। 3700 करोड़ से ज्यादा खर्च इंफ्राटेकक्चर पर हुये है 5000 करोड़ से ज्यादा महाकुंभ की तैयारी में खर्च किया गया है।

# दुर्घटना को दावत दे रही टूटी पुलिया

**बहरिया ।** पुल की दीवार टूटने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बहरिया दादूपुर संपर्क मार्ग के बीच पटेल नगर चौराहे करनाईपुर के पास शारदा सहायक खंड 39 नहर की पुल का दीवार टूटने से आने जाने वाले लोग रात में नहर में गिर जाते हैं। जिससे कई लोगों को चोट भी लग चुकी है। ग्रामीणों ने इस पुलिया की दीवाल और ब्रेकर बनाने के लिए डीएम प्रयागराज और लोक निर्माण विभाग को प्रार्थना पत्र दिया है। जिससे रात में तेज रफ्तार वाले वाहन नहर में न गिरें। गुरुवार की रात में भी क्रेटा कार नहर के पुल से नीचे जाकर पलट गई थी ।

# टीसीए ने उद्घाटन मुकाबला जीता



**प्रयागराज।** टीसीए क्लब ने भवम क्लब को तीन विकेट से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।देव स्पोर्ट्स मैदान गोहरी न्यू शांतिपुरम में खेले गये मैच में भवम क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 203 (शिवांश पांडेय 60 नाबाद, रोशन कुशवाहा 41, वीर प्रताप 26, दीप पांडेय 2/23, अभि 2/28, प्रियांशु 2/47) बनाये। जवाब में टीसीए क्लब ने 29 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन (अभि 48, प्रियांशु 43, अंकित यादव 33, सार्थक सिंह 28, युवराज 20 नाबाद, इस्माइल 2/40, शिवांश पांडेय 2/45) बना लिये। प्रतियोगिता का उद्घाटन एनआईएस क्रिकेट कोच देवेश मिश्र ने किया। रमाकांत मिश्र विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन सचिव रामचंद्र प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कौशिक पाल, ताराचंद पाल, राजेश कुमार, श्यामू भारतीय, मुकेश भारतीय, धीरेंद्र पाल और राममूर्ति प्रजापति रहे।

# नामी चिकित्सकों के घर और अस्पतालों से करोड़ों रुपये की मिली संपत्ति, बैंक खातों की जांच शुरू

**प्रयागराज।** शहर के दो बड़े चिकित्सा संस्थानो में हुई छापेमारी के बाद कई खुलासे हुए है। सृजन अस्पताल के कार्यालय और डॉक्टर जय वर्धन राय के घर से करीब 10 करोड़ के निवेश किये गए दस्तावेज और चांदी सोने के आभूषण बरामद हुए है। टीम मामले की जांच कर रही है।
मालूम हो कि शहर के दो बड़े निजी अस्पतालों समेत तीन अन्य जगहों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। जिसमें टीम ने सर्च ऑपरेशन कर करोड़ों रुपये की कर चोरी की जानकारी हांसिल की है। इस बड़ी कार्रवाई में फिनिक्स अस्पताल के डायरेक्टर के कार्यालय से करोड़ों के जमीनों के अलावा अन्य संपत्तियों के दस्तावेज मिले है। दोनों अस्पतालों और डॉक्टरों के घरो से मिले कंप्यूटर, लैपटॉप, टैब को टीम ने सीज कर दिया हैं।
दोनों अस्पतालों के निदेशकों के बैंक डिटेल को खंगालते हुए खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्रों की माने तो इस जांच में करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक संपत्तियों का कोई लेखा जोखा नही मिला है। वहीं टैगोर टाउन स्थित फीनिक्स, सिविल लाइंस के सृजन अस्पताल के अलावा डॉ. जयवर्धन राय के मामले में टीम जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कक्षा चार के छात्र की हुई मौत, मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो
उतरांव । उत्तराव क्षेत्र जलालपुर कस्बा गांव में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से कक्षा चार के छात्र की मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची उतरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्र की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है की जलालपुर कस्बा गांव निवासी निवासी राम आसरे बिंद का 10 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार घर से शनिवार शाम लगभग सात बजे साइकिल से किसी काम से दुकान पर जा रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से छात्र की मौके पर हीं मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के दुकान वालों को हुई तो वह लोग दौड़कर आए और मृतक के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई। वही थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रहे है और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चार भाई बहनों में सबसे छोटा था वह प्राथमिक विद्यालय याकूबपुर में कक्षा चार का छात्र था। सुनील की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# युवक के पिटाई मामले में एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के रकबवा गांव निवासी सचिन भारतीया पुत्र अशोक कुमार किसी काम से 5 दिसंबर को 3 बजे बहरिया थाना क्षेत्र के जोगिया शेखपुर रोड के पास पतुलकी पावर हाउस के पास गये थे। किसी बात को लेकर वहां पर पहले से मौजूद अश्वनी निवासी मलेथुवा, साहिल व सचिन निवासी चिरौडा, सुधीर पता अज्ञात ने मारा पीटा। जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।
पीड़ित सचिन की तहरीर पर बहरिया पुलिस ने रविवार को चारों लोगों के खिलाफ एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित का कहना कि पांच दिसम्बर को आरोपी लोगों ने वे वजह मुझे मारा पीटा और जातिसूचक गालियां दिया तथा जान से मारने की धमकी दिया है इस सम्बन्ध मे रविवार को मुकदमा दर्ज करते हुये मामले की जांच की जा रही हैं।

# शौर्य ने वाईएमसीए को दिलाई जीत

**प्रयागराज।** शौर्य सिंह के अर्धशतक (69 रन, 48 गेंद, नौ चौके, चार छक्के एवं एक विकेट) के दम पर वाईएमसीए ने पीएमएस स्पोर्ट्स क्लब को आठ विकेट से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। वाईएमसीए मैदान पर रविवार को



खेले गये मैच में पीएमएस स्पोर्ट्स क्लब ने 30.4 ओवर में 110 रन (प्रत्यूष सिंह 34, आदित्य शुक्ला 3/25, अश्मित सरोज 2/03, लक्ष्य यादव 2/21, शौर्य सिंह 1/14) बनाये। जवाब में वाईएमसीए ने 15.5 ओवर में दो विकेट पर 111 रन (शौर्य सिंह 69 नाबाद, लक्ष्य यादव 24, रोहन 1/26, गौरव मिश्र 1/35) बना लिये। मैच में नितिन मिश्र व पवन वर्मा अंपायर एवं नेहा श्रीवास्तव स्कोरर रहीं।

# छिनैती का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवंई ।** पुलिस के हत्थे आज छीनैती का आरोपी लग गया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करके आरोपी का चलान कर दिया।
बताते चलें कि रंजीत कुमार निवासी गांव बौड़ई थाना फूलपुर जो कबाड़ खरीदने बेचने का काम करता है दो दिसंबर को थरवंई थाना क्षेत्र के कुंभौना गांव निवासी गुड्डू सिंह ने फोन करके रंजीत कुमार को कबाड़ बेचने के बहाने बुलाया और सराय चंडी रेलवे स्टेशन के समीप रंजीत जब पहुंचा तो आरोपी गुड्डू सिंह ने मारपीट करते हुए रंजीत से चालीस हज़ार रु एक मोबाइल छीन कर मौके से भाग निकला पीड़ित रंजीत ने थरवंई पुलिस को लिखित तहरीर देकर गुड्डू




सिंह के विरुद्ध छिनैती की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी थरवंई पुलिस ने नामजद आरोपी गुड्डू सिंह पुत्र स्वर्गीय पृथ्वीराज को रविवार सुबह दस बजे पारनडीह गांव स्थित पुलिया के समीप पकड़ा तो छिनैती के चालीस हज़ार रु में से आरोपी के कब्जे से 29510 रु एक अदद मोबाइल बरामद करते हुए प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम की देख रेख में विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को छिनैती के आरोप में जेल भेज दिया

# विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है युवाः मुख्यमंत्री योगी



**कानपुर, (हि. स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहिबजादों, रानी लक्ष्मीबाई, वीर सावरकर, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, लुईस ब्रेल, आइंस्टीन, न्यूटन के कृतित्व-व्यक्तित्व व कार्यों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि आपकी आयु हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है। युवा हर विपरीत परिस्थिति को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है। जिन्होंने देश की धारा को बदलने का कार्य किया, वे सब युवा थे। युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं, बस करने का जज्बा होना चाहिए। युवा पलायनवादी नहीं हो सकता। उसे देश-काल, समाज की वर्तमान स्थितियों की जानकारी भी होनी चाहिए। युवाओं को नवाचार, नए शोध व आसपास घटित होने वाली घटनाओं का अवलोकन करने की कार्यशैली को विकसित करना होगा। ऐसी घटनाएं सीखने व जानने का अवसर देती हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने डॉ. बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और कई विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, नवाचार, शोध आदि को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव भी दिए। और पौधरोपण भी किया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रद्धावान ही ज्ञान प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसके मन में गुरुजन, माता-पिता व वरिष्ठों के प्रति श्रद्धाभाव नहीं है, उसे ज्ञान प्राप्त हो भी नहीं सकता। देशकाल व पात्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। तभी उसके अनुरूप ज्ञान से परिपूर्ण करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अनेक अवसर आते हैं, जो व्यक्ति को महान बनने का मौका प्रदान करते हैं, लेकिन यह विवेक पर निर्भर करता है कि उसके अनुरूप खुद को ढालने का सामर्थ्य रख पा रहे हैं या नहीं।उन्होंने कहा कि कानपुर जनपद के अर्धविकसित क्षेत्र में चार दशक पहले जो बीज रोपा गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा-स्वास्थ्य, तकनीकी ज्ञान, नवाचार, शोध, निवेश व रोजगार का बेहतरीन केंद्र बनकर उभरा है। एक संस्थान विकास का माध्यम कैसे बन सकता है, यह रामा कॉलेज ने साबित किया है।मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सत्य के आचरण के साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करना है। धर्म का मार्ग बहुत विराट है। वास्तव में दुनिया के अंदर धर्म को भारतीय ऋषियों ने समझा है। यह सिर्फ उपासना विधि नहीं है। किसी ऋषि ने यह कभी नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं, वही सत्य है बल्कि कहा कि देश, समाज के लिए जो अच्छा लगे, उसका आचरण कर आगे बढ़ो। कोई सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि जो मंदिर जाए, वही हिंदू है। वेदों-शास्त्रों में विश्वास करूं या नहीं, तब भी मेरा हिंदुज्म मुझे लेकर चलेगा। हमने धर्म को उपासना विधि, ईष्ट या ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। कर्तव्य, सदाचार व नैतिक मूल्य का प्रवाह ही भारतीय परंपरा में धर्म माना गया है।मुख्यमंत्री ने बच्चों को मंत्र दिया कि लिखने की आदत डालें, तकनीक से भागे नहीं, जो समाज रिफॉर्म व विज्ञान से भागा, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाया।उन्होंने कहा कि 1989 तक 80 करोड़ आबादी में देश में केवल आधा फीसदी लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा थी। थोड़ा प्रयास हुआ तो यह संख्या दो फीसदी हुई। रिफॉर्म के लिए अटल जी के नेतृत्व में 1999 में कदम उठाए गए तो आज भारत में 100 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन है।

एक समय था, जब टेलीफोन के कूपन बिकते थे, लैंडलाइन टेलीफोन के लिए सिफारिश होती थी लेकिन 5 जी स्वीकार करने के बाद अब सिक्स जी की तैयारी चल रही है।समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, महापौर प्रमिला पांडेय, कुलाधिपति डॉ. सूरज बीएस कुशवाहा, कुलपति जनार्दन अमरनाथ, मुख्य संरक्षक रमा कुशवाहा, निदेशक डॉ. प्रणव सिंह, प्रतीक सिंह आदि की मौजूदगी रही।

# प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की गैरमौजूदगी में अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे




**काठमांडू, (हि.स.)।** दक्षिण एशिया के भ्रमण पर निकले अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू रविवार को दो दिनों के लिए काठमांडू पहुंचे हैं। हालांकि, इस समय प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा काठमांडू से बाहर हैं।अमेरिकी दूतावास की ओर से बताया गया है कि अपने नेपाल भ्रमण के दौरान सहायक मंत्री लू कुछ राजनीतिक, कुछ प्रशासनिक मुलाकात करने के अलावा नेपाल में नागरिक समाज के अगुवा लोगों से मुलाकात करेंगे। डोनाल्ड लू का नेपाल भ्रमण ऐसे समय हो रहा है, जब कुछ दिन पहले ही नेपाल ने आधिकारिक रूप से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौता पर हस्ताक्षर किये हैं। ऐसे में अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री का नेपाल भ्रमण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका कभी भी इस पक्ष में नहीं था कि नेपाल चीन के बीआरआई में शामिल हो।अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री लू के नेपाल आने से ठीक पहले रविवार की सुबह प्रधानमंत्री ओली दो दिनों के दौरे पर अपने गृह जिला झापा के दौरे पर निकल गए। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा शनिवार की रात को यूरोप भ्रमण पर निकल गई हैं। हालांकि, लू के नेपाल दौरे की जानकारी प्रधानमंत्री ओली के चीन भ्रमण से पहले ही सार्वजनिक की गई थी, लेकिन अब दोनों का ही काठमांडू में नहीं रहना इस बात का संकेत है कि बीआरआई के बाद न तो प्रधानमंत्री ओली और न ही विदेश मंत्री राणा अमेरिकी राज्य मंत्री को सामना करने के लिए तैयार है।इसी बीच खबर मिली है कि डोनाल्ड लू की मुलाकात सत्तारूढ़ दल के नेता एवं नेपाली कांग्रेस के सभापति शेर बहादुर देउवा और विपक्षी दल के नेता पूर्व प्रधानमंत्री तथा माओवादी अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचंड से तय की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद ढकाल ने कहा कि राजनीतिक मुलाकातों में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों से ही मुलाकात तय हो पाई है। इसके अलावा वो नागरिक समाज के अगुवा से भी मुलाकात करने वाले हैं।

# सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करनी चाहिए -राज्य सूचना आयुक्त




**▶▶ जन सूचना अधिकारियों को अपील और शिकायत के अंतर को भी बताया**

**▶▶ समीक्षा बैठक में लोकहित को प्राथमिकता देने का निर्देश**

**वाराणसी,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने रविवार को जन सूचना अधिकारियों को अपील और शिकायत के अंतर की बारीकियों को समझाया। उन्होंने कहा कि जन सूचना जनता का अधिकार है। और आप सभी का दायित्व संविधान की भावना के अनुरूप कार्यवाही करना है। राकेश कुमार सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करना चाहिए। नियत तय अवधि 30 दिनों के अंदर सूचना प्रदान की जानी चाहिए।सूचना अधिकार कानून का उद्देश्य सद्भावनापूर्वक व सकारात्मक सोच के साथ सूचना प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आयोग स्तर से पुराने लंबित वादों का निस्तारण तेजी से किया गया है , लेकिन जनपद स्तर पर जागरूकता के अभाव में बहुत से वादों का निस्तारण नहीं हो पाता है, जिससे लोगों के मन में संदेह पैदा होता है, जिसे दूर करने की जरूरत है।

इसीलिए बिना वजह वादों को लंबित न रखें और वादों का तय समय पर निस्तारण कराएं।सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में गहनतापूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने सूचना अधिकार के विधिक पहलुओं से भी अफसरों को अवगत कराया। उन्होंने सेक्शन 8,9 के संबंध में अधिकारियों से पूछ ताछ करने के साथ ही कहा कि सभी जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों के टेबल पर नेम प्लेट लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी जनता की सेवा करने के लिए बैठे हैं तो फिर उसका पालन भी होना चाहिए। वादी द्वारा मांगी गई सूचना देने में वही भाव रखें जो यदि खुद के द्वारा इस अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना की प्राप्ति की अपेक्षा में रहता है। उन्होंने कहा कि वादी के स्थान पर स्वयं रहकर हमेशा सोचना चाहिए और सूचनाओं का उतर अविलंब दे देना चाहिए। बैठक में संबंधित विभाग के जनसूचना अधिकारी/अपीलिय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर



**एडिलेड, (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था।मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गए। पंत ने 28 रन बनाए। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गए और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गई। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए।ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 337 रन बनाए, हेड का शतक, लाबुशेन ने लगाया अर्धशतकइससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 141 गेंदों पर 17 चौके और 4 छक्के की बदौलत 140 रन बनाए। हेड के अलावा मार्नश लाबुशेन ने भी 64 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नाथन मेकस्विनी ने 39 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 4-4 और नीतीश रेड्डी और रविचन्द्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूधिया रोशनी में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत को शानदार अंदाज में हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर वापसी कर ली है।इस चक्र में अपनी नौवीं जीत के साथ, पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अपने पीसीटी में सुधार करके 60.71 कर लिया और तालिका में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ दिया।दूसरी ओर, भारत को 2023-25 चक्र में दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57.29 पर आ गया, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया।दक्षिण अफ्रीका इस समय श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है और जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बिजनौर में हुई महासभा, संतों ने की कार्रवाई की मांग

**▶▶ डीएम को सौंपा ज्ञापन, यूएनओ ले संज्ञान**

**▶▶ उमड़ा जन सैलाब, बंद रहे बाजार**



**बिजनौर, (हि.स.)** – बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और हमलों के विरोध में रविवार को उत्तर प्रदेश के बिजनौर में महासभा हुई। खोखरा ग्राउण्ड में हुई महासभा में उमड़े जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए जूना अखाड़े की महामण्डलेश्वर यति योगेश्वरी ने बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों विशेषकर हिंदुओं परलगातार हो रहे अत्याचार और हमलों की कड़ी निंदा की। साथ ही बांग्लादेश को अराजकता व आतंकियों, कट्टरपंथियों के हवाले करने वाले वहां के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का नोबल पुरष्कार वापस लेने और यूएनओ को हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में संज्ञान लेते हुए बांग्लादेश के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।इस मौके पर ज्ञानी सुखचैन ग्रंथि ने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर सहित सभी गुरुओं ने बलिदान दिए हैं। आज भी आवश्यकता पड़ने पर सभी सिख हिंदुओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि बाग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार नाबर्दास्त काबिल हैं। सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। नजीबाबाद गुरुकुल से आई युवा संन्यासी रिया कुमारी ने कहा कि आतंकी या कट्टरपंथी चीज और भाषा में समझ सकते हैं। उन्हें भाषा में उन्हें समझाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने तेजस्वी उद्बोधन में कहा कि जिनके जीवन में युद्ध नहीं वह बहुत अभागे होंगे या तो उन्होंने प्रण छोड़ा होगा, या वो रण से भागे होंगे। राजयोगी ब्रह्मकुमारी साधना ने सभी से दृढ़ संकल्प के साथ जागृत रहने की अपील की। महाराज नरेन्द्रानन्द जी ने देश के लिए जीयेगें मरेंगे के वचन का पालन करने के लिए अपील की। इसमें सभी धर्मो के धर्माचार्य बड़ी संख्या में पहुंचे । महासभा की अध्यक्षता महामण्डलेश्वर यति योगेश्वरी और संचालन काव्य शैली के अन्तरराष्ट्रीय कथावाचक नरेन्द्रानन्द जी महाराज ने किया।इसके बाद जूना अखाड़े की महामण्डलेश्वर यति योगेश्वरी ने नेतृत्व में जनसमूह बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा और जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल को ज्ञापन दिया, जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने व बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की बात कही गई है इनके अलावा इस विशाल सभा को गुरुद्वारा बिजनौर के प्रबंधक हरभजन सिंह, गोविंद गिरी जी, देश राज महाराज जी ,मोरना वाले गोपाल दास जी महाराज, कपिल मुनि महाराज, महेंद्र सिंह महाराज ,शिरोमणि अकाली दल से सरदार गुरमोहन सुखजीत सिंह जी, ब्रह्मकुमारी से राज योगिनी बीके महावीर, सोनी शास्त्री जी महाराज, सुखदेव महाराज ,गोविंद महाराज ,संत राजेंद्र सिंह, ज्ञानी सुखदेव सिंह, अनिल कुमार आदि संतों ने भी अपने संबोधन में बांग्लादेश सरकार की कड़ी भर्त्सना करते हुए भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की ।

# समाजवादी पार्टी के नेता ने की राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी

**लखनऊ,(हि.स.)।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के गठबंधन के बीच छींटाकशी का दौर शुरु हो गया है। लखनऊ और आजमगढ़ से जुड़े समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी कर दी।समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने कहा कि इन्होंने जिद कर ली है कि ये अब नहीं सुधरेंगे। जनता ने, विपक्षी दलों ने बहुत अवसर दिया इनमें नेतृत्व का घोर अभाव है। इनकी उम्र 55 की और दिल बचपन का है। 1989 की भांति विपक्ष को नया नेता चुनना ही होगा, जो सत्ता परिवर्तन कर सके।रविवार को समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर तीखी टिप्पणी की। फिर भी महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस के बड़े नेताओं पर टिप्पणी करने से बचते रहे। बल्कि उन्होंने के उत्तर प्रदेश में बेहद कमजोर होने की बात तक कही।

# महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी -अश्विनी वैष्णव

**▶▶ केन्द्रीय रेल मंत्री बोले, चार स्नान पर्वों के लिए व्यापक व्यवस्था**

**▶▶ श्रद्धालुओं को रेल यात्रा सुखद और आध्यात्मिक महसूस होगी, सफर भी होगा आसान**



**वाराणसी, (हि.स.)।** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी। चार रिंग रेल सेवा से दोनों शहरों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का सफर आसान होगा। प्रयागराज जाने से पूर्व रविवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे रेलमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे पिछले तीन वर्षो से महाकुंभ की तैयारियों में जुटा हुआ था। महाकुंभ के लिए नए वेटिंग और होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। ट्रेनों के निर्बाध परिचालन के लिए दोहरीकरण, प्लेटफॉर्म विस्तार, यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं।रेलमंत्री के अनुसार महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक अलग-अलग तरह की 13 हजार रेल सर्विसेज चलेंगी, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को रेल यात्रा सुखद-आध्यात्मिक महसूस होगी। उन्होंने बताया कि रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, यार्ड रीमॉडलिंग, प्लेटफॉर्मों पर अत्यधुनिक उपकरण लगे हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र महाकुंभ हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी धरोहर है। ये हमारी संस्कृति का महापर्व है। ऐसे में चार बड़े स्नान पर्वो पर पूरे देश और दुनिया से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है।पत्रकारों से वार्ता के बाद रेलमंत्री रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार और अन्य अफसरों के साथ विशेष ट्रेन से विंडो ट्रेलिंग करते हुए प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। केन्द्रीय रेल मंत्री वाराणसी से विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से वाराणसी झूसी रेलखंड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद महाकुंभ की तैयारी को लेकर रेलवे व राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ प्रयागराज में बैठक करेंगे।

# पराली प्रबंधन से किसानों को आय के नए स्त्रोत उपलब्ध करा रही योगी सरकार



**लखनऊ, (हि.स.)।** योगी सरकार ने कृषि और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले सात वर्षों में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से गिरावट आई है। योगी सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में भी कमी आई है।प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां पराली जलाने के 8,784 मामले दर्ज किये गये थे, वहीं वर्ष 2023 में 3,996 ही मामले सामने आए हैं। अगर पिछले सात वर्षों में नजर डालें तो पराली जलाने के 4,788 मामलों में कमी दर्ज की गयी है। योगी सरकार की नीतियों के जरिये प्रदेश के अन्नदाता पराली को जलाने की जगह उससे अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सुधार हुआ है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पराली प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का उत्पादन होता है। योगी सरकार द्वारा उठाए गए सटीक प्रबंधन की वजह से पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई है। इससे प्रदेश में प्रदूषण में भी कमी आई है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है बल्कि किसानों को उनके अवशेषों के औद्योगिक और घरेलू उपयोग के माध्यम से आय के नए स्त्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# हरिद्वार में अनूठे मंदिर का शिलान्यास, यहां होंगे 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**▶▶ भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच बनेगा मंदिर, संपूर्ण विश्व में कायम करेगा मिसाल**

**▶▶ संत ललितानंद गिरि व समाजसेवी देवराज ने भूमि पूजन कर रखी मंदिर की आधारशिला**

**▶▶ श्रद्धालुओं के दान से 35 करोड़ की लागत से बनेगा मंदिर**



**हरिद्वार,(हि.स.)।** धर्मनगरी हरिद्वार जल्द ही विश्व की सबसे भव्य और अनूठी आध्यात्मिक धरोहर का केंद्र बनने जा रही है। यहां 51 शक्तिपीठ और द्वादश ज्योतिर्लिंग एक ही स्थान पर स्थापित की योजना है, जो दुनियाभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व संगम होगा। लगभग 35 करोड़ की लागत से बनने वाला यह मंदिर भारतीय संस्कृति और धार्मिक एकता का ऐसा प्रतीक होगा, जो संपूर्ण विश्व में अपनी मिसाल कायम करेगा।रविवार को हरिद्वार के श्यामपुर और कांगड़ी क्षेत्र में संत ललितानंद गिरि महाराज व समाजसेवी देवराज पवार ने भूमि पूजन कर इस अद्वितीय मंदिर की आधारशिला रखी। भूमि पूजन के अवसर पर शक्त अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पीठाधीश्वर श्यामा नंद महाराज भी उपस्थित रहे। इस परियोजना की कुल लागत 35 करोड़ आंकी गई है, जिसे जनसहयोग और श्रद्धालुओं के दान से पूरा किया जाएगा।इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि देवी सती के 51 अंगों से जुड़े शक्तिपीठ, जो भारत और अन्य देशों में स्थित हैं, यहां एक ही स्थान पर स्थापित होंगे। इस मंदिर में भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन भी इसी मंदिर में हो सकेंगी।पूरी दुनिया में ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां देवी के सभी शक्तिपीठ और भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग एक साथ स्थापित हों।समर्पण और सहयोग की अपीलआचार्य ललितानंद ने इस मंदिर निर्माण को जनसहयोग पर आधारित बताया और देशवासियों से इसे साकार करने में सहयोग करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक होगा, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच बनेगा।आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावायह परियोजना हरिद्वार को धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

## ग्राम चौपालों में 04 लाख 38 हजार प्रकरणों का हुआ निस्तारण

▸▸ अब तक लगीं 01 लाख 11 हजार से अधिक ग्राम चौपाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा। बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है।

ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओंघ् के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1395 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3843प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3673 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6724 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 76 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 11 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 78 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 38 हजार से अधिक समस्याओं,प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# उच्चस्तरीय मुलाकातों के साथ प्रचार अभियान तेज

▸▸ मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कपिल देव अग्रवाल ने गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने के लिए किया आमंत्रित

**लोकमित्र ब्यूरो**





**लखनऊ।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन को दिव्य और भव्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान चला रही है। इसी क्रम में विभिन्न राज्यों में मंत्रियों को नामित कर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से भेंट के माध्यम से उन्हें महाकुंभ में आमंत्रित किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्य हेतु नामित किया गया। इसी क्रम में रविवार को शाम में प्रदेश के दोनों मंत्रीगण गुजरात की राजधानी अहमदाबाद पहुंचे। मंत्रीगण रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत अहमदाबाद पहुंचे। पहले दिन उन्होंने गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल जी से औपचारिक मुलाकात की।

अहमदाबाद में मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल जी से मुलाकात के दौरान महाकुंभ 2025 की विशेषताओं पर चर्चा हुई और मंत्रीगण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां कर रही है। मंत्रीगण ने मुख्यमंत्री जी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो, मुख्यमंत्री जी का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया।

इसके पश्चात मंत्रीगण ने गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से राजभवन जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल जी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल से कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो व मुख्यमंत्री जी का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया गया। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता का परिचय देते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

मंत्रीगण की गुजरात के माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी से अच्छी मुलाकात रही और उन्होंने महाकुंभ में आने का आश्वासन भी दिया। मंत्रीगण ने इस अवसर पर कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाला महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का माध्यम भी है।

प्रयागराज की त्रिवेणी के संगम में देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु आकर प्रयागराज महाकुंभ के साक्षी बनेंगे। इसी दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां कर रही है। उन्होंने गुजरातवासियों से बड़ी संख्या में महाकुंभ में भाग लेने और सनातन संस्कृति का साक्षी बनने का आग्रह किया। गुजरात दौरे के दूसरे दिन, 09 दिसम्बर को मंत्रीगण अहमदाबाद में महाकुंभ 2025 के प्रचार हेतु पूर्वान्ह 11:30 बजे से भव्य रोड शो करेंगे। इस दौरान विभिन्न समुदायों, संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात कर उन्हें महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मंत्रीगण हयात होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गुजरतवासियों को महाकुम्भ की जानकारी देंगे और उन्हें महाकुम्भ में आने और पुण्य प्राप्त करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

महाकुंभः भारत की सांस्कृतिक धरोहर का वैश्विक परिचय का परिदृश्य बनेगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस महापर्व को न केवल भारत बल्कि वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ को लेकर सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। महाकुंभ 2025 को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे।

## अखिलेश बोले, जनता में असंतोष पनप रहा है, जो कल को हड़ताल बनकर उभरेगा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम के तहत अगले छह महीने के लिए अपने विभागों, निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों में हड़ताल और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर योगी सरकार जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उप्र सरकार का ये फरमान अपने आप में उप्र में लगातार बढ़ते खराब हालातों को बयां कर रहा है कि अगले 6 महीनों तक अनिवार्य सेवा अनुरक्षण कानून के तहत हड़ताल पर प्रतिबंध होगा।

उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि भाजपा को जोड़-तोड़ और हेराफेरी से सरकार बनाना तो आता है पर भ्रष्ट आचार-विचार के कारण सरकार चलाना नहीं। जो सरकार अपने अधीन लोगों पर ही पाबंदी लगा रही है, इसका तो सीधा मतलब यही हुआ ना कि वो मान रही है कि कर्मचारियों-अधिकारियों के बीच विरोध और आक्रोश का सुषुप्त ज्वालामुखी कभी भी फट सकता है। अखिलेश ने कहा कि वास्तविकता तो ये है कि उत्तर प्रदेश के ही नहीं, पूरे देश के विभिन्न विभागों और सरकारी व अद्धसरकारी संस्थानों और प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोग, भाजपाई भ्रष्ट नीतियों और भ्रष्टाचार के हिस्से बनने पर मजबूर किये जा रहे हैं, जिससे उनमें असंतोष पनप रहा है, जो कल को हड़ताल बनकर उभरेगा, यही वो डर है जिसकी वजह से ये आदेश पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम के तहत अगले छह महीने के लिए अपने विभागों, निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों में हड़ताल और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि आगामी महीनों में राज्य में दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। शुक्ला ने कहा कि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाए गए हैं।

## ईओ ने सरकारी जमीन पर शुरू कराया सीसी मार्ग का निर्माण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर पंचायत मोहनलालगंज के ईओ व दबंग ठेकेदार निजी प्लाटिंग कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रस्ताव के इतर सरकारी भूमि से अवैध रूप से जबरन सीसी मार्ग बनाने पर अड़े है जबकि प्रकरण से संबंधित हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के हस्तक्षेप एवं रिट विचाराधीन होने के बाद भी आंशिक रूप से आनन फानन में मार्ग का निर्माण किया गया है। याचिकाकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में मिनी स्टेडियम के आस-पास निजी प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग का धड़ल्ले से व्यवसाय किया जा रहा है। आरोप है कि निजी प्लाटिंग कंपनियों को रास्ते का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत के ई0ओ0 मनीष राय द्वारा अभिलेखों में गुमराह कर वार्ड 10 मऊ द्वितीय में स्टेडियम की बाउंड्री से मुस्लिम कब्रिस्तान तक सीसी मार्ग के निर्माण का ठेका अगम कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया जिसमें मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। वार्ड 12 के भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्रों में आरोप लगाया है कि प्रस्तावित स्थल वार्ड 12 में आता है तथा प्रस्ताव से इतर निजी प्लाटिंग कंपनियों को रास्ता देने के लिए उनसे दुरभि संधि कर ई0ओ0 मनीष राय विवादित मार्ग मऊ संपर्क मार्ग से बेश कीमती सरकारी भूमि गाटा संख्या 1732 से बिना शासन की अनुमति के अवैध रूप से सीसी मार्ग को जोड़ने के उद्देश्य से निर्माण करने पर तुले हुए हैं जबकि इसका कोई भी प्रस्ताव बोर्ड द्वारा पारित नहीं किया गया है तहसील प्रशासन द्वारा प्लाटिंग कंपनियों के प्रभाव में मंडलायुक्त के आदेश पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही न करने पर भाजपा सभासद ने हाईकोर्ट लखनऊ में याचिका संख्या-रिट सी 10108ध्24 योजित की जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा गत 26 नवंबर को जिलाधिकारी लखनऊ को निर्देशित किया कि आरोपों की जांच कर कार्यवाही करें तथा 6 सप्ताह में जवाब दें।

## किसानों पर अत्याचार, बिजली का निजीकरण और भाईचारे को खत्म करने की साजिश

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए किसानों, भाईचारे, और निजीकरण के मुद्दों पर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को झूठे आश्वासन देकर उनके अधिकार छीन रही है। किसानों को खाद की मात्रा कम कर 50 किलो से पहले 45 और अब 40 किलो की बोरी दी जा रही है। साथ ही, किसानों को गिरफ्तार कर उनका दमन किया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस किसानों के संघर्ष में उनके साथ है। उन्होंने सरकार पर किसानों की मांगों को नजरअंदाज करने और दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया।

अजय राय ने बताया कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन (27 नवंबर) के अवसर पर प्रदेश भर में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इसे सभी धर्मों के बीच आपसी भाईचारे को मजबूत करने की पहल बताया। राय ने कहा, हमारा दिया हुआ लाल खून सभी धर्मों के शरीर में चढ़ेगा।

उन्होंने सरकार पर आपसी सौहार्द को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया। राय ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को गोरखपुर और संभल जैसे स्थानों पर जाने से रोका जा रहा है। यहां तक कि दुख की घड़ी में गृह जनपद जाने की अनुमति भी नहीं दी गई। यूपी में बिजली कंपनियों के निजीकरण की चर्चाओं पर अजय राय ने कहा कि कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि निजीकरण से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और यह आम लोगों के लिए हानिकारक है। अजय राय ने सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर कहा, राहुल गांधी के साथ पूरा देश खड़ा है।ष् उन्होंने मायावती पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह बीजेपी की भाषा बोल रही हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफभाजपा की जनाक्रोश रैली कल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और हिंसा के खिलाफ 10 दिसंबर, को भाजपा लखनऊ महानगर की ओर से जनाक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली अपराह्न 2 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होगी। इसका उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के विरुद्ध हो रहे कथित नरसंहार और अत्याचार के प्रति विरोध दर्ज कराना है। इस आयोजन की कार्ययोजना को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में हलवासिया कोर्ट में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा महानगर कार्यकारिणी के सदस्य, नगर निगम पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रही बर्बरता के खिलाफ हर वर्ग को एकजुट होना होगा। यह रैली केवल भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की आवाज होगी। इस रैली को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की रणनीति के तहत आरएसएस भाग कार्यवाह अमितेश, महानगर महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, और पार्षद दल नेता सुशील तिवारी पम्मी ने रैली में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने की योजना बनाई। बैठक में अशोक तिवारी, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि और गिरीश गुप्ता भी शामिल रहे। इस रैली के जरिए पार्टी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह संदेश देना चाहती है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रहे अन्याय को न केवल भारत बल्कि दुनिया भी देख रही है। यह जनआक्रोश रैली बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास करेगी ताकि अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# दिव्य, भव्य, सुरक्षित और डिजीटल होगा महाकुंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** अगले वर्ष प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में आप सभी आमंत्रित हैं। महाकुंभ स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित, दिव्य, भव्य एवं डिजीटल होगा। महाकुंभ एक मेला अथवा स्नान करने का पर्व ही नहीं बल्कि देश की अनेकता में एकता का शाश्वत और समेकित जयघोष है। देश व दुनिया के करोड़ों लोग महाकुंभ में प्रयागराज आएंगे। ये बातें प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार में मुंबई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।

13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। रविवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मुंबई में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भेंट कर उन्हें महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया। इसके बाद आहूत प्रेसवार्ता में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने महाकुंभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पृथ्वी पर लगने वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम एवं मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है। 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार पूरी ऊर्जा के साथ तैयारियों में जुटी है। उन्होंने बताया कि इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु-संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भी उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम ने जानकारी दी कि स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सभी क्षेत्रों में सरकार की ओर समुचित तैयारी की गई है। पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण किया गया है। मेला परिसर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के साथ-साथ परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल, 20 बेड के दो और आठ बेड के छोटे अस्पताल बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू आर्मी हॉस्पीटल द्वारा तैयार किए गए हैं।

अस्पतालों में 24 घंटे रहेंगे चिकित्सक मेला परिसर में तैयार किए इन अस्पतालों में 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती रहेगी। जिनमें 291 एमबीबीएस व विशेषज्ञ चिकित्सकों, 90 आयुर्वेदिक व यूनानी डॉक्टरों एवं 182 स्टाफ नर्सों की तैनाती रहेगी। अस्पतालों में पुरुष, महिला व बच्चा वार्ड अलग-अलग तैयार किए गए हैं। डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड व डॉक्टर्स रूम भी रहेंगे। महाकुंभ में तीन लाख जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा व दवाएं वितरित की जाएंगी।

## यूपी को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस की बड़ी सौगात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** ट्रेन के जनरल और स्लीपर क्लास में ट्रैवेल करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस की बड़ी सौगात दी है। रेलवे की ओर से अब लखनऊ के रास्ते तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें चंडीगढ़ से वाराणसी, गोरखपुर से मुंबई और हावड़ा से दिल्ली वाया लखनऊ ट्रेनें चलेंगी। रेलवे की इस सौगात से हजारों यात्रियों को फायदा होगा।

तीनों रूटों पर इन ट्रेनों को संचालित करने की तैयारी हो रही है। इसमें से लखनऊ के रास्ते आनंदविहार से दरभंगा के लिए एक अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है। अब रेलवे बोर्ड 26 और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटरी पर उतारने की तैयारी में हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस को खासतौर पर आम आदमी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इन ट्रेनों में आम जनता के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की कोशिश की गई है। बिना एसी वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में सीसीटीवी कैमरे भी लगे रहेंगे। जिसके चलते लोगों का सामान पूरी तरह से सेफ रहेगा। वहीं टॉक बैंक सिस्टम लगा होगा, जिससे यात्री आपात स्थिति में सीधे लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से बात कर पाएंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस में शौचालयों को भी पहले से बेहतर बनाया गया है। इनमें लोगों को आरामदायक सीटों की सुविधा भी मिलेगी। 22 बोगियों वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में 1834 यात्री सफर कर सकेंगे।

## विरासत को जीवंत रखना जनता और सरकार दोनों की जिम्मेदारीः जयवीर

▸▸ विंटेज कार रैली में पुरानी कारें बनी आकर्षण का केंद्र, दिखा लखनऊ का नवाबी ठाठ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने एक संदेश में कहा कि हेरिटेज कॉन्क्लेव से लेकर विंटेज कार रैली जैसे आयोजन अपनी विरासत को संजोए रखने का ऐसा प्रयास है, जिसमें जनता और सरकार दोनों की समान भागीदारी जरूरी है। ऐसे आयोजनों से आमजन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति आकर्षित होते हैं। विंटेज कारें हमें अतीत के उस दौर में ले जाती हैं, जब तकनीक और कला का अनोखा मेल देखने को मिलता था। पर्यटन विभाग सदैव इस तरह के आयोजनों का पक्षधर रहा है। ऐसे प्रयास पर्यटन विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लखनऊ में राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित हेरिटेज कॉन्क्लेव आयोजित करने के एक दिन बाद रविवार को पर्यटन निदेशालय से विंटेज कार रैली का शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन,संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य मुकेश कुमार मेश्राम ने पर्यटन भवन से हरी झंडी दिखाकर विंटेज कार रैली को रवाना किया। यह अनोखी रैली न केवल पुरानी कारों के शौकीनों के लिए खास रहा, बल्कि राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने का एक प्रयास रहा। प्रमुख सचिव ने इस अवसर पर कहा कि विंटेज कार रैली उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और अवध हेरिटेज कार क्लब की संयुक्त पहल थी। रैली में 21 से अधिक विंटेज कार मालिकों ने हिस्सा लिया। इनमें 1928 की फोर्ड, 1923 की लाल रंग की ऑस्टिन 7 और बेबी ऑस्टिन, वोल्स्ले, 1945 की जगुआर मार्क 4, 1945 की मॉरिस माइनर, 1968 की वी.डब्ल्यू. बीटल और 1958 की फिएट स्पाइडर जैसी पुरानी कारें शामिल थीं।

## पूरी तैयारी से 2027 के विधानसभा चुनाव लड़ेगी भारतीय नव क्रांति पार्टी



▸▸ पार्टी के अवध प्रांत की बैठक लखनऊ में सम्पन्न हुई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय नव क्रांति पार्टी उत्तर प्रदेश के अवध प्रांत की बैठक लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क गोमती नगर में हुई जिसमें पार्टी के उच्च पदाधिकारीगण उपस्थित हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसका नेतृव जिला अध्यक्ष उन्नाव भगवान दास (पासी) द्वारा हुआ विनोद कश्यप कोषाध्यक्ष ,अनिल कुमार शर्मा सदस्यता प्रमुख/महासचिव,बुंदेलखंड प्रांत प्रभारी धीरज कुशवाह ,कौशल किशोर शुक्ला अवध प्रांत सचिव ,आंगनलाल मौर्य प्रदेश सचिव , हरिहर मिश्रा प्रदेश महा सचिव, रागिनी जौहरी प्रदेश सचिव, गायत्री शर्मा प्रदेश महा सचिव ,संजय रावत विधानसभा अध्यक्ष (मोहनलालगंज), अमरेश मौर्य प्रदेश सचिव, सुनील साहनी जिलाध्यक्ष कुशीनगर ,सभी लोग आज की बैठक में उपस्थित रहे। सभी लोग अपने पद के दायित्व का निर्वाहन करते हुए अपने अपने विचार प्रकट किए जिससे आने वाले 2027 विधान सभा चुनाव की पूर्ण तैयारी के साथ भारतीय नव क्रांति पार्टी चुनाव लड़ेगी।

## यूपी महिला कांग्रेस की सभी इकायां हुई भंग

▸▸ नारी सम्मान समारोह के मंच से की घोषणा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। उन्होंने एलान किया है कि जनवरी 2025 में नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय पर नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह के दौरान मंच से यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर का संविधान खतरे में है।

अलका लांबा ने नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह में उपस्थित महिलाओं को नारी न्याय किट दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सड़क से सदन तक संविधान को बचाने की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे हैं, यदि इस पर आंच आई तो देश की आधी आबादी पर भी खतरा आ जाएगा। कांग्रेस हमेशा महिला हितों की पक्षधर रही है। राजीव गांधी ने निकाय चुनाव में महिलाओं को आरक्षण दिया, जिसका नतीजा है कि आज देश की लाखों महिलाएं पंच, सरपंच, सभासद और मेयर जैसे पदों को सुशोभित कर रही हैं। उन्होंने मांग की महिलाओं को जो 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है, उसे भाजपा सरकार तत्काल लागू करे। उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए ताकि हम महिलाएं अपने हक और हकूक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ सकें। हमारी नेता प्रियंका गांधी ने महिलाओं के हक की लड़ाई हमेशा मजबूती से लड़ी है। भाजपा के पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण का नाम लिए बिना कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर जब दुनिया में देश का नाम रोशन करने वाली बेटियां धरने पर बैठी, तब भी प्रियंका गांधी ने कंधे से कंधा मिला कर उनका साथ दिया। इतना ही नहीं देश की बेटी विनेश फोगाट के साथ जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गलत हुआ तो कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बनाया और आज वह महिलाओं की सशक्त आवाज हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी हिस्सेदारी और भागीदारी के लिए लड़ना होगा। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि लड़ाई में जहां कहीं भी आपको मेरी या पार्टी की जरूरत होगी। मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। आप सभी कांग्रेस पार्टी की सदस्य हैं, आप सभी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के परिवार की सदस्य हैं। अलका लांबा ने प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए महिला कांग्रेस की निवर्तमान पदाधिकारी शहला अहरारी, अनामिका यादव, पूनम पंडित, नम्रता दान, भारती त्यागी, पूजा चड्ढा, उरूषा राणा को उत्तरदायित्व सौंपा है।

## संक्षिप्त खबरें

### फोटो पत्रकार के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**लखनऊ।** यूनाइटेड न्यूज ऑफ इण्डिया (यूएनआई) समाचार एजेन्सी के सेवानिवृत व वर्तमान में यूएनएस न्यूज एजेंसी में कार्यरत फोटो पत्रकार विभूति रंजन दास दादा का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक सभा में लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बताया गया कि वे पत्रकारिता के माध्यम से समाज व लोगों की सेवा कर रहे थे। विगत एक सप्ताह से सड़क दुर्घटना में सिर पर चोट लग जाने के कारण राजधानी के केजीएमयू के एनआईसीयू वार्ड में एडमिट थे। शोक जताने वालों में जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोशिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, छायाकार राजकुमार बाजपेयी, विजय गुप्ता, ब्रजेश तिवारी, पत्रकार हुजैफा सहित तमाम लोगों ने दादा को विनमृ श्रद्धांजलि अर्पित की थे।

### धूमधाम से सम्पन्न हुआ जैन मन्दिर का स्थापना दिवस

**लखनऊ।** जैन मन्दिर आशियाना के 23 वें स्थापना दिवस पर अभिषेक और शान्तिधारा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति की ओर से किया गया। कोषाध्यक्ष शरद कुमार जैन ने महावीर भगवान की मूर्ति को पाण्डुक शिला पर विराजमान किया। शान्तिधारा के पुण्यार्जक संरक्षक शरद कुमार रहे। वेदी पर पूजन विकास जैन, आशीष जैन और अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ने किया। संगीतमयी लय में महावीर विधान हुआ। विधान के पुण्यार्जक कमलेश जैन एवं अभितोष जैन का परिवार रहा। धार्मिक अनुष्ठान में मंत्री अजय जैन, सहमंत्री अंकित जैन, संजीव, संजय, अल्पना जैन, सविता जैन, रिमझिम शाह, ऋतु, सोनी के साथ महिला मण्डल के सदस्यों ने पुण्यार्जन किया।

### सिलेंडर ब्लास्ट में घायल मजदूर की मौत

**लखनऊ।** दुबग्गा के अवैध गैस गोदाम में हुए ब्लास्ट में घायल एक मजदूर की मौत हो गई। रंजीत चौरसिया का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था। दो दिन पहले हुए इस हादसे में 6 लोग घायल हुए थे। मामले में आपूर्ति विभाग की तरफ से दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गय है। शाहपुर भमरौली में रोहित गुप्ता के मकान में अवैध गैस गोदाम चल रहा था। शुक्रवार रात को रिफिलिंग के समय गैस लीकेज से ब्लास्ट हुआ था। ब्लास्ट में चार मजदूर और 2 बच्चे घायल हुए थे। सभी का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान घायल मजदूर रंजीत चौरसिया की मौत हो गई। बाकी घायलों का इलाज जारी है।

### वृंदावन योजना गेट पर मिला शव,पुलिस कर रही शिनाख्त

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में स्थित वृंदावन योजना गेट पर रविवार दोपहर एक शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि व्यक्ति 50 से 55 लाल का है। आस पास जुटे लोगों का कहना है कि मृतक काफी दिनों से वृंदावन गेट के पास रहकर भीख मांगते हुए दिखा था। गेट पर फल की दुकान लगाने वाले नारेंद्र ने बताया कि सुबह मृतक चाय पी रहा था। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक के कोई चोट के निशान नहीं हैं।

### प्रतिबंध उसके बावजूद पेट्रोल-डीजल की हो रही खुलेआम अवैध बिक्री

**लखनऊ।** गुडंबा थाना क्षेत्र के कपासी चौराहे पर पेट्रोल डीजल की तस्करी जोरों पर है। सड़क किनारे अनंत राम रावत की दुकान पर खुलेआम पेट्रोल और डीजल की बिक्री होती है। वहीं लोग मिलावट खोरी और घटतौली का शिकार हो रहे हैं। इस सब के बावजूद क्षेत्र की पुलिस मौन है। पेट्रोल डीजल का खुले में बिकना किसी बड़े हादसे को दावत देने के बराबर है अभी मात्रा कुछ दिन पहले सिलेंडर विस्फोट में कई लोगों की जान गई उसके बावजूद भी जलनशील पदार्थ खुलेआम रोड के किनारे जूता चप्पल की दुकान पर अनंत राम रावत द्वारा कपासी चौराहे पर बिक रहा जिसका कारण है गुडंबा पुलिस का ढिल मूल रवैया है। अगर इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आगे बहुत बड़ी अनहोनी देखने को मिलेगी।

### कार वर्कशॉप में लगी आग,नौ गाडियां जलीं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में तारा का पुरवा स्थित टाटा मोटर्स के वर्कशॉप परिसर में खड़ी कारों में रविवार को आग लग गई। आग की लपटें देख कर्मचारियों ने दमकल और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने 30 मिनट में आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों के मुताबिक आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। नौ गाड़ियां जली हैं। समय रहते आग पर काबू पाने से आग अन्य गाड़ियों बच गई। जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

### ओमेक्स सिटी में फ्लैट में लगी आग, घर का सामान जला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ओमेक्स सिटी स्थित फ्लैट में रविवार दोपहर तीन बजे के करीब आग लग गई। किचन से आग की लपटें निकलते देख परिजनों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। जानकारी पर गोमतीनगर और पीजीआई से एक-एक फायर टेंडर मौके पर भेजे गए, लेकिन उससे पहले परिजनों ने और अपार्टमेंट में मौजूद लोगों ने फायर सिस्टम से आग को बुझा लिया। एफएसओ गोमतीनगर के मुताबिक, ओमेक्स सिटी के टावर नंबर 11 आर-वन में फ्लैट नंबर 101 में रहने वाले दिलीप कुमार के फ्लैट में लगी थी। आग से किचन और डायनिंग हाल में रखा सामान, एसी और फ्रिज आदि जल गया। आग पर समय से काबू पा लेने से दोनों बेड रूम सुरक्षित बच गए। फायर यूनिट के पहुंचने के पहले ही वहां के लोगों ने आग को बुझा लिया था।


### आईएमए लखनऊ की निर्विरोध अध्यक्ष बनी डॉ. सरिता सिंह

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखनऊ शाखा का वार्षिक चुनाव रिवर बैंक कॉलोनी स्थित परिसर में हुआ। चुनाव में पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष पद पर केजीएमयू की डॉ. सरिता सिंह को वर्ष 2024-25 का अध्यक्ष और डॉ. संजय सक्सेना को सचिव घोषित किया गया। इलेक्टेड अध्यक्ष डॉ. मनोज अस्थाना बने। उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. अमित अग्रवाल व डॉ. एम. अलीम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह, एडिटर डॉ. शाश्वत विद्याधर, संयुक्त सचिव डॉ. रितु सक्सेना, डॉ. सुमित सेठ, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव व डॉ. वीरेंद्र कुमार निर्वाचित हुए। इसके अलावा सदस्यों में डॉ. आरके दीक्षित, डॉ. वारिजा सेठ, डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, डॉ. आरबी सिंह, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. दर्शन बजाज, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. पियूष कुमार, डॉ. निशी टंडन, डॉ. आलोक माहेश्वरी, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अर्चिका गुप्ता, डॉ. अजय कुमार पटवा, डॉ. राजीव सक्सेना और डॉ. नईम अहमद शेख बने।

### कुत्तों के बच्चों को जान से मारने के बाद घर के बरामदे में सो रही वृद्धा पर हिंसक जानवर का हमला

**लखनऊ।** मलिहाबाद सर्किल में एक हिंसक वन्य जीव की दहशत कायम हैं। शनिवार देर रात करीब 2.30 बजे हिंसक जीव ने गढ़ी संजर खां गांव में दो कुत्तों के बच्चों को जान से मारने के बाद घर के बरामदे में सो रही बड़कौऊ (65) के पैर पर हमला कर दिया। हालांकि, वृद्धा के शोर मचाने पर हिंसक जीव वहां से भाग निकला। ऐसे में वन विभाग ने ग्रामीणों को सर्तक रहने की अपील की है। दरअसल, मलिहाबाद क्षेत्र के गढ़ी संजर खां में बड़कौऊ सपरिवार रहती हैं। बीती रात वह घर के बरामदे में सो रही थी। तभी एक हिंसक वन्य जीव ने घर के बाहर आवारा कुत्ते के दो बच्चों को जान से मार दिया। इसके बाद हिंसक जीव ने वृद्धा पर हमला कर दिया। वृद्धा की चीख सुनकर परिजन लाठी-डंडा लेकर कमरे से बाहर निकले। तब तक हिंसक जीव वहां से भाग निकला। हिंसक जानवर के हमले से वृद्धा का पैर लहूलुहान हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि हिंसक जीव ने दो पिल्ले (कुत्तों के बच्चों) को मार दिया है, जबकि तीन पिल्ले लापता है। हिंसक वन्य जीव के हमले से गांव में दशहत फैल गई है। मलिहाबाद रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने घटनास्थल से पगचिन्हों की पहचान की है। प्रथम दृष्टया में पगचिन्ह बाघ या तेंदुए के नहीं हैं, लेकिन वन विभाग ने ग्रामीणों को घर से अकेले न निकलने की सख्त हिदायत दी है। फिलहाल, क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से वन विभाग काबिंग कर रही है।

# ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर, एलडीए ठेकेदार की हालत नाज़ुक, पत्नी की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर ट्रक की टक्कर से स्कॉर्पियो का एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद घायल पति-पत्नी को कार की बॉडी काटकर निकाला गया। महिला की मौत हो गई है। पति को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनकी हालत नाजुक देख परिजन मेदांता अस्पताल ले गए हैं। घटना तिवारीगंज के पास रविवार सुबह हुई है। पति-पत्नी स्कॉर्पियो से गोरखपुर से वापस लखनऊ लौट रहे थे। बीबीडी पुलिस के मुताबिक रवि प्रताप सिंह (48) पत्नी खुशबू सिंह (45) गोरखपुर जनपद के खजनी हरनी गांव के रहने वाले हैं। सीसीटीवी से एक्सीडेंट करने वाले ट्रक की पहचान की जा रही है। एक्सीडेंट के बाद सड़क पर स्कार्पियों के पार्ट बिखर गए। हाईवे पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाकर स्कॉर्पियो को हटाया है। रवि लखनऊ में गोमतीनगर विस्तार गंगा अपार्टमेंट में रहते हैं। वह स्व। में ठेकेदारी का काम करते हैं। इनके दो बेटी पीहू और पाखी और बेटा अक्षत है। तीनों गोरखपुर में पढ़ाई करते हैं। शनिवार को परिवार में शादी थी। दोनों रात में गोरखपुर जा रहे थे। रवि का प्लासियो मॉल के पीछे पार्क डेवलेपमेंट का काम चल रहा है। इसी के निरीक्षण की सूचना मिली तो वह बारात में शामिल हुए बिना बीच रास्ते से लखनऊ के लिए लौटे। रविवार तड़के जब बीबीडी के तिवारीगंज चौराहे के पास पहुंचे तो एक्सीडेंट हो गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

### बाइक से घूमने निकले युवक की हादसे में मौत, साथी घायल

**लखनऊ।** तालकटोरा में शनिवार रात दोस्त के साथ बाइक से घूमने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रभातपुरम निवासी सर्वेश यादव (22) पिकअप ड्राइवर थे। पिता राम सिंह यादव के मुताबिक बेटा सर्वेश शनिवार रात को बाइक लेकर अपने साथी हर्षित के साथ घूमने निकला था। वह पाल तिराहे के पास पहुंचे थे तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेजवाया। इलाज के दौरान सर्वेश की मौत हो गई। वहीं, हर्षित की हालत गंभीर बनी हुई है।

### रोडवेज बस की टक्कर से महिला घायल

कृष्णानगर स्थित पिकेडली होटल के पास सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तहरीर पर कृष्णानगर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है। बाराबिरवा निवासी बतासा देवी मंदिर दर्शन करने जा रही थी। वह पिकेडली होटल के पास सड़क पार कर रही थी। इस बीच आलमबाग की तरफ से आई उन्नाव डिपो की बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिसकर्मियों ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल भेजवाया। जहां उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक बेटे रामशंकर वर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मड़ियांव में एक युवक ने शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त पिता ड्यूटी पर और भाई स्कूल गया था। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फैजुल्लागंज परागी मंदिर के पास रहने वाले अमित (23) पुत्र प्रद्युम्न सिंह का शनिवार को शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पिता के मुताबिक वह शनिवार को ड्यूटी पर गए थे और छोटा बेटा हिमांशु एलयू के न्यू कैंपस में अपने क्लास करने गया था। पत्नी के मायके जाने के चलते अमित घर पर अकेला था। रात को घर लौटने पर देखा कि अमित का शव दरवाजे के ऊपर लगे रोशनदान से बंधे फांसी के फंदे पर लटका था। जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर शव को फांसी के फंदे से उतारा गया।

### मजदूर ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी इलाके में उत्तरधौना गांव मे निर्माणाधीन मकान में एक मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी। रविवार को उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता देखकर ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीबीडी पुलिस के मुताबिक सीतापुर के हलीमनगर शमशेरी पुरवा निवासी विनोद कुमार (26) के आत्महत्या की खबर परिजनों को दे दी गई है। विनोद उत्तरधौना गांव मे निर्माणधीन गिरीश तिवारी के मकान में काम कर रहा था।

घर के सामने ही पत्नी रजाना तीन बच्चों और देवर परमेश के साथ रहती है, जिन्हें शनिवार को ही विनोद गांव छोड़कर आया था। ठेकेदार दिनेश कुमार ने बताया कि विनोद यहां पर 15 दिन से काम कर रहा था। रात 7 बजे उससे बात हुई थी। उसके बाद से उसे किसी ने नहीं देखा।

### सत्य के अलावा कोई धर्म नहीं: पं. गोविंद मिश्रा

**लखनऊ।** विश्वनाथ मन्दिर के 33वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कालोनी में बेदी पूजन के साथ शिव पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन रविवार को कथाव्यास पंडित गोविंद मिश्रा ने महात्म की कथा का सुन्दर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शिव पुराण कथा से देवराज ब्राह्मण, बिंदुग, चँचुला का उद्धार हुआ और कैलाश धाम की प्राप्ति हुई। कथा सुनाते हुए पंडित गोविंद मिश्रा ने कहा कि प्रेम जोड़ता और भ्रम तोड़ता है। कभी संबंध बना हो तो यह मत देखना कि उसका घर कितना बड़ा है, उसका घर भले ही छोटा हो पर उसका दिल बड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसार में शुरू से ही संवाद की परंपरा रही है और उससे समाज का कल्याण हुआ है। विवाद की परंपरा अब शुरू हुई है और हम सदाचार भूलते जा रहे हैं। सत्य के अलावा कोई धर्म नहीं है, इसलिए सत्य हमारे जीवन में होना चाहिए।

# डीएम ने ने की पल्स पोलियो और विटामिन ए अभियान की शुरुआत



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में रविवार को पल्स पोलियो अभियान और विटामिन ए सप्लीमेंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुकेश शर्मा ने कहा कि भारत 2014 में पोलियो मुक्त हो गया था, लेकिन पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए भारत सरकार संक्रमण को रोकने के लिए बार-बार इस अभियान का आयोजन करती है। इस बार अभियान के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है, साथ ही नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि अभियान के पहले दिन 2783 बूथों पर बच्चों को पोलियो रोधी दवा दी गई। इसके बाद स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीमें सोमवार से घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का काम करेंगी।

# नगर निगम गलत पते पर भेज रहा दूसरे का बिल

▸▸ लखनऊ व्यापार मंडल ने की अधिकारियों से शिकायत



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर निगम भी अजब गजब कारनामें करता है। पिछले चार सालों से एक ही गलती नगर निगम बार बार कर रहा है। गलत पते पर गलत बिल भेजने की शिकायत करने वाले हैं लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा। कहते हैं कई बार शिकायत की पर आज तक पता सही नहीं किया गया। उन्होंने एक बार गलत पते पर गलत बिल भेजने की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा लखनऊ नगर निगम और जल निगम के अधिकारियों से शिकायत की है कि पिछले चार सालों से उन्हें गलत बिल भेजा जा रहा है। उन्हें भवन संख्या-71ध004, ।.च ैम्छ त्वाक, लालकुंआ वार्ड, जोन-1 (विनेम प्क- 9157।82251) का पेयजल और सीवरेज बिल मिल रहा है। यह बिल उनके भवन से संबंधित नहीं है। उन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मिश्रा का कहना है कि नगर निगम और जल निगम दोनों में गलत मोबाइल नंबर और बिलिंग जानकारी दर्ज की गई है। इसके कारण यह समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्हें हर साल बिलिंग का मैसेज और नोटिस आता है जबकि यह भवन उनका नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से निवेदन किया है कि उक्त बिल और संपत्ति का स्वामित्व उनके नाम से हटाकर सही मालिक के नाम किया जाए। इससे उन्हें बार-बार गलत बिलिंग से परेशान न होना पड़े। उन्होंने गलत नंबर दर्ज करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिससे अन्य उपभोक्ताओं को भी ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस मुद्दे पर अमरनाथ मिश्रा ने नगर निगम और जल निगम के अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# बदला मौसम, गलन बढ़ी, शहर में छाया घना कोहरा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में सुबह-शाम पारा लुढ़कने के कारण गलन बढ़ गई है। रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी 100 मीटर रही। सुबह न्यूनतम तापमान 11 से0 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 25 डिग्री तक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने सीजन में पहली बार प्रदेश में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे में लखनऊ के आसपास के जिलों में बारिश हो सकती है। सर्द हवाओं के कारण पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में पछुआ हवा का असर है। पिछले 3 दिनों में तापमान में 3-4 से0 की गिरावट दर्ज की गई है। उत्तर-पश्चिमी भारत की ओर वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण मौसम में बदलाव आया है। पूर्वांचल समेत प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। शनिवार को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.8 डिग्री कम था। जबकि अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक था। मौसम साफ बना रहा। हवा की स्पीड 6 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से 9 दिसंबर तक अधिकतम तापमान में 2 से0 की और गिरावट आ सकती है। न्यूनतम तापमान में 3-4 से0 की बढ़ोत्तरी होगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के गुजरने के बाद 10 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में 2 से 4से0 की गिरावट आएगी। तराई इलाकों के साथ पूर्वांचल के कई इलाकों में घना कोहरा छाएगा।


# मदरसा टीचर ने छात्रा के कपड़े उतारकर पीटा

### [सीट से सिर लड़ाया तो बेहोश हुई]

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक मदरसा टीचर ने छात्रा के कपड़े उतारकर जमकर पिटाई की। टीचर ने छात्रा को इतना मारा कि वह बेहोश हो गई। दूसरे टीचर ने छात्रा के घर वालों को फोन कर उसके बेहोश होने की जानकारी दी। इसके बाद मदरसा पहुंचे घर वाले बच्ची को अस्पताल लेकर गए।

होश में आने पर छात्रा ने बताया कि टीचर ने सबक नहीं सुनाने पर उसकी जमकर पिटाई की। नाराज घर वालों ने काकोरी पुलिस चौकी में आरोपी टीचर के खिलाफ शिकायत दी है। मामला दारुल फरूकिया मदरसे का है। काकोरी के मौलवी मोहल्ला में रजी अहमद रहते हैं। उनकी 12 साल की बेटी मारिया दारुल फरूकिया मदरसा में कक्षा- 2 में पढ़ती है। रविवार को भी मारिया पढ़ने गई थी। रजी अहमद ने बताया- टीचर अब्दुल कारी माबूद ने



बेटी मारिया से सबक (याद किया पाठ) पूछा। मारिया सबक नहीं सुनाई। इससे नाराज अब्दुल कारी ने मारिया के कपड़े उतार कर उसकी जमकर पिटाई की। पिता ने बताया काफी पीटने के बाद अब्दुल कारी ने मारिया का सिर सीट में लड़ा दिया। इससे वह बेहोश हो गई। मदरसा के शिक्षक और कर्मचारियों ने मुझे फोन कर कहा कि मारिया बेहोश हो गई है। हम लोग मदरसा की तरफ जा रहे थे। रास्ते में कर्मचारी मारिया को लेकर घर आते मिल गए।

इसके बाद हम लोग बेहोश मारिया को एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। इलाज के बाद मारिया को होश आया। बेहोश होने की वजह पूछने पर उसने बताया कि सबक याद नहीं होने पर टीचर ने काफी पीटा और सीट से सिर लड़ा दिया। पिता रजी अहमद ने बताया कि बेटी को होश आया तो उसने आपबीती बताई। मारिया ने बताया कि शिक्षक अब्दुल कारी माबूद ने कपड़े उतार कर पीटा। जिससे वह डर गई। सीट पर सिर लड़ाने से बेहोश हो गई। मारिया की मां ने टीचर के खिलाफ काकोरी चौकी पर लिखित शिकायत दी है। चौकी इंचार्ज राज बहादुर ने कहा कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### नशा-मुक्ति के खिलाफ 31 को दौड़ेंगी लखनऊ की महिलाएं

**लखनऊ।** नशा मुक्ति के खिलाफ 31 दिसंबर को लखनऊ में महिला मैराथन का आयोजन किया जाएगा। रविवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बताया कि नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान के तहत मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया जाएगा। कौशल किशोर ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी तेजी से नशे के चपेट में आ रही है। अंतरराष्ट्रीय साजिश के तहत हिंदुस्तान में कई तरह के ड्रग्स और नशीले पदार्थ की स्मगलिंग की जा रही है।

नशे के कारण बड़ी संख्या में युवक और युक्तियां मौत के मुंह में जा रही हैं। 2020 में शराब के कारण मेरे बेटे की मौत हुई। इसके बाद हम लोग राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। कौशल किशोर ने कहा कि पीएम मोदी ने घोषणा किया है कि 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के साथ हम लोग नशा मुक्त भारत बनाएं।

# बिजलीकर्मियों के साथ आए 25 संगठन

▸▸ निजीकरण के विरोध में 16 लाख राज्य कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में राज्य कर्मचारियों के 25 संगठन विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ में आ गए हैं। यूपी प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर इन संगठनों ने एक साथ निजीकरण के विरोध में काम करने का आवाहन किया है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि हमारे साथ सहयोग में राज्य कर्मचारियों के 25 संगठन साथ में आ गए हैं। हम सभी मिलकर निजीकरण का विरोध कर रहे। इसमें सिर्फ बिजली कर्मचारी ही नहीं हैं।

हमारे साथ में प्रदेश के सभी राज्य कर्मचारी भी है। कर्मचारियों का दावा है कि निजीकरण से 77 हजार कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। इसमें 50 हजार संविदा कर्मचारी और 27 हजार अभियंता सहित अन्य कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। आरोप लगाया गया कि रातों रात पूरा निगम बेंच दिया जा रहा है। प्राइवेट कंपनी पैसा कमाने के लिए आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कर्मचारियों की मांग पर विचार करना चाहिए। इस दौरान समय पर लोगों की शिकायत का संज्ञान लेना चाहिए। स्टेट एम्पलॉइज ज्वाइंट काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जयंत तिवारी ने कहा कि 1993 से बिजली विभाग के निजीकरण का काम चल रहा है। कंपनी इसलिए इसमें आ रही हैं कि उन्हें यहां पूंजी नहीं लगाना है। वह आती हैं सीधे मैनेजमेंट संभालना है। निजीकरण के बाद कंपनिया शोषण करती हैं। सरकार को यह अहसास है कि यह आदेश सिर्फ बिजली विभाग तक नहीं प्रदेश के सभी कर्मचारियों तक यह पहुंचेगी। एडवांस मीटर भी सही नहीं है। मैनेजमेंट 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए घाटे की बात है, लेकिन मंत्री आवास सहित अन्य जगहों पर करोड़ों रुपए बकाया है। इसका बिजली बिल कम नहीं हो रहा है। 6 रुपए 10 पैसे की बिजली बिल अब निजीकरण के बाद 11-12 रूपए होगी।

### चिकित्सा जांच शिविर में 600 लोगों को निशुल्क जांच

**लखनऊ।** कार्यालय संवाददाता ऑल इंडिया मुहम्मदी मिशन एवं एमएयू ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन मछली मोहाल कैसरबाग में किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में लोगों की नेत्र, दंत, हड्डी, पेट एवं सामान्य रोग, स्त्री रोग आदि का निःशुल्क इलाज एवं दवाइयां प्रदान की। शिविर में पैथोलॉजी लैब की भी व्यवस्था की गयी। वहीं महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला डॉक्टर की के साथ साथ पर्दे का भी व्यवस्था की गई थी। शिविर में लगभग छह सौ मरीजों का इलाज किया गया तथा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मुफ्ती अबुल इरफान मियां फरंगी महली ने कहा कि अपने शरीर की रक्षा करना भी इस्लामी कर्तव्यों में से एक है। सेहत अच्छी रहेगी तो इबादत में कोई कमी नहीं रहेगी। हदीस में कहा गया है कि एक मजबूत इंसान कमजोर इंसान से बेहतर है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए।

# महिला कांग्रेस का नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह

▸▸ अलका लांबा बोलीं, महिलाओं को देंगे रोजगार, सिलाई केंद्र-ब्यूटी पार्लर सेंटर खोलेंगे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की सचिव अनामिका यादव ने किया और संचालन जैनब हैदर ने किया। इस मौके पर अलका लांबा ने सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली महिलाओं को नारी न्याय किट दिया। उन्होंने कहा, महिलाओं की भागीदारी राजनीति में बढ़ानी होगी, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए मजबूती से लड़ सकें। कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया है और 33ः महिला आरक्षण लागू करने की हमारी मांग जारी रहेगी। अलका लांबा ने उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी इकाइयों को भंग करते हुए जनवरी 2025 में नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन की घोषणा की। साथ ही निवर्तमान पदाधिकारियों को संगठन के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी।उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस प्रदेश भर में सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगाने और रोजगार के लिए सिलाई केंद्र व ब्यूटी पार्लर सेंटर खोलने का काम करेगी। अजय राय ने कहा, महंगाई का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ा है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं की लड़ाई में हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश अजमानी, अनिल यादव, शहला अहरारी, ममता राजपूत, डॉ. सुधा मिश्रा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत आई स्माइल डेंटल केयर सेंटर में कैंप का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए तक के निशुल्क इलाज की सुविधा दिलाने हेतु आई स्माइल डेंटल केयर एंड इंप्लांट सेंटर संजय नगर गाजियाबाद द्वारा कैंप का आयोजन किया गया।

वहां फ्री डेंटल चेकअप कैंप की भी व्यवस्था की गई द्व इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद उमेश पप्पू नागर उपस्थित रहे द्व कैंप में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजनगर विनीत शर्मा, ठाकुर अनुज राघव, नीरज त्यागी, भावना जौहरी, नितिन पंडित, आर एन राम, श्रीचंद चौहान, आर सी शर्मा , संजीव गुप्ता गांधी व्यक्तिगण उपस्थित रहे। इस पूरे आयुष्मान भारत एवं फ्री डेंटल कैंप का संचालन भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा अभिजीत मुखर्जी द्वारा किया गया।

## भूमि पूजा के साथ शुरु हुई 12वां भव्य श्री राम कथा व विशाल सामूहिक शुभविवाह की तैयारी

> भव्य श्री राम कथा के मुख्य यजमान श्री बृजमोहन राजीव गुप्ता परिवार होगें

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क, जेएमडी टेन्ट के सामने श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति रजि. द्वारा रविवार को भूमि पूजा कर 12+1वां भव्य श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव तथा विशाल सामूहिक शुभविवाह तैयारी शुरु कर दी। श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी बालाजी महोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इस बार श्री राम कथा 15 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तथा विशाल सामूहिक शुभविवाह 18 दिसम्बर को व श्री बालाजी महोत्सव 22 दिसम्बर 2024 को मनाया जाएगा, पूरे दिन उत्सव का माहौल रहेगा। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन रितेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक मुकेश मित्तल, सह-सचिव रमेश लुथरा, प्रवीण चैधरी, उमेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव गुप्ता, आशीष मित्तल, सतपाल बंसल, अमित जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम का यह 12+1वां वर्ष है तथा हर साल की तरह इस बार भी 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जाएगा।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के चेयरमैन रितेश बंसल ने कहा कि 12+1वां श्री बालाजी महोत्सव में मशहूर कथा वाचक परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाहुर जी महाराज के सानिध्य में भव्य श्री राम कथा को सुनाएगें।

कथा के मुख्य यजमान श्री बृजमोहन राजीव गुप्ता परिवार होगें तथा 22 दिसम्बर को शीतल पांडेय, धर्म नागर, पूजा आनंद, लोकेश गोयल सहित कई नामचीन कलाकार अपने भजनों दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे व मंच का संचालन लोकेश गोयल द्वारा किया जाएगा।

श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के महासचिव महेश अग्रवाल ने बताया की पंडाल के बाहर सैकड़ों गाडियों के पार्किग की व्यवस्था की जाएगी। सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था भी रहेगी, वहीं दिल्ली 6 की चाट व एलईडी लाइट से जगमगाते झूले मेले में मुख्य आकर्शण का केन्द्र होंगे। पंडाल में जगह जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी, जिससे लोग श्री राम कथा का आनंद ले सकेगें।

## आरआरटीएस के पार्किंग में लगेंगी व्यावसायिक दुकानें



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** दिल्ली गाजियाबाद मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर पार्किंग स्थलों में व्यावसायिक दुकानें विकसित की जाएंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां फूड कोर्ट, स्टूडियो, सर्विस अपार्टमेंट बनाए जानें हैं। एकीकृत पार्किंग एवं व्यावसायिक भूखंड को विकसित करने के लिए आरआरटीएस ने लोगों को आमंत्रित किया है। 27 दिसंबर तक लोग अपने नए विचार और योजनाओं के साथ आरआरटीएस बिजनेस कॉरिडोर के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।आरआरटीएस के सभी स्टेशनों को बहुउद्देश्य बहुक्रियाशील केंद्र बनाया जाना है। इससे न केवल यात्रियों की तत्काल जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा बल्कि अवकाश, काम और यात्रियों के रहने के लिए स्थान भी प्रदान करना है।

जिन स्टेशनों पर इस योजना को बढ़ावा देना है उसमें डीपीएस राजनगर गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण, मोदी नगर उत्तर और मेरठ दक्षिण शामिल हैं । एनसीआरटीसी के अनुसार इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 दिसंबर 2024 है। इसकी जानकारी एनसीआरटीसी की वेबसाइट पर भी मौजूद है।

## मिशन शक्तिः बाल विवाह एक अभिशाप है बच्चों से उनका बचपन न छीनें

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिसे जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने होंगे। हमें बच्चों के अधिकारों की रक्षा करनी होगी और उन्हें एक बेहतर भविष्य देना होगा। इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**जलेसर/एटा।** रविवार को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जलेसर- सासनी मार्ग पर स्थित ग्राम देवकरनपुर के निकट एक सड़क दुर्घटना हो गयी।

जिसमे एक बाइक सवार की मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जलेसर-सासनी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार में टक्कर मार दी।

जिसमे बाइक सवार हाथरस जनपद के गांव बसगोई निवासी 26 वर्षीय नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही मौके कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है।घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

## सोनिया गांधी का जन्मदिन सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जायेगा

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** कांग्रेस कार्यालय धान मील वाली गली एटा पर प्रेस वार्ता में ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी- सांसद के जन्मदिवस पर दिनांक 09 दिसंबर 2024 को जिला कांग्रेस कमेटी एटा के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा।

हम सबकी प्रेरणाश्रोत विनम्र सहज और पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का भाव रखने वाली हमारी नेता आदरणीय सोनिया गांधी जी के जन्मदिवस पर रक्त दान से अच्छा कोई दूसरा उपहार हम कांग्रेसजनों की ओर नहीं हो सकता।

आज देश में जिस तरह विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बन गया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है। यह लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं।

मगर हम कांग्रेस के लोग प्रतिबद्ध है इनके नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए। हम राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हर तरीके की लड़ाई लड़ेंगे इस देश के मूल चरित्र को बचाए रखने के लिए। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया, उसने कोई भेद नहीं किया। सभी के शरीर में एक जैसा रक्त बहता है और यह लाल रक्त हमें जातियों और धर्मों में बंटने से रोकता है और एक रखता है।

09 दिसंबर 2024 को हमारी नेता सोनिया गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी जातियों और धर्मों के लोग एकजुट होकर रक्तदान करेंगे और इस नफरती भाजपा को बतायेंगे कि यह उनके बांटने से नहीं बटेगा एक था, एक है और एक रहेगा।

## कु.मायावती महाविद्यालय में बी.एड. विभाग की छात्राओं का 20 दिवसीय शिक्षण अभ्यास प्रारंभ



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर धर्मवीर सिंह के निर्देशों के क्रम में विभागाध्यक्ष शिक्षक शिक्षा विभाग राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय भागलपुर नोएडा डॉ संजीव कुमार ने बताया की कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के बी.एड.विभाग की छात्राओं का 20 दिवसीय शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम 6 दिसम्बर को ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल में प्रारंभ हुआ।

प्राचार्या प्रोफेसर अनीता रानी राठौर तथा ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल के निदेशक अनिल नागर के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में बी.एड.विभाग के समस्त शिक्षकों एवं छात्राओं के उपस्तिथि एवं सहभागिता सराहनीय रही।

## रेकी कर भाजपा कार्यकर्ता की बेटी को स्कूल से अगवा करने का प्रयास, केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो



**इंदिरापुरम।** न्यायखंड दो स्थित मकनपुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता विकास यादव की एक अंजान व्यक्ति ने रेकी की। इसके बाद नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली उनकी छह वर्षीय बेटी को अगवा करने का प्रयास किया। आरोपी बच्ची का चाचा बनकर उसके स्कूल पहुंचा और छुट्टी के समय ले जाने की बात कहने लगा। बच्ची के न पहचानने पर वह मौका देख फरार हो गया। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने भाजपा कार्यकर्ता को बुलाया और बच्ची को उनके साथ भेजा। इधर जब पीड़ित ने इंदिरापुरम पुलिस को तहरीर दी तो पुलिस ने कई दिनों तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। सीएम को ट्वीट करने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। विकास यादव मूलरूप से देवरिया के नगर पंचायत गौरी बाजार के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही वह इंदिरापुरम में शिफ्ट हुए हैं। बताया कि न्याय खंड-2 स्थित वेदांतम ग्लोबल स्कूल में उनकी दोनों बेटियां पढ़ती हैं। 29 नवंबर की दोपहर 01:39 बजे अजय नाम का अंजान व्यक्ति बेटी के स्कूल पहुंचा और शिक्षिका से नर्सरी में पढ़ने वाली उनकी छोटी बेटी को बुलाने को कहा। हर रोज माता-पिता लेने के लिए आते थे इसे देखते हुए स्कूल प्रबंधन को शक हुआ तो उन्होंने बच्ची को बाहर बुलाए बगैर उससे आरोपी का नाम और रिश्ता बताकर पहचान पूछी। भाजपा कार्यकर्ता की बेटी ने आरोपी को पहचानने से इन्कार कर दिया। इस पर आरोपी फरार हो गया। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने बच्ची के पिता को फोन करके स्कूल बुलाया। सीसीटीवी फुटेज देखने पर उन्होंने भी आरोपी को नहीं पहचाना। स्कूल प्रबंधन ने विकास से मुकदमा दर्ज कराने का वादा तो किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद विकास यादव ने इंदिरापुरम थाने में घटना की तहरीर दी।

## आरआरटीएस के पार्किंग में लगेंगी व्यावसायिक दुकानें

> 27 दिसंबर तक लोग अपने नए विचार और योजनाओं के साथ आरआरटीएस बिजनेस कॉरिडोर के लिए पंजीकरण करा सकते है

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** दिल्ली गाजियाबाद मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर पार्किंग स्थलों में व्यावसायिक दुकानें विकसित की जाएंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां फूड कोर्ट, स्टूडियो, सर्विस अपार्टमेंट बनाए जानें हैं। एकीकृत पार्किंग एवं व्यावसायिक भूखंड को विकसित करने के लिए आरआरटीएस ने लोगों को आमंत्रित किया है। 27 दिसंबर तक लोग अपने नए विचार और योजनाओं के साथ आरआरटीएस बिजनेस कॉरिडोर के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। आरआरटीएस के सभी स्टेशनों को बहुउद्देश्य बहुक्रियाशील केंद्र बनाया जाना है। इससे न केवल यात्रियों की तत्काल जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा बल्कि अवकाश, काम और यात्रियों के रहने के लिए स्थान भी प्रदान करना है। जिन स्टेशनों पर इस योजना को बढ़ावा देना है उसमें डीपीएस राजनगर गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण, मोदी नगर उत्तर और मेरठ दक्षिण शामिल हैं । एनसीआरटीसी के अनुसार इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 दिसंबर 2024 है। इसकी जानकारी एनसीआरटीसी की वेबसाइट पर भी मौजूद है।

## अर्टिगा कार सवारों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा, कार सवार पांच लोग घायल, हायर सेंटर किया गया रैफर

> सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और अलीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। पुलिस ने सभी घायलों को राहत बचाव कार्य शुरू करते हुए

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज थाना क्षेत्र के अमरोली रोड पर टपुआ गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने सामने से आ रही अर्टिगा कार को रौंद दिया।हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हुए हैं।हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। घटना के बाद आस पास के लोगों ने सूचना डायल 112 को दी । सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और अलीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। पुलिस ने सभी घायलों को राहत बचाव कार्य शुरू करते हुए अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती करवाया है।चिकित्सकों ने पांचों कार सवार घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार अर्टिगा कार सवार लोग पटियाली जनपद कासगंज से फर्रुखाबाद जा रहे थे तभी अमरोली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार को रौंद दिया । प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।सड़क हादसे में कल्लू पुत्र गोकरण सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी पटियाली,जदुनाथ पुत्र नेत्रपाल उम्र 60 वर्ष लिओढैया, रेनू पुत्री कल्लू सिंह,राखी पत्नी शिव प्रताप निवासी पटियाली ,कार चालक आसिफ पुत्र अब्दुल अजीज घायल हुए हैं। कार सवार बालेंद्र मिश्रा ने बताया कि सामने से तेज रफ्तार ट्रक आया और कार में टक्कर मार दी कार में सात लोग सवार थे।पटियाली से फर्रुखाबाद किसी काम से जा रहे थे।पांच लोगों को चोटें आई हैं। मामले पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज के अधीक्षक डॉक्टर सर्वेश ने बताया घायलों को अलीगंज अस्पताल लाया गया था।प्राथमिक उपचार दिया गया है।सभी घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

## रात में बढ़ी ठंड, पारा 8 डिग्री पर लुढ़का



**गाजियाबाद।** दिन और रात के पारे में अंतर बढ़ता जा रहा है। शनिवार को दिन में पारा 27 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रात होते ही लुढ़ककर नौ पर आ गया। रात में सर्दी बढ़ गई है। लोगों को ठिठुरन का अहसास हो रहा है। दिन में धूप की वजह से पारा चढ़ा रहता है लेकिन शाम होते ही लुढ़कने लगता है। हवा की रफ्तार 10 से 12 किमी. प्रति घंटा पर बनी हुई है। न्यूनतम तापमान में लगातार कमी आ रही है। मौसम के जानकारों का कहना है कि तीन-चार दिनों में मौसम बदलेगा और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक राजीव त्यागी ने बताया कि रविवार को हल्का कोहरा पड़ सकता है। पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने की प्रबल संभावना है ।

## स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाकर 16 लाख का प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट हो रहा बेकार

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** जिला पंचायत राज विभाग की तरफ से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट पिछले आठ नौ महीनों से बनकर तैयार है लेकिन अभी तक इसको शुरू नहीं किया जा सका है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत डासना में 16 लाख की लागत से यह यूनिट बनकर तैयार हुई है। आचार संहिता हटने के बाद इसके उद्घाटन की तैयारी थी लेकिन अब उसमें डासना नगर पंचायत का कूड़ा एकत्र है।

अधिकारियों का कहना है जब तक कूड़ा वहां से निस्तारित नहीं होगा तब तक इसको संचालित नहीं किया जा सकेगा। स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस के दूसरे चरण में सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए यूनिट लगाए जाने थे इसी के क्रम में डासना में एक यूनिट बनकर तैयार हो चुका है। इसके भवन के निर्माण में 16 लाख की लागत आई है इसके अलावा ग्राम निधि से उसके उपकरण, बिजली कनेक्शन में भी लगभग 10-15 लाख की लागत लगी है। लगभग 30 लाख का यह यूनिट बेकार पड़ा है।

इस यूनिट में चारों ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों से जितना भी प्लास्टिक का कूड़ा जितना निकलेगा इस यूनिट पर उनको रिसाइकल करने की योजना है। इससे सड़कें और फर्नीचर बनाने के काम लाया जाएगा। जिला पंचायती राज अधिकारी प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि इस यूनिट का कार्य पूरा हो चुका है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट सहित एक कचार निस्तारण के लिए एक और अलग यूनिट भी बनी है। फिलहाल नगर पंचायत का कूड़ा वहां एकत्र हो रहा है। नगर पंचायत को जब डंपिंग ग्राउंड के लिए स्थान मिल जाएगा तो डंपिंग ग्राउंड वहां स्थानांतरित हो जाएगा। इसके बाद इस यूनिट को शुरू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**सुबेहा, बाराबंकी।** सुबेहा हैदरगढ़ मार्ग पर देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस क्षत-विक्षत शव को बटोरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। नगर पंचायत सुबेहा के हवेली मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय मोनू पुत्र मुस्ताक बाइक द्वारा अपने निवास स्थान कांसीराम कालोनी जा रहा था। जबर पुरवा लकड़ी ठेकी के सामने तेज रफ्तार सुबेहा की ओर जा रहा ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके चलते शरीर के बीच धड़ पर चढ़कर टैक्टर ट्राला निकल गया। जिसके चलते शरीर दो भागों में विभाजन हो गया। घटना के बाद टैक्टर ट्राला छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही टैक्टर ट्राला को अपने कब्जे में ले लिया।

### रफी नगर रेलवे स्टेशन बना हाल्ट

**मसौली बाराबंकी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रफी अहमद की किदवई की यादगार में वर्ष 20-18-79 रफी नगर रेलवे स्टेशन की स्थापना हुई थी।जिसका उद्घाटन रेल उपमंत्री शाह नवाज खा के हाथों किया गया था।जिसका लाभ भी आस-पास के लोगों को मिलता था। आवागमन के लिए स्टेशन पर भीड़ भी देखी जाती थी। हालांकि फिर स्टेशन को हाल्ट में तबदील कर दिया गया। केवल यहां पर गोण्डा पैसेंजर ही रुकने लगी परन्तु तब ही गरीमत थी सुबह शाम आने जाने वालों को आराम मिलता था। लेकिन कोविड से वह भी बन्द कर दिया गया है।जिस कारण परिसर में बड़ी-बड़ी घास फूस लगी है। शौचालय के दरवाजे भी नदारत हो चुके है। बैठने के लिए बेंच भी जर्जर हालत से गुजर रही है। हैण्ड पम्प की बात की जाये तो संख्या 5 है लेकिन दो पानी देते है बाकी मरम्मत के अभाव में पड़े हुए है। स्टेशन के दोनों ओर लगी लाइटें खराब पड़ी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से गरीब की गृहस्थी जल कर हुई राख



**मौरावां, उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र के गांव में गरीब महिला छप्पर रख कर गुजर बसर कर रही थी जिसमे संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग के कारण पूरी गृहस्थी जल कर राख हो गई। जिसमें सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच कराकर लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। सुनीता पत्नी अखिलेश कुमार निवासिनी गालिबपुर अपनी दुधमुंही बेटी के साथ अपना गुजर बसर फूस का छप्पर रख कर रही थी और पति अखिलेश कुमार पंजाब में भट्ठे पर कार्य करता है लेकिन गरीबी में जी रही महिला किसी भी तरह अपने दिन काट रही थी लेकिन ये भी किसी को अच्छा नही लगा और रविवार की सुबह जब सुनीता उठ कर अपनी बेटी को लेकर सौंच क्रिया के लिए गई और वापस आई तो देखा कि उसके छप्पर में आग जल रही हैं तो वह जोर जोर से चिल्लाई जब तक ग्रामीण दौड़ते तब तक उसकी पूरी गृहस्थी जल कर राख हो चुकी थी जब इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सोनू गुप्ता को दी गई तो मौके का मुआयना कर पीड़िता को सरकार द्वारा कुछ लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

### एक दूसरे को जिम्मेदार बता रहे विभाग, एक सप्ताह बाद भी नहीं हटे विद्युत पोल



**औरास उन्नाव।** जहां एक ओर योगी सरकार शिकायत एवं उनके निस्तारण को लेकर लगातार समस्त विभागों को निर्देशित कर रही है वहीं विभाग समस्या के समाधान के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर टाल मटोल करने में लगे हैं। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के मिर्जापुर अजगांव का है जहां से नदी स्थित निर्माणाधीन पुल के पहुंच मार्ग में विद्युत पोल व रखे ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने को लेकर ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था को अवगत कराया था जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुबोध कुमार विद्युत विभाग को पत्र लिखे जाने की बात कही थी और जिम्मेदारों पर अनसुनी करने का आरोप लगाया था वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग के जेई रामू लोधी एस्टीमेट व बजट न मिलने की बात करते हुए मामले को अनसुना कर दिया। जिस पर जिम्मेदारों के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर दोनों विभाग एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

# जिलाध्यक्ष ने अन्नपूर्णा भवन का किया उद्घाटन

> जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने कहा कि कार्डधारकों में अनाज का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मसौली बाराबंकी।** आदर्श ग्राम पंचायत चंदवारा मे निर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने फीता काटकर किया उद्घाटन पश्चात उपस्थित ग्रामीणों से रूबरू होते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य ने कहा कि कार्डधारकों में अनाज का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है।

अन्नपूर्णा भवन बन जाने से कार्डधारकों को अब यहां से अनाज के साथ रोजमर्रा की वस्तुएं भी मिल सकेंगी।

उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन में मिलने वाली सुविधाओं एवं योजना के संचालन में पारदर्शिता आएगी। यह एक तरह की मॉडल दुकानें होंगी, यहां से उचित दर खाद्यान्न के अलावा रोजमर्रा की वस्तुएं भी मिलेंगी। संबंधित ग्राम पंचायत के लोगों को एक ही स्थान पर अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी जिससे उनको भटकना नहीं पड़ेगा तथा सीएससी जनसेवा केंद्र पर मिलने वाली सुविधाएं जैसे आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र आदि अब मॉडल उचित दर की दुकान पर मिलेंगी। इससे ग्राम पंचायत के व्यक्तियों को ऑनलाइन काम के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। इस दौरान गरीब कार्ड धारको को भाजपा मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद वर्मा द्वारा कंबल का वितरण किया गया।

इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक इमरान अहमद, भाजपा मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद वर्मा, ग्राम प्रधान रमेश जयसवाल, प्रतिनिधि पप्पू जयसवाल, कोटेदार दीपक राजपूत, कमलेश वर्मा, धनीराम प्रजापति, अखिलेश यादव, श्यामलाल प्रजापति, रोहित राजपूत सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## केनरा बैंक में आयोजित हुआ उद्यम ऋण मेला

**शुक्लागंज, उन्नाव।** केनरा बैंक ने रविवार को शुक्लागंज के जरी-जर्दोजी उद्यमियों के लिए एक विशेष ऋण मेला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बैंक के आंचलिक कार्यालय लखनऊ-2 के उप महाप्रबंधक संजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश मल्होत्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उद्यमियों को बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के ऋणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उद्योगोन्मुखी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। बैंक अधिकारियों ने उद्यमियों को आश्वासन दिया कि बैंक उनके व्यवसाय को बढ़ाने में हर संभव मदद करेगा। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों ने उद्यमियों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने उद्यमियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी दी। यह कार्यक्रम जरी-जर्दोजी उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस कार्यक्रम से उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने व्यवसाय को और अधिक मजबूत बना सकेंगे।

# मामूली बात पर शिक्षक ने चाकू से किया अभिभावक पर हमला

> अध्यापक ने मिड-डे मील रसोईघर में रखे चाकू को उठा लिया। छीना-झपटी में चाकू की खरोंच महताब को लग गई। इतना देख एक समुदाय की भारी भीड़ विद्यालय परिसर में पहुंच गई। विद्यालय जंग का मैदान बन गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुबेहा, बाराबंकी।** मामूली बात को लेकर अध्यापक व अभिभावक के बीच हुई भिड़ंत के बाद विद्यालय जंग का मैदान बन गया।इस घटना के दौरान बच्चों में दहशत फ़ैली रही। पुलिस हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया।

मामला विकास खंड हैदरगढ़ के कंपोजिट विद्यालय टिकरहुंआ गांव का है।

उक्त टिकरहुंआ गांव निवासी कक्षा आठ की एक छात्रा को सहायक अध्यापक अजय शर्मा ने कतिपय कारणों से शुक्रवार के दिन दो थप्पड़ जड़ दिए। छात्रा घर पहुंचकर अपने अभिभावकों से अध्यापक की शिकायत किया। शिकायत करते ही छात्रा के भाई महताब ने अध्यापक को फ़ोन मिलाकर अपशब्दों से नवाजा।

शनिवार के दिन महताब अपने साथियों के साथ अध्यापक को सबक़ सिखाने के लिए विद्यालय पहुंच गया। वहां भी गाली गलौज करने लगा। साथ ही अध्यापक पर हमलावर हो गया। दोनों पक्षों में तू तू मैं मैं होने लगी। दबंगों की करतूत देखकर बच्चे सहमें रहें। अपने ऊपर हमला होता देख अध्यापक ने मिड-डे मील रसोईघर में रखे चाकू को उठा लिया। छीना-झपटी में चाकू की खरोंच महताब को लग गई। इतना देख एक समुदाय की भारी भीड़ विद्यालय परिसर में पहुंच गई। विद्यालय जंग का मैदान बन गया। विद्यालय में अन्य अध्यापकों व समाजसेवी लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया। पुलिस भी सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंच गयी। दोनों पक्षों को सरायगोपी चौकी पर ले जाया गया। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में घाटमपुर सीनियर टीम का रहा दबदबा



**लोक मित्र संवाद**

**बीघापुर,उन्नाव।** विकासखंड क्षेत्र के गांव घाटमपुर कला में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला डीवीडी कानपुर व घाटमपुर सीनियर टीम के बीच हुआ जिसमें घाटमपुर सीनियर टीम ने कड़े संघर्ष के बाद डीवीडी कानपुर टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

नवदुर्गा जागरण कमेटी द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद व अन्य जनपद की टीमों ने भाग लिया सेमीफाइनल मुकाबला घाटमपुर कला जूनियर व घाटमपुर कला सीनियर टीम के बीच हुआ जिसमें घाटमपुर कला सीनियर टीम ने घाटमपुर कला जूनियर टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। कानपुर की डीवीडी कबड्डी टीम व घाटमपुर कला सीनियर टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कड़े संघर्ष के बाद घाटमपुर कला सीनियर टीम ने डीवीडी कानपुर की टीम को पराजित कर दिया। कार्यक्रम संयोजक ग्राम प्रधान अमरेश दीक्षित व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवती सिंह ने विजई घाटमपुर कला सीनियर टीम के कप्तान विशाल को ट्रॉफी , चेक प्रदान की वही पराजित टीम के कप्तान सौरभ को भी रनर टीम का खिताब प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोनू सिंह चौहान, बलराम सिंह, कंचन सिंह, मोनू सिंह,गौरव सिंह , मानू अवस्थी, सुरेंद्र, रणजीत चौधरी आदि रहे।

# कथा के दूसरे दिन भगवान के अवतारों का हुआ वर्णन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**सुबेहा, बाराबंकी।** धार्मिक स्थल नटवीरन समाधि स्थल पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान के 24 अवतारों का वर्णन किया गया। वहीं मनुष्य को जीवन किस प्रकार जीना चाहिए। भागवत महात्म्य के बारे में वर्णन किया।

सुबेहा क्षेत्र के नटवीरन बाबा धार्मिक स्थल पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे भक्तों को सुनाई गई।

कथा व्यास आचार्य अजय शास्त्री ने भागवत कथा का वर्णन करते हुए बताया कि मानव को जीवन जीने के लिए भागवत कथा का श्रवण बहुत ही जरूरी है। जिससे उनके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही उनका जीवन भागवत कथा के महात्म्य को सुनकर धन्य हो जाता है। वहीं कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका भावार्थ यह है कि भा से भक्ति ग से ज्ञान व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है।

इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्योंकि दुख में ही तो प्रभु का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुए अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुए इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर रामदत्त यादव,प्रेम तिवारी, शिवम् अवस्थी, ननकऊ यादव सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान में 8577 बच्चों को पिलाई दवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर सहित 80 बुथों पर बच्चों को रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई।जिसमे 8577 बच्चों को दवाई पिलाई गई। सीएचसी परिसर में बनाये गए केंद्र पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने नौनिहालों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आशा बहु सुमन ,आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव , चंद्रेश, सहित कई स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने बताया कि दिए 0 से 5 वर्ष तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक वंचित नहीं रहेगा। रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरु किया गया। इसकी शुरुआत नौनिहालों को दवा पिलाकर की। उन्होंने बताया कि पहले दिन बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, वहीं आगामी दो दिन सोमवार व मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएंगी। शत प्रतिशत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो बूथ बनाने के साथ ही विभिन्न टीमों का गठन किया गया है।

इस संबंध में सीएससी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में 80 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें आशाबहू आंगनबाड़ी कार्यकत्री एएनएम स्वास्थ्य कर्मी लगाए गए हैं। जो की बुथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों का पोलियो ड्राप पिला रहे हैं।

# अधिवक्ता की दुर्घटना में मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**



**मसौली बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों मे दुर्घटना मे हुई अधिवक्ता की मौत मे मृतक के बड़े भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना मसौली मे नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की देर शाम सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी 35 वर्षीय अधिवक्ता मनीष कुमार द्विवेदी पुत्र रविंद्र कुमार द्विवेदी मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली अपनी ससुराल मे एक वैवाहिक कार्यक्रम तेल पूजन मे अपनी बुलेरो गाडी नंबर यूपी 32 पी ई 2580 से गये थे ससुराल मे अपनी पत्नी को छोड़ने के बाद बुलेरो गाडी से मामा की लड़की दीक्षा चतुर्वेदी पुत्री केदारनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम सराय का स्थान व शौरभ पुत्र महेश निवासी भवानीपुर थाना सफदरगंज के साथ कस्बा सहादतगंज से वापस लौट रहे थे कि मलौली गाँव के निकट हनुमान मंदिर के निकट बुलेरो असुंतलित होकर पलट गयी जिसके नीचे अधिवक्ता दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

गाडी मे सवार दीक्षा चतुर्वेदी उसी बुलेरो से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल ले गयी जहां चिकित्स्कों ने मृत साबित कर दिया।

मृतक के भाई ज्ञानेश कुमार द्विवेदी ने मसौली पुलिस ने तहरीर देकर दीक्षा चतुर्वेदी व सौरभ के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## सड़क दुर्घटना मे सब्जी विक्रेता की मौत

**पाटन, उन्नाव।** थाना बिहार के ग्राम न्योती मजरे बिसरामऊ निवासी सब्जी विक्रेता रामू पासी 30 वर्ष पुत्र मोहन की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। मृतक कस्बा लालगंज जनपद रायबरेली सब्जी लेने जा रहा था। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम न्योती निवासी रामू पासी रविवार सुबह पड़ोसी जनपद रायबरेली के कस्बा लालगंज स्थित सब्जी मण्डी सब्जी लेने गया था ।सब्जी लेकर वापस आते समय उन्नाव रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर निहस्था गांव के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो की मदद से उसे स्वास्थ केंद्र लालगंज भेजा गया।

जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमाटर्म हेतु जिला अस्तपताल भेज दिया। मृतक रामू थाना बिहार क्षेत्र के आस पास की बाजारों में सब्जी बेचने का काम करता था। जो सब्जी बेचकर परिवार का पालन पोषण करता था।

# खेत में काम कर रहे किसान पर दबंगो ने किया हमला

> सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया तथा घायल किसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम धौखरिया मे अपने खेत मे काम रहे एक किसान पर आधा दर्जन दबँगो ने लाठी डंडो से हमलाकर मरणासन्न कर दिया बचाने दौड़े ग्रामीणों की ओर दबँगो ने फायर कर दहश्त फैलाने की कोशिश। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया तथा घायल किसान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम धौखरिया निवासी अश्वनी कुमार पुत्र संतराम पाल ने वर्ष 2019 मे ग्राम मल्लपुर, अरसण्डा में गाटा संख्या 601/3.156 हे0 जरिये बैनामा लिया था और अपनी पत्नी निशापाल के नाम रजिस्टर्ड बैनामा कराया गया था अश्वनी कुमार उक्त भूमि पर काबिज होकर खेती आदि भी करता है शुक्रवार को अश्विनी कुमार अपने खेत में काम कर रहा था उसी समय गांव के राम बक्श पाल पुत्र रामसेवक पाल के हाथ में देशी कट्टा, धर्मपाल पुत्र रामबक्शपाल के हाथ में बाँका, विजयपाल पुत्र राम बक्श पाल के हाँथ में भाला, उत्तम पाल पुत्र राम बक्श पाल, आशीष पाल पुत्र धर्मपाल, छोटू पुत्र धर्मपाल राजरानी पत्नी रामबक्श पाल, आशा देवी पत्नी धर्मपाल नाम अज्ञात पत्नी विजयपाल के हाथों में लाठी व डण्डा मेरे खेत की ओर आ रहे थे। जब पीड़ित ने अपनी तरफ आते हुए देखा तो अपनी जान बचाकर भागने लगा। तभी राम बक्श पाल ने फायर कर दिया जिसकी दहशत से पीड़ित वही पर गिर गया तभी धर्मपाल ने बांके से सर पर प्रहार कर दिया। जिससे पीड़ित लहुलुहान हो गया। बाकी लोगों ने लाठी डण्डे से जामकर पिटाई कर मरणासन्न कर दिया। घायल को जिला अस्पताल बाराबंकी के में भर्ती कराया गया।

अपराधियों ने पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ दिया और पीड़ित के पास से लगभग 600 रुपये भी छीन लिया। खेत मे फायर की आवाज सुनकर खेत की गये भाई ललित कुमार ने देखा कि अश्वनी मरणासन्न अवस्था मे पड़ा है तथा पूरी तरह से खुन से लठपथ है ललित ने डायल 112 और 108 पर सूचना दिया जिसे सीएचसी रामनगर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की तहरीर पर थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस से उतरे दम्पति को डीसीएम ने रौंदा, दोनो की मौत

**लोकमित्र संवाद**

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार डीसीएम ने ग्राम सिरधरपुर के सामने निजी यात्री बस से लघुशंका करने उतरे दंपति को रौंद दिया और भाग निकली। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। बस के अन्य यात्री दोनों घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। दंपति की अचानक मौत से बस के यात्रियों में कोहराम मच गया। एक प्राइवेट बस जिला अंबेडकर नगर से सवारियां भरकर दिल्ली जा रही थी। तभी रास्ते शनिवार को देर रात बस अचानक खराब हो जाने के चलते चालक ने अपनी बस कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम सिरधरपुर के सामने खड़ी कर दी। बस खड़ी होने के बाद बस में सवार राममूर्ति उपाध्याय 45 वर्ष पुत्र रामाया शंकर उपाध्याय निवासी ग्राम पड़रिया फौलादपुर थाना बसखारी जनपद अम्बेडकर नगर अपनी पत्नी पूनम उपाध्याय के साथ लघुशंका करने बस से नीचे उतरे। तभी पलक झपकते ही पीछे से तेज गति से आई डीसीएम ने दंपति को रौंद दिया। हादसे में पति पत्नी लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। बस के अन्य यात्रियों ने आनन फानन घायल दंपति को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टरों ने पति-पत्नी दोनों को मृत घोषित कर दिया। दंपति की मौत की सूचना मिलते ही बस के सहयात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सीओ अरविंद कुमार व कोतवाल राजेश पाठक सरकारी अस्पताल जा पहुंचे और पुलिस को विधिक कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेजने का निर्देश दिया। मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस उन्नाव के लिए चल चुके हैं।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरताली से नदारत रहते हैं सभी शिक्षक

**लोकमित्र संवाद**



**मौरावां उन्नाव।** विकास खंड हिलौली में निपुण शिक्षा अभियान को पलीता लगा रहे उच्च प्राथमिक विद्यालय चकसरैया के शिक्षक जिनकी कई बार उच्च अधिकारियों को सूचना भी दी गई किन्तु कोई फर्क नही पड़ा दशा वैसी की वैसी ही बनी रही है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय चकसरैया स्थित खैरताली में दो शिक्षक वेद प्रकाश द्विवेदी, कृष्णकान्त तिवारी व एक अनुचर अजय सिंह है इसमें कुल 34 छात्र है जिसमे 22 बालक व 12 बालिकायें है लेकिन इन सभी छात्रों के साथ इस विद्यालय के शिक्षक इन सभी छात्रों का जीवन अंधकार मय बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं इस विद्यालय के सभी शिक्षक बिना कोई छुट्टी के ही स्कूल से गायब रहते है और सभी छात्र अपनी बेबसी पर आशु बहा रहे हैं क्योंकि की 07 दिसम्बर दिन शनिवार को जब विद्यालय में देखा गया तो 12¬10 बजे थे लेकिन कोई शिक्षक विद्यालय नही पहुंचा था तब आस पड़ोस में जानकारी की गई थी तो पता चला कि यह विद्यालय हसों खुलता ही नही है जब कभी किसी मास्टर का मन हुआ तो जैसे विद्यालय निरीक्षक के लिए आते है और वापस चले जाते है तो इसकी जानकारी के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव को दूरभाष से सम्पर्क किया गया तो उनका फोन नही उठा फिर काफी प्रयास के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी हिलौली सुरेश कुमार से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उस विद्यालय के शिक्षकों की काफी शिकायत है लेकिन उस विद्यालय के शिक्षक काफी दुष्ट है और नही आते है मुझे बराबर जानकारी रहती हैं पर मैं अकेले क्या करूँ फिर भी मैं देखता हूँ।

जब ऐसी स्थिति रहेगी तो प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़े और निपुण शिक्षा अभियान को कैसे पूरी होगी।

# जेल में बंद किसानों व डीएम, से 9 दिसंबर को मुलाकात करेंगे माकपा सांसद




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद गौतम बुध नगर में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी गौतम बुध नगर कमेटी के नेताओं की बैठक पार्टी कार्यालय सेक्टर- 8 नोएडा पर हुई। बैठक में सीपीआई (एम) दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कामरेड अनुराग सक्सैना, सचिव मंडल सदस्य कामरेड राजीव कुंवर, किसान सभा केंद्र कमेटी के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, मनोज सिंह भी मौजूद रहे।
बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक अधिकारों को हासिल करने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन पर प्रदेश सरकार पुलिस द्वारा किए जा रहे दमन-शोषण, उत्पीड़न एवं भारी पैमाने पर किसानों की गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने की कड़ी निंदा की गई। साथ उक्त मुद्दे पर व्यापक स्तर पर अभियान/आंदोलन की रूपरेखा तय की गई! जिसके तहत 9 दिसंबर 2024 को किसान सभा के राष्ट्रीय नेता सीकर राजस्थान से सीपीआई एम सांसद कामरेड अमराराम- राव के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल दोपहर 2:00 बजे जेल में बंद किसानों से मुलाकात करेगा और उसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर 3:30 बजे डी एम से मुलाकात कर किसानों की तुरंत रिहाई की मांग की जाएगी।
सीपीआई एम जिला सचिव रामसागर ने बताया कि अगर जिलाधिकारी के साथ वार्ता सकारात्मक नहीं रही तो आगामी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

# बोले सीएम योगी: जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे यह भी कहा कि कोई भी भारत का सनातन धर्मावलंबी ये नहीं कह सकता है कि वह तभी हिन्दू है जब वह मंदिर जाएगा। जो जाएगा वह भी है और जो नहीं जाएगा वह भी है



**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश और समाज के हित में जो उचित लगता हो उसका अनुसरण करके आगे बढ़ना चाहिए।
आज रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
रामा विश्वविद्यालय, मंधना के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। ऋषि मुनियों और धार्मिक ग्रंथो का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा- भारतीय दृष्टि देखिए कितनी महान थी। हमने सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही है। यानी सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करो।
उन्होंने कहा- अगर दुनिया के अंदर धर्मों को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझा है। उपासना तक सीमित नहीं रखा। किसी भी ऋषि ने ये नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं वही सत्य है। आपकी मर्जी आप मेरी बात मानो या न मानो। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे यह भी कहा कि कोई भी भारत का सनातन धर्मावलंबी ये नहीं कह सकता है कि वह तभी हिन्दू है जब वह मंदिर जाएगा। जो जाएगा वह भी है और जो नहीं जाएगा वह भी है। कोई बाध्यता नहीं है उसके लिए। मैं वेदों को मानू न शानू, मैं शास्त्रों में विश्वास करूं न करूं। तभी मेरा हिन्दुज्म कही मुझसे भाग नहीं जा रहा है। वह तब भी हमें जोड़कर चल रहा है।
उपासना विधि की भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म को हमने कभी उपासना विधि तक सीमित नहीं किया। किसी एक ईष्ट या एक ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। उन्होंने कहा-आज भी हर एक भारतीय परिवार अपने घर में वैदिक ग्रंथ संजो कर रखता है। उसे पता है कि यह मेरी पहचान है।
उन्होंने धर्म को बहुत सूक्ष्म तत्व बताते हुए कहा कि उसे हर कोई नहीं समझ पाएगा। इसलिए जो भी हमारे महापुरुष कहें उनके मार्ग का अनुसरण करो।
अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट की भी चर्चा की और कहा कि डिजिटल अरेस्ट की बहुत शिकायत आ रही है। इसके लिए हमें जागरूक होना है। संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वह आम जनमानस को जागरूक करें।

# एसडीएम व क्षेत्राधिकारी द्वारा महिलाओं को किया गया सम्मानित



गरीब व कमजोर वर्ग की महिलाओं को निशुल्क ब्यूटीपार्लर का काम सिखा कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा किया गया है

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मोहम्मदी-खीरी।** उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस-5 के अंतर्गत सर्किल मोहम्मदी से श्रीमती कविता गुप्ता पत्नी सोमनाथ गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजारगंज कस्बा व थाना मोहम्मदी द्वारा गरीब व कमजोर वर्ग की महिलाओं को निशुल्क ब्यूटीपार्लर का काम सिखा कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा किया गया है।
इसी क्रम में शालिनी पांडेय पत्नी आशीष पांडेय निवासी ग्राम मुल्लापुर थाना पसगवां द्वारा पुलिस के साथ गाँव-गाँव में जाकर महिलाओं को सरकार की योजनाओं एवं उनके अधिकारो के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करके सहयोग किया गया है उन महिलाओं को तहसील सभागार में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार और क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने सम्मानित किया।

# छोटीकाशी शिव मंदिर क्षेत्र के प्राचीन 12 कोसीय परिक्रमा मार्ग खोले जाने की माँग

1877 ई. के गजेटियर वॉल्यूम 2 पेज 202 में किया गया है महिमा मंडन

देश के प्रमुख पाप मुक्ति स्थानों में से एक के रूप में है उल्लेख, बड़े पापी लेट लेट कर करते थे परिक्रमा




**लोकमित्र, श्रीकान्त सिंह शाक्य**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पौराणिक शिव नगरी छोटीकाशी (गोला गोकर्णनाथ) स्थित महादेव मंदिर का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व भारतीय संस्कृति में गहराई से स्थापित है। 1877 के गजेटियर (वॉल्यूम 2) में इस मंदिर और उसके आसपास की परंपराओं का विस्तृत वर्णन मिलता है। इस विवरण में महादेव मंदिर और उससे जुड़ी परंपराओं की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है।
महादेव मंदिर को एक विशाल पवित्र क्षेत्र के केंद्र के रूप में माना जाता है। इस क्षेत्र की परिधि पर चार प्रमुख द्वार स्थित थे।
पश्चिम में मोहम्मदी के निकट गोमती नदी के तट पर स्थित गजमोजननाथ, उत्तर में शाहपुर, परगना भूड में गदाईनाथ, पूर्व में लखीमपुर के पास देवकलीनाथ और दक्षिण-पश्चिम में परगना मोहम्मदी में बड्खर। मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को इन चार द्वारों से होकर गुजरने की परंपरा थी। लाखों भक्त इन द्वारों से प्रवेश कर गोला गोकर्णनाथ पहुँचते थे एवं फाल्गुन माह तथा सावन मास में शिव क्षेत्र की बारह कोसीय परिक्रमा कर मंदिर में पूजा अर्चना करते थे।
मंदिर के चारों दिशाओं में चार छोटे मंदिर अर्थात उप तीर्थ स्थित थे। पूर्व में भद्र-कुंड, उत्तर में पनाहा (साल के जंगल में स्थित एक छोटा मंदिर), दक्षिण में किरनगर (जंगल में स्थित एक मंदिर) पश्चिम में अहमदनगर में मेन कुंड। ये छोटे मंदिर मुख्य मंदिर के उपग्रह के रूप में कार्य करते थे और पूरी तीर्थ यात्रा के धार्मिक महत्व को बढ़ाते थे।
महादेव मंदिर के चारों ओर लगभग दो कोस (तीन मील) की दूरी से बारह कोस की परिक्रमा की प्रथा थी। इस परिक्रमा को सत्रा विया कहा गया है और इसे श्रद्धालु अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए करते थे।
छोटे पापों के लिए पैदल परिक्रमा की जाती थी, जबकि बड़े पापों के प्रायश्चित के लिए शरीर को जमीन पर मापते हुए परिक्रमा पूरी की जाती थी। इस प्रथा से जुड़ी मान्यता यह है कि परिक्रमा करने से पवित्रता और आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त होती थी। अतः देश भर के साधू सन्यासी यहाँ परिक्रमा करने आते थे।

## इनर व्हील क्लब का वार्षिक चेयरमैन आफिसियल विजिट दिवस मनाया

**नोएडा।** इनर व्हील महिलाओं की एक अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सामाजिक संस्था है। इनर व्हील क्लब नोएडा सिटी ने अपना वार्षिक चेयरमैन ऑफिशियल विज़िट दिवस, ऐफ बार पारस मॉल नोएडा में मनाया। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 301 चेयरमैन मनीषा कौशिक मुख्य अतिथि थीं। दिपाली आनंद पुरी की अध्यक्षता में तत्काल पूर्व अध्यक्षा मंजु सूद ने मंच संचालन किया। क्लब कार्यकारिणी ने अपनी रिपोर्ट पढ़ीं।
क्लब की न्यूज़लेटर झलक - अ ग्लिम्प्स का विमोचन भी किया गया। क्लब द्वारा दो प्रोजेक्ट किए गए। पहला सोहम स्कूल की प्रधानाचार्या को उनके ऑटिस्टिक छात्रों के लिए मैमोरी गेम्ज़ भेंट की गईं। दूसरा वात्सल्यम गुरूकुल की प्रधानाचार्या को उनके द्वारा कुष्ठ रोगी परिवारों की गोद ली गई बालिकाओं के लिए गर्म कपड़े व स्लम क्षेत्र में रहने वाले उनके माता पिता के लिए इनर व्हील लोगो वाले कंबल भेंट किए।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी ने किया आरोग्य मेले और पोलियो अभियान का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और पोलियो अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी नेवादा में आयोजित आरोग्य मेले का दौरा कर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। मेले में 22 मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा, उन्होंने सादिपुर पोलियो बूथ का भी निरीक्षण किया, जहां अब तक 154 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा चुकी थी।
निरीक्षण के दौरान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आरोग्य मेले में मरीजों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सा सेवाओं को जरूरतमंदों तक शीघ्रता और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सादिपुर पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई और अभियान में लगे स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की। डॉ. सिंह ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारियों के उन्मूलन के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जनता को पोलियो टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया और अपील की कि हर बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और पोलियो अभियान स्वस्थ समाज की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका उद्देश्य न केवल इलाज उपलब्ध कराना है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करना है। डॉ. सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि आयुष्मान आरोग्य मेला और पोलियो अभियान जैसे कार्यक्रम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे।
पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया।
इस दौरान, सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाई और अभियान की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अमेठी जिले में 1157 बूथों पर कुल 305089 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। 09 से 13 दिसंबर तक स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें 16 दिसंबर को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी।
इस अवसर पर जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. जकारिया, अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# महर्षि नगर में श्री मद्भागवत कथा का आयोजन शोभा यात्रा से हुई

**देव मणि शुक्ल**



**नोएडा।** सेक्टर 110 स्थित रामलीला परिसर मे ब्रह्मलीन परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के दैवीय आशीर्वाद से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन की आज शोभायात्रा निकाली गई। महर्षि महेश योगी संस्थान के तत्वाधान में महर्षि आश्रम द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन अयोध्या से पधारी विश्व विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपान कराया गया।
आयोजित कार्यक्रम में पूज्य देवी जी द्वारा प्रथम दिवस में श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताया गया।
कथा का रसपान कर भक्त झूमने लगे। आज की कथा में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। आस-पास के गाँव भंगेल बाजार, सलारपुर और गेझा, सेक्टर 82 पाकेट 7, पाकेट 12, सेक्टर 93 श्रमिक कुंज, सुपर एम आई जी, हाजीपुर के अलावा आस-पास के कई बडी-बडी सोसाइटियों के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। महर्षि संस्थान के वित्त निदेशक राजीव अरोड़ा, कार्यक्रम संयोजक रामेंद्र सचान, यादवेंद्र यादव, शिशिरकांत श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, दयाशंकर गुप्ता, विनोद दीक्षित, गिरीश अग्निहोत्री, श्रीकांत ओझा. ललन पाठक, शिशुपाल सिंह यादव, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र खंत्वाल, कमलेश यादव, राजेश मिश्रा अवधराज शुक्ला आदि अन्य पदाधिकारी गण और लाखों सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में उबाल, फूंका पुतला

**लोक मित्र संवाद**



**शुक्लागंज, उन्नाव।** पोनी रोड स्थित व्यापारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध जताने के लिए एक विशाल रैली निकाली। व्यापारियों ने इस घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का विरोध करते हुए बांग्लादेश सरकार से तत्काल कदम उठाने की अपील की।
रैली का नेतृत्व कर रहे जयपाल साहू ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम सदैव से भाई-भाई रहे हैं और जो लोग हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं, वे असली मुसलमान नहीं बल्कि आतंकवादी हैं। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से हिंदू समुदाय की सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की। साहू ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय लगातार शोषण और हिंसा का शिकार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश सरकार को अपनी नीतियों को बदलकर हिंदू नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस प्रदर्शन में जयपाल साहू के अलावा अभिषेक श्रीवास्तव, अरविंद अग्रहरी, कन्हैयालाल, मुन्ना, खान लियाकत अली, जुल्फकार अली, आशीष गुप्ता, सुशोभित वर्मा और अन्य कई लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ हैं और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस मुद्दे पर भारतीय समाज और सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा को तत्काल रोकने के लिए ठोस कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि भारत सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालकर हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोके। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने अपने भाषणों में यह भी कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों को लेकर भारतीय जनता का गुस्सा बढ़ रहा है और लोग इस मामले में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल हिंदू समुदाय का नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता का सवाल है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में हिंदुओं को उनके धार्मिक और सांस्कृतिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है और इस तरह की घटनाएं मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बांग्लादेश सरकार ने जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो देशभर में इस तरह के और विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। यह प्रदर्शन इस बात का प्रतीक है कि भारतीय जनता बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ गंभीर है और इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी कार्रवाई की उम्मीद करती है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती, तो भारत को इस मुद्दे पर वैश्विक मंचों पर आवाज उठानी चाहिए।

# आबादी की जमीन पर जो काबिज वही मालिक, खाली कराना चाहती थी सिपाही

गांव निवासी बुजुर्ग राधा बताती हैं कि रामनरेश आरती के परिवार का सारा काम करता था। भैंस के लिए चारा, खेती-बाड़ी में मेहनत वह करता था, लेकिन आरती और उसका परिवार उसकी मेहनत की कमाई अपने पास रखता



बुजुर्ग लालजी का कहना है कि मकान छिन जाने की डर से राम नरेश और उसके बच्चे काफी परेशान रहा करते थे। आरती की प्रताड़ना से तंग आकर तीनों ने आत्महत्या कर ली। अब उसके घर में कोई दिया जलाने वाला तक नहीं बचा।

गांव निवासी हरिश्चंद्र बताते हैं कि राम नरेश ने अपने मकान के लिए गांव निवासी रामरतन से जमीन खरीदी थी। आरती और उसके परिवार का इस जमीन पर कोई हक नहीं बनता है। आपस में रिश्तेदार होने के बावजूद महिला सिपाही आरती उसे काफी परेशान करती थी।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** बाबूपुर गांव में जिस मकान के मालिकाना हक के विवाद में बुजुर्ग और उनके दो बेटों को जान गंवानी पड़ी, वह जमीन आबादी के नाम दर्ज है। एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता के मुताबिक, आबादी की जमीन पर जो काबिज होता है, वही मालिक होता है। इसके बावजूद महिला सिपाही आरती निगम मकान पर अपना हक जता रही थी। वहीं, शनिवार को रामनरेश के घर पर पुलिस का पहरा रहा और गांव में सन्नाटा पसरा रहा।
ग्रंट नंबर 11 पंचायत के बाबूपुर गांव में उक्त जमीन गोला तहसील के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 3350 रकबा 1.607 हेक्टेयर पुरानी आबादी में दर्ज है। महिला सिपाही आरती और मृतक रामनरेश के घरों के बीच से रास्ता निकला है। ग्रामीणों के अनुसार, इस जमीन पर वर्षों से काबिज रामनरेश अपने दो बेटों सुधीर और मुकेश के साथ रहा करते थे। बेटी की शादी हो चुकी थी।
पहले सब ठीक ठाक चल रहा था, लेकिन रामनरेश की भतीजी सिपाही आरती निगम और उसका परिवार तीन महीने से मकान पर मालिकाना हक जमाने लगे। कई बार दोनों परिवारों की वार्ता भी हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं मिला। तनाव बढ़ता गया और इसी तनाव में आकर बुजुर्ग रामनरेश ने फंदे से लटककर जान दे दी। और फिर दोनों बेटों ने आत्महत्या कर ली।
पिता की मौत की खबर सुनकर उसकी विवाहिता पुत्री शिल्पी गांव आई थी। लेकिन, इसके दूसरे दिन दोनों भाइयों ने भी आत्महत्या कर ली। शुक्रवार शाम दोनों भाइयों के अंतिम संस्कार के बाद शिल्पी तिलकपुर गांव में अपने चाचा के घर चली गई। इस कारण रामनरेश के मकान में दिया तक नहीं जला।
ग्रामीणों ने बताया कि महिला सिपाही आरती का दस हजार वर्ग फुट से अधिक जगह में मकान बना है। इतना बड़ा मकान होने के बावजूद वह रामनरेश के मकान पर दावा कर रही थी। जिससे रामनरेश और उसके दोनों पुत्र मुकेश, सुधीर काफी परेशान रहा करते थे। पिता की मौत के बाद दोनों बच्चे टूट गए थे। मगर किसी को यह नहीं पता था कि वह दोनों भी आत्महत्या कर लेंगे। पुलिस भी कम जिम्मेदार नहीं तीन माह से चल रहा यह विवाद बांकेगंज पुलिस चौकी में चार से अधिक बार पहुंचा। पुलिस विभाग में होने की वजह से पुलिस ने हर बार आरती का ही पक्ष लिया। ग्रामीणों का कहना है कि राम नरेश सीधे-साधे थे। विवाद के चलते उसके मन में मकान छीन लिए जाने का डर बैठ गया। पुलिस के सामने वह रोए-गिड़गिड़ाए, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।

# कन्टेनर ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर दो की मौत एक घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**मैगलगंज-खीरी।** नेशनल हाईवे पर थाना मैगलगंज क्षेत्र में टोल टैक्स पर कंटेनर ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गईं, जबकि दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।
हादसे की वजह टोल टैक्स पर वाहनों की लगी भीड़ बताई जा रही है।हादसा शनिवार की शाम लखनऊ-बरेली नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पर हुआ। शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे कंटेनर ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। एक बाइक पर तीन लोग सवार थे, जबकि द्रसरी बाइक पर दंपती थे। दोनों बाइकें मैगलगंज की तरफ आ रहीं थीं। हादसे में एक बाइक पर सवार रहजनियां निवासी रामराखन (50 ) पुत्र केसरी व लालाराम (55) की मौके पर ही मौत हो गईं, जबकि रहजनियां निवासी अनूप ( 24) पुत्र बलजीत, शाहजहांपुर के निगोही भवानीपुर निवासी शिवम प्त्र दयाराम (25) व उनकी पत्नी रोहिनी देवी (23) घायल हो गए । अनूप का पैर टूट गया है। पुलिस नेट्रक व बाइकों को कब्जे में लेलिया। लोगों का कहना ले कि टोल प्लाजा पर रोड के दोनों तरफ बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं। टोल की कई लाइनें बंद रहती हैं। कुछ ही लाइनों से वाहनों को गूजरना पड़ता है, जिससे जाम से भी लोगों को जूझना पड़ता है जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## कृष्णापुर के पास बाइक सवार ने महिला की झुमकी छीना

**पूरा बाजार -अयोध्या।** थाना महाराजगंज के क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम कृष्णापुर के पास महिला की सोने की झुमकी छीनने का मामला प्रकाश में आया है ।ग्राम जरही थाना महाराजगंज अयोध्या निवासी सोमई प्रजापति पुत्र रामदीन प्रजापति ने बताया कि शनिवार 6 दिसंबर 24 को दोपहर में लगभग 12ः00 दिन में मोटरसाइकिल से पत्नी को लेकर ससुराल श्रीरामपुर हैदरगंज जा रहा था हम बिलहर घाट के आगे कृष्णापुर पहुंचे थे कि हमारी वाइक की बगल में एक लड़का सफेद बाइक लेकर एकाएक पहुंचा और हमारी पत्नी मंजू प्रजापति के दाहिने कान की सोने की झुमकी छीन कर रसूलाबाद की तरफ भाग निकला गुहार लगाने पर पास के लोग इकट्ठा हुए तब तक छीनने वाला दूर जा चुका था थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह ने बताया कि सोमई प्रजापति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चौकी प्रभारी पूरा बाजार शिवसागर चौधरी के नेतृत्व में टीम बनाकर छीनने वाले की तलाश की जा रही है शीघ्र ही पकड़ में आ जाएगा सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है।

## अयोध्या आइडल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

**अयोध्या ।** अयोध्या महोत्सव 2025 के अयोध्या आइडल का आयोजन सहकारी बैंक के सभागार में हुआ, जिसमें 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस ऑडिशन के माध्यम से गायन, नृत्य, मिस्टर मिस और मिसेस कल्चर इंडिया के प्रतियोगियों का चयन किया गया। चयनित 100 प्रतिभागियों को अयोध्या महोत्सव में फर्स्ट राउंड में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।अयोध्या महोत्सव की प्रबंध निदेशक और अयोध्या आइडल की संयोजक नाहिद कैफ ने बताया कि महोत्सव 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक फॉर ईवर लॉन में आयोजित होगा। ऑडिशन में विभिन्न डांसिंग संस्थाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया, और सफल कलाकारों को महोत्सव के मंच पर प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा।

इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में कई प्रतिष्ठित जजों ने हिस्सा लिया, और गायन, नृत्य, मिस्टर, मिस और मिसेस कल्चर इंडिया तथा मॉडलिंग प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन किया।

इसके अलावा, 12 दिसंबर को अयोध्या में एक मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें दो वर्ग होंगे ङ्क फूल मैराथन और हाफ मैराथन। इसमें निःशुल्क प्रवेश के साथ नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

## नशा ही करना है तो भक्ति का नशा करिए - आचार्य सुरेंद्र पांडेय

**रुदौली, अयोध्या-** गायत्री नगर पटरंगा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य सुरेंद्र जी महाराज ने श्रद्धालुओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, और यह केवल क्षणिक सुख देता है। यदि नशा करना ही है तो भगवान की भक्ति का नशा करना चाहिए, क्योंकि यही नशा जीवनभर स्थायी रहता है। आचार्य ने कहा कि भक्ति के माध्यम से ही मानव की मुक्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने आगे कहा कि जीव को भगवान के भक्ति का नशा होना चाहिए, तभी वह सच्ची मुक्ति पा सकता है।कथा के अंत में आचार्य सुरेंद्र जी ने भगवान के 24 अवतारों का उल्लेख किया और कहा कि श्रीमद्भागवत का श्रवण न केवल जीवन को धन्य बनाता है, बल्कि इससे भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। उन्होंने भागवत की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि जहां-जहां श्रीमद्भागवत का वाचन होता है, वहां-वहां भगवान का साक्षात्कार होता है।कथा में संत चेतन जी महाराज, रामनरेश तिवारी, शिव कुमार, मणि त्रिपाठी, रजनीश तिवारी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अयोध्या धाम पदयात्रियों को पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**तिंदवारी।** बांदा फतेहपुर राजमार्ग से तिंदवारी होते हुए बांदा, से अयोध्या धाम तक जाने वाली भव्य पदयात्रा का स्वागत बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व नंद किशोर तिवारी उर्फ भोले महाराज ने किया, जो सीताराम संकीर्तन परिवार के माध्यम से 16 वर्षों से धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।पदयात्रा में तीस श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने श्रीराम के भक्ति गीत गाते हुए और जयकारे लगाते हुए अयोध्या की ओर अपने कदम बढ़ाए। हर उम्र के लोग इस यात्रा में पूरे जोश और भक्ति भाव के साथ हिस्सा ले रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का तिंदवारी नगर के हर प्रमुख पड़ाव पर फूलों की वर्षा और जय श्रीराम के नारों से स्वागत किया गया। तिंदवारी के दलजीत सिंह पेट्रोल पंप पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इसके अलावा, नगर पंचायत सुधा साहू रमेश चंद साहू ने श्रद्धालुओं के सम्मान में विशेष इंतजाम किए गए।यात्रा में स्वागत करने वालों में दिनेश द्विवेदी, भगवान दास गुप्ता ,रामानंद द्विवेदी शामिल थे। इन सभी ने फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया। भोले महाराज के प्रयासों की सराहना की और यात्रा को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। भोले महाराज ने कहां कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराना और भक्तों को आध्यात्मिक जागरूकता प्रदान करना है। उन्होंने इसे सामाजिक और धार्मिक एकता का प्रतीक बताया। पूरी यात्रा के दौरान भक्ति गीत, कीर्तन और श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस यात्रा से उन्हें न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा मिली है, बल्कि यह उनके में नई प्रेरणा भी लेकर आई है। यात्रा अगले चरणों में अयोध्या धाम पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर इस धार्मिक को पूर्ण करेंगे।

## जीवन की राह आसान करती है गुरु का आशीर्वाद - शास्त्री



**बांदा।** पैलानी तहसील अंतर्गत सिंधनकला गांव के युवक मंगल दल मैदान में आयोजित 109 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में जसपुरा, भाथा,पडोहरा,नरी पैलानी,लसडा,बसधरी,गुरगवां आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा लगाकर संतो का आशीर्वाद लिया। वहीं कथा वाचक रणविजय शास्त्री ने कहा कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए गुरु का होना आवश्यक है,कहा कि गुरू के बिना कोई भी प्राणी भवनिधि रुपी वैतरणी पार नहीं कर सकता। महायज्ञ में कंट्रोल रूम, पुलिस सहायता केंद्र, पूंछताछ केंद्र,संत शिविर,संत भंडारे आदि में स्वयंसेवकों ने सेवा भाव में तत्परता से लगे हैं। वहीं थाना प्रभारी पैलानी सुखराम सिंह अपने पुलिस बल के साथ यज्ञस्थल का निरीक्षण कर संत नरोत्तम दास त्यागी जी महाराज से व्यवस्थास्थाओं के बारे में जानकारी ली और यज्ञ मंडप में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया।इस दौरान डाक्टर आशीष चौहान, अरुण द्विवेदी नरी, महेश द्विवेदी सिंधनकला, मुख्य यजमान मैय्यादीन सिंह गौर, झल्लू सिंह, उमेश सिंह चंदेल, प्रकाश सेंगर, चंद्र भान सिंह गौर आदि मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर में अजीत प्रसाद का नहीं कोई वजूद- सूरज चौधरी

### सपा सांसद अवधेश प्रसाद से नाराज सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव सूरज चौधरी ने दिया इस्तीफा




**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** शहर के एक होटल में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सूरज चौधरी ने सांसद अवधेश प्रसाद के क्रियाकलापों से परेशान होकर समाजवादी पार्टी छोड़ दी सूरज चौधरी ने कहा कि सांसद अवधेश प्रसाद को हम सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने मिलकर के चुनाव जिताने में रात दिन एक किया, अब चुनाव जीत जाने के बाद उपचुनाव लड़ने के लिए सिर्फ निष्क्रिय पुत्र अजीत प्रसाद ही दिखाई दे रहा है जिसका लोकसभा चुनाव से कोई लेना देना ही नहीं था । जबकि यही सांसद जी लोकसभा चुनाव के दौरान मुझसे सैकड़ो बार वादा किये थे कि मैं सांसद बन जाऊंगा तो मिल्कीपुर सीट खाली हो जाएगी सूरज चौधरी तुमको ही मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव लड़ाउगा। लेकिन चुनाव जीतने के दूसरे दिन एकदम से ही बदल गए। झूठ बोलना शुरू कर दिया। जैसा की बीएसपी में प्रत्याशी होने के कुछ दिन बाद बाद मैंने इनका समर्थन दिया था और इनको 2022 का विधानसभा जीतने में अहम भूमिका निभाई थी और लोकसभा में भी तन मन धन और मजबूती के साथ इनका साथ दिया था। अब क्योंकि मैं टिकट मांग रहा था इसीलिए मिल्कीपुर के परिचित मित्र या मिल्कीपुर की जनता का कोई कार्य इनसे बोलिए तो मात्र उसकी बेईज्जत करके कामो को अनसुना कर देते हैं चुनाव के दौरान हम सबने अपने लोगों से जो वादे किए थे कि अवधेश प्रसाद सांसद बन जाएंगे तो आपका कोई कार्य रुकने नहीं पाएगा अब श्री अवधेश के पास उन मिल्कीपुर के लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो पाने की वजह से वह लोग मुझे कोश रहे हैं मैं भी निराश हूं। यहां तक कि हम सबके मसीहा एवं स्वर्गीय बाबूजी मित्रसेन यादव के परिवार तक को ये और इनके चाटुकार मंच तक पर सम्मान नहीं देते है।

आर्थिक शोषण एवं नुकसान के अलावा हम लोगों को सांसद अवधेश प्रसाद ने कुछ नहीं दिया इसलिए आज मैं पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं मिल्कीपुर के हमारे साथी हमारे मित्र हमारे रिश्तेदार एवं जनता जनार्दन जिनको यह बाहरी अवधेश प्रसाद जैसे लोग सांड एवं तरह-तरह का झूठ बोल बोल कर बेवकूफ बनाते आज तक चले आ रहे हैं,उनके पुत्र अजीत प्रसाद को उपचुनाव मे उनकी कल्पना से भी ज्यादा वोटों से हराकर असली औकात दिखा देंगे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं की पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

▸▸11 दिसम्बर 2007 को लखनऊ स्थित नेहरु इनक्लेव में गोली मारकर कर दी गई थी छात्र नेता विनोद त्रिपाठी व गौरव सिंह की हत्या
▸▸उनकी पुण्यतिथि पर संस्था व छात्र नेताओं के द्वारा हर वर्ष कार्यक्रम का किया जाता है आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री स्व विनोद त्रिपाठी व छात्रनेता स्व गौरव सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर दो दिवसीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत 10 दिसम्बर से करेगा। 11 दिसम्बर 2007 को लखनऊ स्थित नेहरु इनक्लेव में गोली मारकर दोनो छात्रनेताओं की हत्या कर दी गई थी। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रराजनीति से जुड़े नेताओं के द्वारा उनकी हर पुण्यतिथि पर अयोध्या में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूरे प्रदेश से छात्रनेताओं का आगमन होता है।
सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक रामानुज सिंह रामा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक सहादतगंज स्थित संस्था के मुख्य कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें आयोजन की रणनीति बनाई गयी। 10 दिसम्बर को मुख्य कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें लखनऊ छात्रराजनीति से जुड़े नेता व तत्कालीन छात्र रक्तदान करके दोनो छात्रनेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 11 दिसम्बर की
शाम सहादतगंज हनुमानगढ़ी के साधू संतो को कम्बल का वितरण किया जाएगा। उत्तराखंड से आए संस्था के उपाध्यक्ष जेबी सिंह ने कहा कि रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है। हमें स्वयं रक्तदान करने के साथ दूसरो को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मौके पर संस्था की महामंत्री सुधा सिंह, हेमन्त सिंह, अमित श्रीवास्तव, नितिन अग्रवाल, मानेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह राजन, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रक्तदान शिविर प्रभारी शिवेन्द्र साहू मौजूद रहे।

## हॉलीवुड के सितारों ने अवध में बांधा समां अयोध्या फिल्म फेस्टिवल

**अयोध्या।** अयोध्या में आयोजित 18वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में देश-दुनिया के फिल्मी सितारों ने अपनी छाप छोड़ी। फ्रांस, इटली और स्विटजरलैंड के फिल्म निर्माता और कलाकारों ने अयोध्या में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान 368 फिल्मों में से चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा और विभिन्न देशों की सिनेमा शैली को नजदीक से देखा।फेस्टिवल के दूसरे दिन गुरुनानक अकादमी इंटर कालेज सभागार में तीन सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र में फिल्म निर्माण से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई। स्विटजरलैंड के फिल्म निर्माता उवे श्वार्जवेल्डर, पेरिस के जेरेमी ब्रुनेल और इटली के आंद्रिया फोर्टिस ने फिल्म निर्माण की बारीकियों को साझा किया। दूसरे सत्र में पुस्तक विमोचन हुआ, जिसमें सूर्य प्रताप राय रेपल्ली की काव्य संग्रह %झील सी आंखों में% और अभिषेक शर्मा की कहानी संग्रह %इश्क के अस्सी घाट% पर चर्चा की गई। तीसरे सत्र में फिल्मों का प्रदर्शन और फिल्म मेकर्स से संवाद हुआ।
इस दौरान कई प्रमुख फिल्में प्रदर्शित की गई, जिनमें %बाहुबली- क्राउन ऑफ ब्लड%, %द लाइम ग्रीन शर्ट%, %मझधार%, और %खड्डा% जैसी फिल्में शामिल थीं। आयोजन के तीसरे दिन भी फिल्मों का सिलसिलेवार प्रदर्शन हुआ और अवार्ड सेरेमनी आयोजित की जाएगी।विदेशी फिल्मकारों ने भी अयोध्या में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर उत्साह व्यक्त किया। स्विटजरलैंड के उवे श्वार्जवेल्डर ने कहा कि अयोध्या में फिल्म निर्माण के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं और शहर का वातावरण इसे एक आकर्षक स्थल बनाता है। इटली के आंद्रिया फोर्टिस और फ्रांस के जेरेमी ब्रुनेल ने भी यहां फिल्मों की शूटिंग करने की इच्छा जताई, साथ ही इस शहर में धार्मिकता और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।फेस्टिवल के दौरान काकोरी शताब्दी वर्ष पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें काकोरी के क्रांतिवीरों से जुड़ी तस्वीरें और दस्तावेज प्रदर्शित किए गए।

## मकर संक्रांति के दिन ब्राह्मण सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।**अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक परिषद के केंद्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई परिषद के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली 14 जनवरी को ब्राह्मण सम्मेलन और खिचड़ी भोज के संबंध में व्यापक चर्चा हुई जैसा कि इस दिन अखिल भारतीय चाणक्य परिषद का स्थापना दिवस भी मनाया जाता है इसीलिए संपूर्ण देश के अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के कार्यकारिणी के लिए अनेकों कमेटियों का गठन किया गया है तथा अयोध्या महानगर में उपाध्यक्ष पद पर पंडित राजेंद्र पांडेय तथा अयोध्या महानगर के महामंत्री पद पर पंडित शशिकांत तिवारी को मनोनीत गया परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र तथा प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी ने नवनियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रेषित की बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पंडित काशीनाथ तिवारी तथा संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित दिलीप राम त्रिपाठी ने किया तथा उद्बोधन के क्रम में राष्ट्रीय लेखा परीक्षक पंडित भवानी भीख पांडेय राष्ट्रीय कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य पंडित जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय प्रवक्ता संजीव चतुर्वेदी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आलोक त्रिपाठी जिला अध्यक्ष पंडित सत्यदेव मिश्र जिला महामंत्री अमरीश चंद्र पांडेय आदि ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किया। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित सतीश पांडेय राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंडित क्षीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित संजीव चतुर्वेदी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पंडित प्रमोद नारायण तिवारी जिला संगठन मंत्री पंडित घनश्याम मिश्र जिला उपाध्यक्ष पंडित ऋषि पांडेय बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष पंडित राम जी पांडेय व सदस्य उत्तम पांडेय, कृष्णा पांडेय सुशील तिवारी पवन पांडेय देवनारायण तिवारी अमरदीप पांडेय जयप्रकाश तिवारी अभिषेक शर्मा सुशील तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अयोध्या ।** जागरण पहल संस्था द्वारा ग्राम पंचायत पूरा चौबे, अंबेडकरनगर में ष्ठहूं दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को ह्रक्रस् और जिंक के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई और बच्चों को दस्त रोकने के उपाय बताए गए। साथ ही, ङ्खाह्र के सात सूत्रों, जैसे हाथ धोना, सुरक्षित पानी, स्तनपान, ह्रक्रस्, टीकाकरण, जिंक, और सुरक्षित शौचालय के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बार एसोसिएशन फैजाबाद में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** फैजाबाद बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए राजीव पाण्डेय ने नामांकन किया।राजीव पाण्डेय ने अधिवक्ताओं से उनके कार्यो के आधार पर समर्थन की अपील की।

## मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर जिले की सपा महिला सभा ने बनाई रणनीति- सरोज यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गुलाबबाड़ी लोहिया भवन पर समाजवादी महिला सभा की मासिक बैठक की अध्यक्षता महिला सभा के अध्यक्ष सरोज यादव ने किया बैठक का मुख्य मुद्दा मिल्कीपुर उप चुनाव को कैसे क्या किया जाए कि हम सब लोग हर घर पहुंचे और उनकी समस्याओं को सुने अपनी बताए। दूसरी बात बूथ लेवल एजेंट बनाने पर विचार व महिला सभा की हर बूथ पर महिला टीम को खड़ा करना है ।इसके लिए हमको कठिन मेहनत करनी होगी। तीसरी बात मतदाता सूची आ गई है आप सब लोग उसको देख ले अपना नाम अपने आसपास सबके नाम चेककर ले जिसका नाम कटा हो उसका नाम जुड़वाने का प्रयास किया जाए।
कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव डॉक्टर निशात अख्तर ने किया। प्रवक्ता विद्यावती ने बताया कि जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा की हम लोग कंधे से कंधा मिलकर उपचुनाव में मजबूती से क्षेत्र में रहना होगा हर घर जाकर वोट की अपील करनी होगी। जिनके वोट कटे हैं उनके वोट को बढ़ाने का काम करना होगा और लोगों को इस सरकार की नाकामयाबियों को बताना होगा कि सरकार ने केवल झूठ बोलने का कार्य किया है कुछ दिया नहीं है चाहे रोजगार के नाम पर हो, शिक्षा हो, सुरक्षा हो, व्यवस्था हो, महंगाई हो, किसी क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ है यह सब जनता जान चुकी है। यह सरकार जुमलो की है।हम लोग अगर उनसे बात करेंगे तो हम लोगों को उनसे अच्छा मैसेज मिलेगा हम लोगों को धैर्य से प्रेम से सबके बीच रहना है सबको अपनी बात समझानी है। तो निश्चित तौर पर वह समझेंगे और सपोर्ट भी करेंगे ।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विमला निषाद,राजकुमारी कोरी, कोषाध्यक्ष पूनम यादव, जिला सचिव यशोमति कोरी, रीता राही, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष रीता निषाद, मिथिलेश रावत, उमा यादव, अंशिका यादव, नीलम कोरी, मंजू, मंजीत यादव उपस्थित रहे।

## प्रभु की मर्जी के बिना पत्ता नहीं हिल सकता - श्री ओम नारायण दास

**गोसाईगंज, अयोध्या।** ओम नारायण दास महाराज ने शुक्रवार को माँ डेंटल केयर के नए हॉस्पिटल में कहा कि दुनिया में ईश्वर की मर्जी के बिना कोई कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब भी कोई कार्य करता है, तो सबसे पहले ईश्वर का ही स्मरण करता है, क्योंकि जो कुछ भी है, वह ईश्वर का है। उन्होंने यह भी बताया कि हम जो कार्य शुरू करते हैं, वह भगवान के नाम से ही प्रारंभ होता है। इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर प्रखर सिंह से कहा कि हमें भगवान से उम्मीद रखना चाहिए कि वह हमारी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करें, और इसके बदले हमें अच्छे इंसान बनकर भगवान द्वारा बनाई गई सृष्टि की सेवा करनी चाहिए। भगवान से सच्चे मन से, शुद्ध सात्विक भाव से प्रार्थना करनी चाहिए, क्योंकि वह हमारी प्रार्थनाओं को सुनते हैं।

## शिक्षा के क्षेत्र में रामनगरी को बड़ी सौगात मिली

### पूर्व सांसद के प्रयासों से दूसरे केन्द्रीय विद्यालय को मिली मंजूरी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** शिक्षा के क्षेत्र में रामनगरी को बड़ी सौगात मिली है। चांदपुर हरवंश में जिले के दूसरे केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट ने इसको मंजूरी प्रदान की है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह पिछले कुछ वर्षो से इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। सांसद के कार्यकाल के दौरान कई पत्राचार करने के साथ विभागीय मंत्रियों के समक्ष यहां केन्द्रीय विद्यालय निर्माण की मांग उन्होंने रखी थी। सांसद न रहने के बाद भी लल्लू सिंह द्वारा लगातार वार्ता व चर्चा किए जाने के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने इसको अपनी संस्तुति प्रदान किया।
पूर्व सांसद के प्रयासों का परिणाम है कि एक जिले में अब दो केन्द्रीय विद्यालय का संचालन होगा। इससे जिले विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। मध्यम वर्ग व निम्न वर्ग से जुड़े छात्रों के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि रामनगरी अयोध्या ने वैश्विक स्तर पर मर्यादा व अनुशासन की शिक्षा को प्रसारित किया है। आध्यात्मिक नगरी अयोध्या अब अपने विकसित स्वरुप को लेकर पूरे विश्व में चर्चा का विषय बन गयी है। चिकित्सीय सुविधाओं के विकास व बेहतर शैक्षिक परिवेश का निर्माण रामनगरी में किया जा रहा है। राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज में कई जिलों के मरीजों को अच्छे इलाज की सुविधा मिल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने कई सुधार किए है। जिनका जमीनी असर दिखाई पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि दूसरे केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण हो जाने से उच्च कोटि के शिक्षको का सानिध्य यहां के विद्यार्थियों को मिलेगा। दो केन्द्रीय विद्यालय होने के बाद अध्ययन करने का लाभ पहले से ज्यादा छात्रों को मिलेगा। शिक्षा व चिकित्सा जनता के लिए सबसे अधिक आवश्यकता वाली सुविधाएं है। लोकसभा क्षेत्र में इन सुविधाओं को उच्चतम स्तर का बनाने के लिए प्रयास की गति को कभी धीमें नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसको लेकर जनता की हर अपेक्षा को पूरा किया जाएगा।

## ईमानदारी और निष्ठा से पार्टी के लिए कार्य करने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अचल यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में मिल सकता है टिकट



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** जिले के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अचल यादव की राजनीतिक यात्रा को लेकर एक नई चर्चा उठ रही है। 1963 में जन्मे श्री यादव ने अपनी यात्रा को एक साधारण व्यक्ति से राजनीति में प्रभावी नेता तक पहुंचाया है। उनका राजनीति में कदम सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से प्रभावित होकर हुआ था। पहलवानी के शौक से शुरू होकर उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों की आवाज़ उठाने का संकल्प लिया।
1989 में ग्राम प्रधान बनने से लेकर, 1995 में गद्दोपुर से क्षेत्र पंचायत और मसौधा ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख चुने जाने तक उनका संघर्ष और ईमानदारी कभी व्यर्थ नहीं गया। उन्हें अपनी सफलता का स्व0 मित्रसेन यादव बाबू जी को देते हैं, जिनके आशीर्वाद से उन्होंने ब्लॉक प्रमुख का पद प्राप्त किया। राम अचल यादव जिले की राजनीति में सक्रिय हैं और समाजवादी पार्टी के लिए मेहनत करते हैं। हाल ही में लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने सपा उम्मीदवार को जिताने के लिए अथक प्रयास किया। वर्तमान में वह प्रदेश कार्यसमिति में सचिव के रूप में कार्यरत हैं और अयोध्या के पूर्व विधायक तेज नारायण पवन पाण्डेय के करीबी सहयोगी भी हैं पार्टी के सभी नेताओं के लिए हर कार्य के लिए उपलब्ध रहते हैं। उनकी कड़ी आवाज़ के बावजूद, वह दिल से एक सहायक और दयालु नेता हैं, जो हमेशा अपने लोगों के लिए मदद को तैयार रहते हैं अब अयोध्या जिले के सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मानना है कि राम अचल यादव को आगामी विधानसभा चुनाव में गोसाईगंज से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाना चाहिए। उनकी निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए पार्टी में उन्हें यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। श्री यादव का सपना है कि 2027 में अखिलेश यादव जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें, और 2029 में वह देश के प्रधानमंत्री बने। ऐसे में, उनके विधानसभा टिकट की संभावना पार्टी के भीतर चर्चा का विषय बन चुकी है।

# प्रयागराज में सुरों का संगम, साई ब्रदर्स ने बिखेरा जलवा

## लोक नृत्यों ने भी दर्शकों का मोहा मन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सुरों का संगम देखने को मिला है । कभी अंदाज फिल्मी था तो कभी सूफियाना था। हर कोई सुरों की सरिता में गोता लगाने को बेताब था। मौका था उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेले के तहत रविवार को गीत, संगीत से सजे भव्य मुक्ताकाशी मंच बंदा बैरागी तथा साई ब्रदर्स के नाम रही उन्होंने एक बढ़कर एक सूफियाना अंदाज में गीतों की लड़ी पेश कर श्रोताओं को खूब झुमाया।



तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने मां गंगा की धरती प्रयाग को नमन करते हुए अपने कार्यक्रम की शुरुआत की। बंदा बैरागी ने अपने बैंड के साथ जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। शुरुआत उन्होंने % जो सुख पायो राम भजन में मन लागा मेरो यार फकीरी में...% सूफी सॉन्ग से की। उन्होंने सूफी में ही %उड़ जाएगी फुरफुर मैना%, % मेरी जोगिया...% %कागज के दो पंख लीजिए जैसे गानों को पेश करके श्रोताओं में उत्साह भर दिया। इसके बाद श्रोताओं की डिमांड पर नमो नमो आदि देवा... की तान जब शुरू की तो मुक्ताकाशीय मंच के चारों तरफ जमी श्रोताओं की भीड़ मंत्रमुग्ध सी नजर आई।कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रयागराज के उभरते नवोदित सिंगर असित साई ब्रदर्स ने सिंथसाइजर की धुन पर मनमोहक निर्गुण भजन की प्रस्तुति दी। उन्होंन युगल जोड़ी में क्या लेकर आया बंदा क्या लेकर जाएगा.., भजन राम नाम अति सुखदाई भजो रे मेरे भाई यह जीवन दो दिन का भजन रे मन हरि सुमिरन करले तथा तन के तंबूरे में सांसों के दो तार बोलो जय सियाराम की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

लोकनृत्यों के साथ दर्शकों ने मिलाया ताल- खचाखच भरा पंडाल, ढोल मंजीरे और रंग बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार अपने मनमोहक नृत्यों से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक मंच पर कलाकारों ने नृत्यों के जरिए दर्शकों के समक्ष पेश किया। तेलंगाना से आए टी श्रीधर ने माधुरी एवं बोनालू नृत्य की म.प्र. से आए कैलाश सिसोदिया एवं दल ने भगोरिया नृत्य की पं बंगाल से आए बाबलू हाजरा एवं दल द्वारा रायबेन्शे नृत्य की गंगा देवी और साथी कलाकारों ने तेराताली नृत्य की जटाशंकर एवं दल ने चौलर नृत्य की तथा लखनऊ के पूजा कला केंद्र द्वारा भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का संचालन शरद मिश्रा ने किया।

## कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का प्रयागराज आगमन आज

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 13 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का प्रयागराज आगमन होगा।

भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रभारी मंत्री 9 दिसंबर को भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में दोपहर 3ः00 बजे महापौर गणेश केसरवानी एवं भाजपा पार्षदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक करेंगे। 10 दिसंबर को भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं के संग पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में बैठक करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन के पूर्व सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान सभी महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई अभियान और वार्डो में घर-घर रंगोली प्रतियोगिता अभियान की शुरुआत करेंगे।

# प्रसव पीड़ा से परेशान युवती ने दम तोड़ा

**बांदा।** प्रसव पीड़ा से परेशान युवती की रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनो ने डॉक्टरो पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महोबा जिला के कबरई निवासी 22 वर्षीय नेहा पत्नी कमलेश प्रसव पीड़ा से परेशान थी। उसे कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत देख उसे महोबा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने शनिवार की भोर उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतका के देवर फूलचंद ने बताया कि नेहा की शादी 16 जनवरी 2024 को हुई थी। आरोप लगाया कि मेडिकल कालेज के डॉक्टर इधर से उधर भटकाते रहे इलाज न मिलने के कारण उसकी भाभी की मौत हो गई। उधर रानी दुर्गावती मेडिलक कालेज के प्राचार्य डॉक्टर एसके कौशल का कहना है कि महिला को पहले गायनो इमरेजी में भर्ती कराया गया। लेकिन गायनो का मामला नही था। महिला का बीपी लो था। पल्स भी नही मिल रही थी। इसी वजह से उसे गायनो से हटाकर इंमरजेसी में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इलाज में कोई लापरवाही नही की गई।

## जमीन पर कब्जे से परेशान बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**बांदा।** दबंगो ने बुजुर्ग दलित की जमीन पर कब्जा कर लिया। इससे परेशान होकर उसने शौचायल के रोशन दान में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी 65 वर्षीय दलित रामबहोरी पुत्र शिवलोचन रैदास शनिवार की सुबह घर के बहार बने शौचालय में दरवाजा बंद करके रोशनदान में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे घरवालो ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से से कोई हरकत नही हुई। किसी तरह दरवाजा तोड़ कर परिजन अंदर पहुंचे देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही घरवालो मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र विनोद ने बताया कि उसका पिता मजदूरी करता था। उसने 9सितंबर 2021 को पड़ोसी से 17 बिस्वा जमीन खरीदी थी। जमीन का दाखिल खारिज भी हो गया। इसी बीच गांव के ही ठाकुर बिरादरी के दबंगो ने उस जमीन पर कब्जा कर लिया। रामबहोरी ने दबंगो से कब्जा छोड़ने को कहा इसी बात को लेकर मारपीट भी हुई थी। इसके बाद भी दबंगो ने कब्जा नही छोड़ा। इसका न्यायालय में मुकदमा भी चल रहा है। इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

# बाल दिवस उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मोहा मन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** करैलाबाग़ दा पाम एकेडमी स्कूल में बाल दिवस उत्सव का आयोजन किया गया।वार्षिक फेट में बच्चों का उत्साह देखने लायक था।


प्रधानाचार्या श्रीमती सालेहा मदनी, निदेशक अमान उल्ला सिद्दीकी,उप प्रधानाचार्य मोहम्मद सग़ीर ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा आप हमारे देश के भविष्य हैं और आपके हौसलों की उड़ान निश्चित रुप से बुलन्दी छूएगी। सभी ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कहा बच्चों का मस्तिष्क कोमल होता है उसमें एक अध्यापक ही एक मां और एक पिता के रुप में अच्छे संस्कार का बीज रोपित कर एक विशाल वृक्ष की ओर अग्रसित करता है।

# अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशांबी।** चरवा कस्बा में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में शनिवार की रात प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। चरवा क्षेत्र के काजू गांव निवासी युवक मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिजनों के मुताबिक शनिवार को युवक की 30 वर्षीय पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई। आनन - फानन में परिजन उसे चरवा कस्बा के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्रसव के दौरान जच्चा



बच्चा की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल से शव लेकर लौटे परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्राइवेट अस्पताल के डाक्टर विशेष कुमार का कहना है कि प्रसूता को अस्पताल लाया गया था। लेकिन उसकी हालत गंभीर देख उसे प्रयागराज के रेफर कर दिया गया था। वहीं उसका प्रसव और जच्चा बच्चा की मौत हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी जगदीश कुमार का कहना है मामले में पीड़ित परिवार के द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। यदि इस संबंध में शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# फरहत अली क्लब की जीत में वजाहत चमके

**प्रयागराज।** फरहत अली क्लब ने खेलगांव पब्लिक स्कूल को दो विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में रेहान वजाहत की अचूक गेंदबाजी (8-1-23-4) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।खेलगांव पब्लिक स्कूल ने रविवार को अपने मैदान पर 38 ओवर में 92 रन (विराट गुप्ता 29, श्रेयांश शर्मा 25, रेहान वजाहत 4/23, आयुष्मान 2/07, मो. अकदस अली 2/18, मो. अकसम अली 2/20) बनाये। जवाब में फरहत अली क्लब ने 23.4 ओवर में 8 विकेट पर 96 रन (शादान



अब्बास रिजवी 40, उद्गम श्रीवास्तव 21, अनुराग श्रीवास्तव 3/09, विराट गुप्ता 2/19) बना लिये। मैच में हितेश श्रीवास्तव व रवि केसरवानी अंपायर और मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

# पइंसा हेल्थ वेलनेस सेंटर की अचानक धसी फर्श, आशा बहू घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू कौशांबी ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पइंसा में स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर की अचानक फर्श धंस जाने से कमरे में मौजूद आशा बहू घायल हो गई ।आनन-फानन में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियो ने सीएचसी सिराथू ले गये जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रविवार को मोहम्मदपुर पइंसा स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर में पोलियों अभियान के तहत पोलियो बूथ बनाए था। सीएचओ पूजा सरोज ने बताया की दोपहर लगभग 12 बजे वह एएनएम प्रभा देवी, आशा बहू पुष्पा देवी व सुमन और आंगनवाड़ी रिशा देवी के साथ पोलियो बूथ लगाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक भवन के कमरे की फर्श लगभग पांच फिट नीचे धंस गई। जिसकी चपेट में आकर आशा बहू सुमन देवी घायल हो गई। अचानक फर्श धंसने से मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने आनन-फानन में घायल आशा बहू को सीएचसी सिराथू ले गये जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर औचित्य सिंह ने बताया की घायल आशा बहू के कंधे में चोट लगी है लेकिन हालत अब ठीक है।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप ओसा के पास रविवार की सुबह एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हो गया है मौके से उप जिला अधिकारी मंझनपुर निकल रहे थे उन्होंने दुर्घटना देखी तो एसडीएम मौके पर रुके और एसडीएम ने 108 एंबुलेंस को फोन करके दुर्घटना की जानकारी दी जानकारी मिलने के बाद 108 एंबुलेंस के कर्मचारी एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है घायल की पहचान रामू पुत्र गेंद लाल निवासी सैदनपुर कोतवाली मंझनपुर के रूप में हुई है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं

# कीडगंज में 18 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी

**प्रयागराज।** कीडगंज में कटियामारी करके बिजली चोरी की जा रही थी। अलग-अगल इलाकों में चेकिंग अभियान चलाकर बिजली विभाग ने 18 लोगों के घर बिजली चोरी पकड़ी और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा। एक उपभोक्ता मीटर बाईपास करके बिजली चोरी कर रहा था। एसडीओ गऊघाट नंदलाल बरनवाल के नेतृत्व में कीडगंज के जेई अमित राय और शिवम यादव आदि ने चेकिंग अभियान चलाया।

कीडगंज के पूराबल्दी और तम्बाकू वाली गली में बिजली विभाग ने 18 घरों में कटियामारी पकड़ी। 17 लोगों ने मीटर से पहले कटिया मारकर बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से वहां खलबली मची रही। अफसरों ने कार्रवाई के दौरान वीडियो रिकार्डिंग भी की। इसके बाद सभी के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। बताया जा रहा है कि बिजली चोरी में पकड़े गए सभी लोगों ने बिजली का कनेक्शन लेने के बाद यह खेल किया है।

# आठ लाख रुपये के लिए तोड़ दिया रिश्ता, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** धूमनगंज क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक बारात लौट गई। द्वारपूजा के बाद वर पक्ष ने दहेज में अतिरिक्त आठ लाख रुपये की मांग की। कन्या पक्ष ने असमर्थता जताई, तो बिन ब्याह के ही बारात लौट गई। इस सदमे से दुल्हन बनी लड़की की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कन्या पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

धूमनगनगंज थाना क्षेत्र के कालिंदीपुरम के एक परिवार की बेटी की शादी हरवारा के युवक से तय हुई थी। कन्या पक्ष ने तिलक में ढाई लाख रुपये नकद दिए थे। तीन नवंबर की रात बारात आने पर द्वारपूजा हुई। आरोप है कि द्वारपूजा के बाद दूल्हे के पिता ने आठ लाख रुपये की डिमांड कर दी। दुल्हन के पिता ने जब असमर्थता जताई, तो बारातियों ने दुल्हन के पिता व भाइयों से मारपीट की। डायल 112 पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराकर शादी संपन्न कराने की बात कहकर चली गई। इसके बावजूद वर पक्ष बिना शादी के ही बारात लेकर लौट गया। थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि कन्या के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ महाकुंभ के लिए प्रतिबद्ध है सरकार- योगी आदित्यनाथ

## सीएम ने श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ क्षेत्र में किया 25,000 बेड के सार्वजनिक आश्रय स्थल की शुरुआत

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे 250 बेड की क्षमता वाले सभी 100 सार्वजनिक आश्रय स्थल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए हरसंभव प्रयास कर रही है। योगी सरकार सर्दी के कठोर मौसम में श्रद्धालुओं के ठहराव और उनकी सुरक्षा के लिए का पूरा ध्यान रख रही है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेला क्षेत्र में 250 बेड की क्षमता वाले 100 सार्वजनिक आश्रय स्थलों का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, इसके साथ ही, महाकुंभ मेला क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र की भी शुरुआत की गई।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन के दौरान तीर्थयात्रियों और आगंतुकों की भारी संख्या को देखते हुए सार्वजनिक आश्रय स्थलों की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। परंपरागत रूप से तीर्थयात्री और साधु-संत खुले स्थानों या परिसंचरण क्षेत्रों में समय बिताते हैं, जिससे सर्द मौसम में उनके लिए कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने 25,000 बेड की कुल क्षमता वाले सार्वजनिक आश्रय स्थलों की व्यवस्था की है। इन आश्रय स्थलों का उद्देश्य तीर्थयात्रियों को न केवल आरामदायक और सुरक्षित ठहराव प्रदान करना है, बल्कि उनकी यात्रा को सुलभ और सुविधाजनक भी बनाना है।

महाकुंभ के लिए तैयार किए गए सार्वजनिक आश्रय स्थलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इनमें प्रत्येक आश्रय स्थल पर 250 बेड की क्षमता होगी। बेड के साथ गद्दे, तकिए और साफ चादरें उपलब्ध कराई जाएंगी। पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था की गई है। इन आश्रय स्थलों में नियमित सफाई, जिसमें चादरों का परिवर्तन शामिल है, सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, स्वच्छ पेयजल और चौबीस घंटे (24×7) सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। इन सुविधाओं का उपयोग श्रद्धालु नाममात्र शुल्क पर कर सकेंगे, जिससे महाकुंभ में सभी वर्गों के लोगों को ठहरने का विकल्प मिलेगा।

सार्वजनिक आश्रय स्थलों के उपयोग के लिए शुल्क की व्यवस्था सरल और सुलभ रखी गई है। सामान्य दिनों में, श्रद्धालुओं को पहले दिन के लिए 100 रुपये और दो दिन रुकने पर पहले दिन 100 रुपये और दूसरे दिन 200 रुपये का भुगतान करना होगा। मुख्य स्नान पर्व और उसके आसपास के दिनों में, यह शुल्क पहले दिन के लिए 200 रुपये और दो दिन के ठहराव के लिए पहले दिन 200 रुपये और दूसरे दिन 400 रुपये होगा। श्रद्धालु नकद या डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें टिकट जारी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह पहल विशेष रूप से उन तीर्थयात्रियों के लिए है, जो होटल, गेस्ट हाउस या निजी शिविर का खर्च नहीं उठा सकते। इन सार्वजनिक आश्रय स्थलों से न केवल उनकी यात्रा किफायती बनेगी, बल्कि वे सर्द मौसम में आराम और सुरक्षा का अनुभव भी कर सकेंगे।

### सीएम ने कंप्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र का किया उद्घाटन

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत प्रयागराज मेला क्षेत्र में कंप्यूटरीकृत खोया-पाया केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीकों से लैस होगा, जिससे श्रद्धालुओं की गुमशुदगी संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। इस पहल से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और संगठित अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता %नंदी% जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रयागराज के महापौर समेत, मेला अधिकारी विजय किरण आनंद एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# भारतीय मंदिरों और पुराणों की महिमा तथा कारीगरी को दर्शा रहा शिवालय पार्क

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवालय पार्क का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज नगर निगम द्वारा नैनी के अरैल में बनवाए जा रहे शिवालय पार्क का निरीक्षण किया। पार्क का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। शिवालय पार्क महादेव को समर्पित एक भव्य स्थल है, जो भारतीय मंदिरों और पुराणों की महिमा तथा कारीगरी को दर्शाता है। 11 एकड़ के क्षेत्र में फैला यह पार्क विविधताओं से भरपूर है, जिसमें कला, प्रकृति और मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। महाकुम्भ की शोभा को बढ़ाने हेतु निर्माणाधीन इस पार्क का निर्माण 14 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

शिवालय पार्क को भारत के मानचित्र के आकार में डिज़ाइन किया गया है, जिसमें सभी प्रमुख मंदिर उनके मूल स्थानों पर ही बनाए गए हैं, ताकि आगन्तुक तीर्थ यात्रा का अनुभव कर सकें। पार्क में तुलसी वन और संजीवनी वन भी बनाया गया है। बच्चों के लिए अलग जोन बनाया जा रहा है। इसके अलावा पार्क के अंदर फूड कोर्ट और रेस्त्रां भी बनाया जा रहा है । शिवालय थीम पार्क को तैयार कराने में सबसे खास बात है कि इसमें अधिकतर वेस्ट मटीरियल का प्रयोग किया जा रहा है। इसके निर्माण कार्य में जुटी कंपनी जेड टेक इंडिया लिमिटेड के पास ही तीन साल तक इसके रख रखाव की जिम्मेदारी रहेगी।

### इन मंदिरों का प्रतिरूप करवाया जा रहा है तैयार

सोमनाथ मंदिर (गिर सोमनाथ, गुजरात)

मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर (श्रीशैलम, आंध्र प्रदेश)

महाकालेश्वर मंदिर (उज्जैन, मध्य प्रदेश)

ओकारेश्वर मंदिर (खंडवा, मध्य प्रदेश)

बैद्यनाथ मंदिर (देवघर, झारखंड)

भीमाशंकर मंदिर (भीमाशंकर, महाराष्ट्र)

रामनाथस्वामी मंदिर (रामेश्वरम, तमिलनाडु)

नागेश्वर मंदिर (द्वारका, गुजरात)

काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी, उत्तर प्रदेश)

त्र्यंबकेश्वर मंदिर। नासिक, महाराष्ट्र

केदारनाथ मंदिर (रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड

घृष्णेश्वर मंदिर (औरंगाबाद, महाराष्ट्र)

### महत्वपूर्ण शिव मंदिर

बैजनाथ मंदिर - बैजनाथ, हिमाचल प्रदेश


पशुपतिनाथ मंदिर - काठमांडू, नेपाल

लिंगराज मंदिर - भुवनेश्वर, ओडिशा

वीरभद्र मंदिर - लेपाक्षी, आंध्र प्रदेश

शोर मंदिर - महाबलीपुरम, तमिलनाडु

# सिर पर ईंट और डंडे से वार कर मजदूर की हत्या



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में मलाक बलऊ में आटा मिल के पीछे रविवार की सुबह रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान मलाक बलऊ निवासी 55 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई। सिर पर ईट और डंडे से वार कर हत्या की बात सामने आई है। मृतक के परिजनों ने गांव के तीन लोगों पर रंजिश को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर तफ्तीश कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलाक बलऊ निवासी राकेश कुमार मजदूरी करता था। रोजाना की तरह शनिवार को भी राकेश मजदूरी करने गया था, लेकिन पूरी रात घर नहीं लौटा। अगले दिन रविवार की सुबह गांव की आटा मिल के पीछे रक्तरंजित शव मिलने की जानकारी हुई। परिजन बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। एसीपी सोरांव डॉ जंग बहादुर यादव व थाना प्रभारी अनिल मिश्रा भी पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भतीजे अंकित कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि लगभग दो महीने पहले गांव के ही प्रताप, शुभम व राजेंद्र प्रसाद से झगड़ा हुआ था। तभी से तीनों आरोपी आएदिन कहासुनी कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। थाना प्रभारी अनिल मिश्रा ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर विविध कार्रवाई की जाएगी।